www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...


राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 12 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -337 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची की जाए ... 02

■ राजधानी की पार्किंग व्यवस्था होगी सुदृढ़ : शैली
■ अव्यवस्थित सीवरेज व्यवस्था के लिए केजरीवाल ... 03

■ शहबाज कैबिनेट में 19 मंत्रियों ने ली शपथ
■ पूर्वी तंजानिया में ट्रक-बस की टक्कर में नौ लोगों... 07

बदलते मौसम में संक्रामक बीमारियों से ... 10

**रमजान मुबारक**

12 मार्च - 1

खत्म सहरी : 5.21
रोजा इफ्तार : 6.29



## सार संक्षेप

### संदेशखाली मामले में बंगाल सरकार की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर कथित हमले से संबंधित मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर राज्य सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

### चुरु से भाजपा सांसद कासवान कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** राजस्थान की चुरु संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर दो बार लोकसभा पहुंचने में सफल रहे सांसद राहुल कासवान ने सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, पार्टी के राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मौजूदगी में श्री कासवान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव की हुई शुरुआत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को विश्व के सबसे बड़े साहित्योत्सव की शुरुआत की गयी, जिसमें 175 से अधिक भाषाओं के 1100 से ज्यादा लेखक और विद्वान हिस्सा लेंगे। केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने सप्ताह भर तक चलने वाले इस साहित्योत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि साहित्य लेखन एक अलग ही कला है और साहित्यकार एक साधक होता है।

### शरजील इमाम की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूएपीए और देशद्रोह मामले में वैधानिक जमानत देने से इनकार करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ शरजील इमाम की याचिका पर सोमवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। शरजील इमाम सीएए के खिलाफ कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुख्य आरोपी है।

### हिमाचल में फिर बिगड़ा मौसम, कई हिस्सों में हिमपात

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले कई हिस्सों में मौसम फिर बिगड़ गया है। लाहौल-स्पीति जिले के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में सोमवार सुबह को हिमपात हुआ है।

---

### चुनावी बॉन्ड मामलें में सुप्रीम कोर्ट की एसबीआई को खरी-खरी

# एसबीआई को आज सौंपने होंगे दस्तावेज

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। चुनावी बॉन्ड मामले पर सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई को राहत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एसबीआई आज शाम तक ही जानकारी दे और 15 मार्च तक चुनाव आयोग उस जानकारी को सार्वजनिक करे। एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। एसबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे पेश हुए। साल्वे ने कोर्ट को बताया कि सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद एसबीआई ने नए इलेक्टोरल बॉन्ड्स जारी करने पर रोक लगा दी है, लेकिन समस्या ये है कि जो इलेक्टोरल बॉन्ड जारी हुए हैं उस पूरी प्रक्रिया को पलटना होगा और इसमें समय लगेगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से इनकार कर दिया और कल तक ही जानकारी देने का आदेश दिया।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आप कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्कलोजर मांगा था। मामले पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सदस्य जस्टिस संजीव खन्ना ने एसबीआई के वकील हरीश साल्वे से कहा कि 'आपने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो ऐसे में आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी देनी है।'

**चुनावी बॉन्ड की जानकारी मुहैया कराने के लिए एसबीआई ने मांगे थे तीन महीने**






- 15 तक चुनाव आयोग जानकारी को करे सार्वजनिक
- कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से किया इनकार

> आपने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी जानकारी एक सील कवर लिफाफे में रखी गई है तो ऐसे में आपको सिर्फ सील कवर खोलकर जानकारी देनी है : **जस्टिस संजीव खन्ना**

### इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर लगा दी थी रोक

बीती 15 फरवरी को पांच जजों की संविधान पीठ ने केंद्र की इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक बताते हुए इस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के एकमात्र फाइनेंशियल संस्थान एसबीआई बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक हुई इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीद की पूरी जानकारी 6 मार्च तक देने का आदेश दिया था।

### बीते 26 दिनों में आपने क्या किया

सीजेआई ने एसबीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि %हमने 15 फरवरी को आदेश दिया था और आज 11 मार्च है। ऐसे में बीते 26 दिनों में आपने क्या किया? यह बताया जाना चाहिए कि यह काम हुआ है और अब हमें और समय चाहिए। हम एसबीआई से स्पष्टवादिता की उम्मीद करते हैं।' इस पर एसबीआई के वकील हरीश साल्वे ने कहा कि अगर आप मैचिंग नहीं चाहते हैं तो हम तीन हफ्ते में पूरी जानकारी दे सकते हैं। हालांकि कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की याचिका खारिज कर दी। साथ ही कहा कि 'आदेश के पालन के लिए एसबीआई चेयरमैन और एमडी हलफनामा दायर करें। हम इस बार एसबीआई के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, लेकिन हम एसबीआई के नोटिस में ये बात लाना चाहते हैं कि कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन करने और तय समय में निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए बैंक के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।'

### 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी

*सुप्रीम कोर्ट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें एसबीआई बैंक ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी साझा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट आज ही एनजीओ एडीआर की याचिका पर भी सुनवाई की, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई थी। एडीआर की याचिका में आरोप लगाया गया कि एसबीआई ने जानबूझकर सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन किया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि एसबीआई 6 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड्स की जानकारी चुनाव आयोग को दे और चुनाव आयोग 13 मार्च तक उस जानकारी को सार्वजनिक करे।*

---

### सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई के लिए याचिका

## नए कानून के तहत न हो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति




**कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से लगाई गई याचिका**

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग में रिक्त पड़े चुनाव आयुक्त दो पदों को भरने के लिए जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बैठक होने वाली है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर एक याचिका दाखिल की गई है। इसमें मांग की गई है कि केंद्र सरकार नए कानून चुनाव आयुक्त (सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 2023 के तहत चुनाव आयुक्त की नियुक्ति न होने दे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने की बात कही है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, 'आप हमें एक ईमेल भेजिए। हम देखेंगे। कांग्रेस नेता जया ठाकुर की तरफ से यह याचिका अरुण गोयल के चुनाव आयुक्त पद से अचानक इस्तीफा देने के बाद डाली गई है। चुनाव आयोग में फिलहाल आयुक्तों के तीन पदों में से दो पद खाली हैं। सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही निर्वाचन आयोग में इकलौती सदस्य रह गए हैं। इससे पहले अनूप पांडे फरवरी में चुनाव आयुक्त पद से रिटायर हुए। जया ठाकुर ने अपने आवेदन में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में उनकी याचिका लंबित है। इस पर 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नोटिस जारी किया गया था। इसी दौरान चुनाव आयोग के एक सदस्य अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता ने कहा कि कोर्ट को नियुक्ति को लेकर साफ दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत है।

---

### खड़गे का प्रधानमंत्री मोदी पर हमला, बोले

## संविधान खत्म करने की हो रही कोशिश



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा अगले 3-4 दिनों में हो जाएगी। इस बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला करते हुए संविधान को खत्म करने का आरोप मढ़ा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बडा आरोप लगाया। उन्होंने कहाकि संविधान को खत्म करने की कोशिश हो रही है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि संविधान सुरक्षित है,दूसरी ओर उन्के सांसद कहते हैं कि हम संविधान को बदलेंगे। खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा से सामाजिक न्याय और धर्म निरपेक्षता के खिलाफ है। 400 सीटों की बात मोदी जी संविधान बदलने के लिए कह रहे हैं। संघ और उसके प्रमुख मोहन भागवत तो देश से आरक्षण और संविधान को खत्म करने में लगे हैं। वह हमेशा से संविधान को बदलने की बात करते हैं। उन्होंने कहाकि अगर प्रधानमंत्री इस सबके खिलाफ हैं तो चुप बैठने के बजाय ऐसे नेताओं को पार्टी बाहर निकालने का साहस दिखाना चाहिए। लेकिन वे खुद अपने नेताओ से बोलवाते हैं कि संविधान बदलने के लिए दो-तिहाई बहुमत दीजिए। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री आजकल हिंदी छोड क्षेत्रीय भाषाओं में बोलकर लोगों को बेवकूफ बना रहे है। उन्होंने दावा किया कि आज भी संघ केवल भगवा का ही सम्मान करता है।

### भाजपा सांसद के बयान पर मोदी की चुप्पी खतरनाक : राहुल

***नई दिल्ली।*** *कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद के संविधान बदलने संबंधी बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विचार बहुत खतरनाक है तथा इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी और भी खतरनाक है। श्री गांधी ने सोमवार को कहा, भाजपा सांसद के 'संविधान बदलने' वाले बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी खतरनाक है। अब चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है।*

---

### केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

## देश में नागरिकता संशोधन कानून लागू




- तीन देशों के छह प्रवासी समुदायों को मिलेगी नागरिकता

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव की तारीखो के ऐलान से ठीक पहले केंद्र सरकार ने आज 11 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून सीएए की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही अब देश में गैर मुस्लिम शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मालूम हो कि सीएए को संसद से पारित हुए तकरीबन पांच साल हो चुके हैं। अब जाकर मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक इसे लागू कर दिया है। इसके बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक भारत में नागरिकता प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने सीएए को लेकर ऑनलाइन पोर्टल पहले ही तैयार कर लिया है। अब भारत की नागरिकता लेने के लिए शरणार्थी आवेदन कर सकते हैं। सीएए कानून में प्रावधान है कि इसके लागू होने के बाद पड़ोसी देशों मसलन पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसम्बर 2014 से पहले भारत आए अल्पसंख्यक भारतीय नागरिकता के पात्र होंगे। हालांकि अल्पसंख्यकों में मुस्लिम समुदाय को शामिल नहीं किया गया है। इसमें हिंदू धर्म के अलावा जैन, सिख, ईसाई,बौद्ध और पारसी शामिल हैं।

### कांग्रेस ने कसा सरकार पर तंज

सीएए लागू होने के बाद कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा, 'दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को अधिसूचित करने में मोदी सरकार को चार साल और तीन महीने लग गए। प्रधानमंत्री दावा करते हैं कि उनकी सरकार बिल्कुल प्रोफेशनल ढंग से और समयबद्ध तरीके से काम करती है।

### मोदी सरकार ने पूरी की अपनी गारंटीः भाजपा

*केंद्र सरकार द्वारा देश में नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा ने कहा है कि इसे लागू कर मोदी सरकार ने अपनी गारंटी पूरी कर दी है और जो कहा सो किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ एक पोस्टर शेयर करते हुए भाजपा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, जो कहा सो किया।*

---


## अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

- उच्च क्षमता वाले सेंसर पैकेजों से सुसज्जित
- मोदी और राजनाथ ने दी बधाई




**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सोमवार को देश में ही विकसित अग्नि-5 मिसाइल, मिशन दिव्यास्त्र का पहला सफल परीक्षण किया।

इसके साथ ही भारत 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल' (एमआईआरवी) तकनीक पर आधारित मिसाइल विकसित करने वाले दुनिया के चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है। इस मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह एक साथ अनेक स्थानों पर मुखास्त्र का इस्तेमाल कर सकती है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस परियोजना में नारी शक्ति की बड़ी भूमिका है क्योंकि इसकी निदेशक एक महिला वैज्ञानिक है। यह प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च क्षमता वाले सटीक सेंसर पैकेजों से सुसज्जित है। यह क्षमता भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति का प्रतीक है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अग्नि - 5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिकों पर गर्व है। श्री सिंह ने भी कहा कि देश को इस असाधारण उपलब्धि के लिए वैज्ञानिकों पर गर्व है। यह भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है।



पवित्र रमजान माह की पूर्व संध्या पर रोशनी से नहाई जामा मस्जिद । छाया : इम्तियाज खान

## गाजीपुर में बस में आग लगने से पांच की मौत



**बस पर गिरा था बिजली का तार**

**गाजीपुर,** 11 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आने से बस में लगी आग से कम से कम 5 यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक आश्रितों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को अस्पताल पहुंचने और घायलों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख की अनुग्रह राशि व घायलों को 50 हजार की सहायता देने की घोषणा की।

---

**बैठक** | *मुख्य चुनाव आयुक्त ने पर्यवेक्षकों को दिए निर्देश*

## स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय मुक्त चुनाव सुनिश्चित करें अधिकारी

**नई दिल्ली। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को अपने पर्यवेक्षकों से जोर-जबरदस्ती और भय से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने को कहा। आयोग ने केंद्रीय और राज्य बलों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर जोर दिया और कहा कि उनकी तैनाती किसी खास दल को फायदा नहीं पहुंचाएगी। लोकसभा और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के एलान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित किया।**

बैठक में 2,100 से ज्यादा पुलिस अधिकारी और व्यय पर्यवेक्षक मौजूद थे। कुमार ने उन्हें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि चुनाव भय और प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए। सीईसी ने उन्हें याद दिलाया कि वे एक पर्यवेक्षक के रूप में आयोग का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनसे पेशवर आचरण करने और उम्मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए सुलभ होने की उम्मीद की जाती है।



- शिकायतों को गंभीरता से लेगा आयोग

### विनम्र रहने का निर्देश दिया

आयोग ने एक बयान में कहा कि पर्यवेक्षकों को अपने काम के प्रति आचरण में सख्त लेकिन लोगों के साथ विनम्र रहने का निर्देश दिया गया। पर्यवेक्षकों को पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान आवंटित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं के भीतर सीमित रहने के लिए भी कहा गया। इसमें कहा गया है कि उनके वाहनों में जीपीएस ट्रैकर लगाने का प्रस्ताव दिया गया।

उनसे कहा गया कि वे अपने फोन और ईमेल पर हमेशा उपलब्ध रहें और उम्मीदवारों, दलों, मतदाताओं और मतदान कर्मियों की कॉल का जवाब दें। इसमें कहा गया है कि इस संबंध में किसी भी शिकायत को आयोग द्वारा गंभीरता से लिया जाएगा। बयान में कहा गया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षकों को अपनी आरामदायक स्थिति (कंफर्ट जोन) से बाहर आने की जरूरत है। बैठक के दौरान अधिकारियों, वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त, उप चुनाव आयुक्तों और अन्य लोगों को चुनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पर्यवेक्षकों को एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है।

# देश

उवाच



"जम्मू-कश्मीर में अधिकारी गहरी नींद में हैं और उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है कि बाहरी जेलों में बंद किसी को रिहा किया गया है और उसे वापस यहां लाया जा सकता है। पत्रकार भी खुलकर अपनी बात नहीं रख पा रहे हैं।

-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 16.0 |
| मुंबई | 30.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 26.0 |

# चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची की जाए सार्वजनिक : अखिलेश यादव

## इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर शीर्ष अदालत के फैसले का किया स्वागत

**लखनऊ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। शीर्ष अदालत ने इलेक्शन बॉन्ड को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को फटकार लगाई है और खरीदारों की सूची मंगलवार को सौंपने का आदेश दिया है। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जवाब दिया है कि बॉन्ड खरीदने वालों की सूची जनता को पता चल पाएगी या नहीं ये बड़ा सवाल है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि हमें तो कम चंदा मिला... ज्यादा मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक चंदा भाजपा को मिला और भाजपा को पता है कि किन लोगों ने बॉन्ड खरीदे अब जनता को पता चलना चाहिए। अखिलेश यादव सोमवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे।



सर्वाधिक चंदा भाजपा को मिला व उसे पता है किन लोगों ने बॉन्ड खरीदे अब जनता को पता चलना चाहिए : अखिलेश यादव

### भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा किया है

लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा किया है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार रही तो बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का बनाया हुआ संविधान खत्म कर देगी। लोगों का हक और सम्मान छीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। उसके बाद उन्हीं उद्योगपतियों को फिर से कर्ज दे दिया लेकिन सरकार ने किसानों को उनकी फसलों पर एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। भाजपा सरकार किसान विरोधी है। यादव ने कहा कि भाजपा पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों का हक छीन रही है।

भाजपा केवल वोट लेती है, लेकिन पीडीए को उनका अधिकार नहीं देती है। यूपी में विश्वविद्यालयों में जो चांसलर नियुक्त किए गए है, उसमें से कितने पीडीए हैं। वाइस चांसलरों ने जो भर्तियां की है, उसमें कितने पीडीए है। जिलों के अधिकारियों की पोस्टिंग में कितने पीडीए है। भाजपा ने लाखों प्रतियोगी छात्रों के भविश्य के साथ खिलवाड़ किया है। दिखावा करने के लिए भर्ती निकाली थी। भाजपा की नीयत युवाओं को नौकरी रोजगार देने की नहीं थी। सरकार ने जान-बूझकर पेपर लीक कराया, जिससे नौकरी न देनी पड़े। वहीं उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव के लिए सपा के तीन प्रत्याशियों ने सोमवार को विधान भवन में नामांकन दाखिल कर दिया। सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन था।

### भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने का है। लोकसभा चुनाव में एक तरफ जनता है और दूसरी तरफ कुछ भाजपाई हैं। उन्होंने भाजपा के नारे अबकी बार 400 पार पर कहा कि आप लोग ठीक तरह से सुनते नहीं हैं। वो कहते हैं कि अबकी बार 400 पर हार है। अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि सपा ने सबसे पहले गठबंधन किया। सबसे पहले प्रत्याशियों की सूची जारी की है। सबसे पहले प्रचार अभियान शुरू किया है और अब जीत की सूचना भी सबसे पहले सपा प्रत्याशियों की ही आएगी।

# अमित शाह का तेलंगाना दौरा आज



**हैदराबाद,** 11 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को तेलंगाना के दौरे पर आएंगे। तेलंगाना भाजपा महासचिव गुज्जुला प्रेमेंदर रेड्डी ने यह घोषणा की। एक बयान में रेड्डी ने कहा कि यात्रा कार्यक्रम के अनुसार शाह पूर्वाहन 11:00 बजे भाग्यलक्ष्मी मंदिर जाएंगे और देवी मां की पूजा करेंगे। इसके बाद वह अपराहन 12:30 बजे इंपीरियल गार्डन, सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वारियर्स के साथ बैठक करेंगे। शाह दोपहर दो बजे एल.बी.स्टेडियम में आयोजित होने वाली विजय संकल्प सभा में भाग लेंगे।

केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संसदीय बोर्ड के सदस्य, सांसद के लक्ष्मण, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिव तेलंगाना राज्य प्रभारी तरुण चुघ, सुनील बंसल, भाजपा राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य एपी जितेंद्र रेड्डी, एटाला राजेंदर, भाजपा विधायक दल के नेता इलेटी महेश्वर रेड्डी, एवीएन रेड्डी, भाजपा के राज्य पदाधिकारियों और अन्य इस मौके पर मौजूद रहेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव कराने को पुलिस प्रतिबद्ध : स्वैन

**पुलवामा,** 11 मार्च (एजेंसियां)। जम्म-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर आर स्वैन ने सोमवार को कहा कि जब भी लोकसभा चुनावों की घोषणा की जाएगी, पुलिस बल केंद्रशासित प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सुनिश्चत करने और मतदाताओं को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पुलिस महानिदेशक ने पुलवामा के दक्षिणी जिले रोहमू में पुलिस चौकी का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि केन्द्रशासित प्रदेश में पुलिस बल आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। स्वैन ने एक सवाल के जवाब में कहा हम जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव सुनिश्चित करेंगे। हम उत्साही मतदाताओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराएंगे। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव की तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा सहित बूथों में सभी सुविधाएं मुहैया कराने की कोशिश की जाएगी। 85 से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वालों को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा मिलेगी। इन सारे प्रयासों के पीछे मकसद यह है कि सभी मताधिकार का प्रयोग निष्पक्ष, निर्भीक होकर करें। लोस चुनाव में 86.39 लाख मतदाता वोट डालेंगे।



- मतदाताओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने का किया दावा
- पुलवामा के रोहमू में पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

### एक-दूसरे से मजबूती से जुड़े हुए हैं नार्को आतंकवाद

जम्म-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने मादक पदार्थों के कारोबार और आतंकवाद के बीच संबंधों के बारे में एक अन्य सवाल को जवाब देते हुए कहा कि पहले उन्हें संदेह था कि क्या इन दोनों का वास्तव में एक दूसरे से संबंध है, लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, ठोस सबूत सामने आए कि मादक पदार्थों के कारोबार और आतंकवाद न केवल संबंधित हैं बल्कि एक-दूसरे से मजबूती से जुड़े हुए हैं। इसके पीछे अल-बद्र, जैश-ए-मुहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों का हाथ है। जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रमुख ने कहा कि कश्मीर से दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों तक नशीले पदार्थों की 15 लाख रुपए की खेप एक करोड़ रुपए तक पहुंचती है।

## सार संक्षेप

### तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर सीबीआई का छापा

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को उत्तर 24 परगना के बोंगांव में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या के घर पर तलाशी अभियान शुरू किया। सीबीआई केंद्रीय फोरेंसिक विभाग के अधिकारियों के साथ ईडी अधिकारियों पर गज पांच जनवरी को हुए हमले की फिर से जांच कर रही है। बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या गिरफ्तार पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के करीबी हैं।

### राज्यों का विकास रोक रही केंद्र सरकार : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि केंद्र सरकार फंड छीनकर राज्यों का विकास रोकने का प्रयास कर रही है। केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए स्टालिन ने कहा कि भाजपा राज्य, संस्कृति और परंपरा को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। 560 करोड़ की 75 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद धर्मपुरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। इसके अलावा उन्होंने धर्मपुरी और कृष्णागिरि जिले में 8,736 करोड़ रुपए की सहायता राशि लाभार्थियों को वितरीत किए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तमिलनाडु के दौरे को चुनावी नौटंकी बताया और यह भी कहा कि उस वक्त प्रधानमंत्री नहीं दिखे, जब दिसंबर 2023 में पूरा राज्य बाढ़ से जूझ रहा था।

### सारण में बस के पलटने से 60 बच्चे घायल

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को स्कूल बस के पलट जाने से 60 बच्चे घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो कान्वेंट स्कूल की बस बच्चों को लेकर डटरा पुरसौली गांव के एक संकरे मार्ग से गुजर रही थी। इस दौरान चालकों ने बस से अपना संतुलन खो दिया, जिसके कारण दोनो बस गेंहू के खेत में जा गिरी। इस घटना को देख रहे स्थानीय ग्रामीणों ने बस का शीशा तोड़कर स्कूली बच्चों को बाहर निकाला। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना में घायल 60 बच्चों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त किए नशीले पदार्थ

**पुडुकोट्टई।** तमिलनाडु में तिरुचिरापल्ली शहर के सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय केंद्रीय गुप्तचर संस्था ने 100 किग्रा हशीश व 876 किग्रा गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 111.05 करोड़ आंकी गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जानकारी मिलते ही सीआईयू की टीम ने संदिग्ध जगह पर छापेमारी की।

# भाजपा के प्रदीप व झामुमो के सरफराज का राज्यसभा जाना तय

**रांची,** 11 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को यहां नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम समय समाप्त होने तक तक केवल दो उम्मीदवारों भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप वर्मा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। इन दोनों उम्मीदवारों ने आज अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये है। इन दो सीटों के चुनाव के लिए 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 14 मार्च निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच और नामांकन पत्र वापसी का समय समाप्त होने के बाद भाजपा के प्रदीप वर्मा और झामुमो के सरफराज अहमद को राज्यसभा की दो सीटों के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाएगा। इंडिया गठबंधन में झामुमो से सरफराज अहमद को उम्मीदवार बनाया गया। कांग्रेस कोटे की सीट झामुमो के खाते में गई। भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस से धीरज साहू के 3 मई को रिटायर होने के कारण रिक्त होने वाले इन दो सीटों के लिए चुनाव कराया गया।



# ऊर्जा व प्रेरणा देने वाली नगरी है अयोध्या : ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रामलला के दरबार में टेका माथा

**लखनऊ/अयोध्या,** 11 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को अपने परिवार के साथ यहां श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला सरकार का दर्शन-पूजन किया। बिरला ने दर्शन-पूजन करने के बाद श्रीरामजन्मभूमि पर मंदिर की भव्यता का अवलोकन भी किया। लोकसभा अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला है। अयोध्या ऊर्जा देने वाली, प्रेरणा देने वाली नगरी है। भगवान राम का जीवन उनके आदर्श आज हमें लोकतंत्र में उन आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया है। सभी को भगवान राम का अनुसरण करना चाहिए। इस दौरान श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी उनके साथ थे। वह दशरथ कुंज पंचकोसी मार्ग के समीप अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के तत्वावधान में आयोजित सरस्वती देवी, शिव किशन दम्मानी भवन के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां सौ करोड़ से बनने वाली माहेश्वरी समाज के धर्मशाला की नींव रखी, जिसमें तीन सौ कमरे बनेंगे। श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती ने लोकसभा अध्यक्ष का कुशल क्षेम जाना। उन्होंने अंगवस्त्र ओढ़ा करके श्रीरामलला का चित्रपट लोकसभा अध्यक्ष को भेंट किया। इस अवसर पर दास ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं। उनका व्यक्तित्व बड़ा ही उदार है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में उत्साह है। राम इस राष्ट्र के आस्था हैं, आत्मा भी हैं और राजा भी हैं। सतीश महाना ने भी पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूरे देश व प्रदेशों से भगवान रामलला का दर्शन करने के लिये वे पहुंच रहे हैं जिससे पूरा देश राममय हो गया है। मेरे मन में उत्साह है कि मैं सरयू आरती में भी शामिल हो सकूं। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर पर विराजमान रामलला का दर्शन करने के बाद भव्य मंदिर का भी अवलोकन किया। मैं धन्य हो गया हूं। आज रामलला का दर्शन कर लिया है। पूरे देश में राममय का माहौल है। लोग आ करके अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य बन रहे मंदिर निर्माण में विराजमान रामलला का दर्शन कर रहे हैं।



श्रीराम ने पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया : ओम बिरला

### भगवान राम का जीवन एक आदर्श जीवन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत की सांस्कृतिक चेतना का जागरण हुआ। यह कालखंड हमारे लिए सौभाग्यशाली है। सदियों तक जिसका इंतजार करते रहे वह मंदिर आज बनकर तैयार है। भगवान राम का जीवन एक आदर्श जीवन है। इस कालखंड में नए भारत का उदय दुनिया देखेगी। एक आदर्श राज्य चलाने के लिए भगवान राम से शक्ति मांगने अयोध्या आए हैं। राममंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने कहा कि भारत केवल आध्यात्मिक देश नहीं है, इस भूमि के कण-कण में दिव्य तत्व भरा हुआ है।

# झुग्गियों में मुफ्त पानी पहुंचा रहे, लेकिन भाजपा कर रही है राजनीति : शिवकुमार

**बंगलूरू,** 11 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू जल संकट के दौर से गुजर रही है। पानी के संकट पर बोलते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि हम झुग्गियों में मुफ्त पानी उपलब्ध करा रहे हैं। भाजपा इसमें राजनीति कर रही है और हमें भाजपा के आरोपों की कोई चिंता नहीं है। भाजपा जानबूझकर राजनीति कर रही है। यह राजनीति है, जो भाजपा खेल रही है।

हम तमिलनाडु को कोई पानी नहीं दे रहे हैं और हमने जारी नहीं किया है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को भी तरस रहे हैं। हालात यहां तक आ गए हैं कि कर्नाटक जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने कई कामों में पेयजल के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। जिसके बाद से ही भाजपा खासा आक्रामक दिखाई दे रही है। वहीं भाजपा के आरोप पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। जल संकट का एक कारण पिछले साल कम बारिश होना है। भारतीय मौसम विभाग ने कम बारिश के लिए अल नीनो असर को जिम्मेदार ठहराया है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से कावेरी नदी का जल स्तर गिर गया है। इस कमी का असर सिर्फ पीने के पानी पर ही नहीं पड़ता बल्कि सिंचाई पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा, हाल के महीनों में बारिश की कमी के कारण बंगलुरु में बोरवेल सूख रहे हैं। कर्नाटक समेत दक्षिणी भारत के राज्यों में फरवरी में बिलकुल भी बारिश नहीं हुई। इस बढ़ते तापमान के कारण बंगलूरू के लोगों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।



- बंगलूरू के जल संकट पर बोले उपमुख्यमंत्री

### हमने कई कठोर कदम उठाए हैं

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि 16,000 बोरवेल में से 7,000 बोरवेल ने काम करना बंद कर दिया है। हम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। बीडब्ल्यूएसएसबी, बीबीएमपी और नोडल अधिकारी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। एक बोर्ड होगा, यह देखने के लिए कि वैध जल प्रदाता टैंकर और अवैध प्रदाता कौन हैं, जो अधिक शुल्क ले रहे हैं।

# छिंदवाड़ा किसी हालत में नहीं छोड़ूंगा : कमलनाथ

**छिंदवाड़ा,**11 मार्च (एजेंसियां) मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि वे छिंदवाड़ा को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। कमलनाथ के जबलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने संबंधी कथित खबरों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसा कोई प्लान नहीं है। वे किसी भी हालत में छिंदवाड़ा को नहीं छोड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने संबंधी सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि यह उनकी मर्जी है।



एक अन्य सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि सागर जिले के खुरई से पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे ने तो पहले ही कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से श्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ सांसद हैं। इसके पहले कमलनाथ इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे थे।

# महाभारत से कम नहीं आगामी लोकसभा चुनाव : नकवी



**बेहरामपुर,** 11 मार्च (एजेंसियां) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को यहां कहा कि 2024 का चुनाव कौरवों और पांडवों के बीच महाभारत से कम नहीं है, जहां सत्य से असत्य और धर्म से अधर्म का मुकाबला है। नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा, समृद्धि, सशक्तीकरण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की रक्षा के पांडव संस्कार के नायक हैं, जो संकटों, कंटकों को परास्त कर भारत की धाक-धमक, धर्म की रक्षा कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि एक जननायक की ताकत को अनेक खलनायकों की आफत अपहरण नहीं कर सकती। एक अकेला सब पे भारी है।

उन्होंने पश्चिम बंगाल के बेहरामपुर, मुर्शिदाबाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन, कोर कमेटी, चुनाव प्रबन्ध कमेटी की मीटिंग और बाद में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी की तपस्या की ताकत और परिश्रम के परिणाम से मजबूत हुए भारत की धाक-धमक को धूमिल करने की कौरवी धूर्ततापूर्ण धुन धूल-धूसरित हो रही है। नकवी ने कहा कि मोदी ने 'तुष्टीकरण के सियासी छल को सशक्तीकरण के समावेशी बल' से ध्वस्त कर समावेशी विकास-सर्वस्पर्शी सशक्तीकरण की प्राथमिकता से विकास और विश्वास का पुख्ता माहौल और वैश्विक स्तर पर भारत की आन बान शान में चार चांद लगाया है।

योजना — *401 किलोमीटर लंबे रेल खंड का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी*

# आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही को मिलेगी गति : भटनागर

**नई दिल्ली, 11 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्र की समर्पित किए जाने वाले 401 किलोमीटर लंबे न्यू खुजो जंक्शन से न्यू साहनेवाल रेल खंड ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। यह एक महत्वपूर्ण अंग है जो उत्तर भारत के प्रमुख कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्रों को निर्वाध कनेक्टिविटी प्रदान करता है।**

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का यह रेल खंड तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के 12 जिलों से होकर गुजरता है। सोमवार को इस बाबत जानकारी देते हुए डीएफसीसीआईएल के डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशन एंड बिजनेस डेवलपमेंट शोभित भटनागर ने बताया कि इस रेल खंड में चलने वाली मालगाड़ियां अधिकतम 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती हैं, जिसके कारण भारत के पूर्वी हिस्सों से इस क्षेत्र में स्थित बिजली संयंत्रों तक कोयला रेक की आवाजाही के लिए पारगमन समय 35 घंटे से घटकर 20 घंटे से कम हो जाएगा। इससे कोयले को रखने के लिए इन्वेंट्री लागत 20-30 प्रतिशत तक कम करने और भारत की बिजली सुरक्षा को सदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।

साथ ही, इस क्षेत्र से ई डी एफ सी के माध्यम से भारत के पूर्वी हिस्सों में खाद्यान्न और उर्वरकों के साथ-साथ अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही को भी गति मिलेगी। भटनागर ने बताया कि प्रधान मंत्री इसके अलावा 244 किलोमीटर लंबे न्यू मकरपुरा जंक्शन से न्यू घोलवड रेल खंड को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे जो पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह रेल खंड गुजरात के पांच जिलों वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी और वलसाड को जोड़ेगा। पश्चिमी कॉरिडोर के इस रेल खंड में मालगाड़ियां अधिकतम 100 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती हैं, जिससे भारत के पश्चिमी हिस्सों से अन्य क्षेत्रों तक कृषि और निर्मित वस्तुओं की आवाजाही के लिए पारगमन समय दोगुने से भी कम हो जाएगा। गुजरात की डेयरियों से आने वाले दूध, सब्जियां, फल और अन्य कृषि उत्पाद जैसे खराब होने वाले सामान रिकॉर्ड समय में बड़े बाजारों तक पहुंच सकते हैं।

इससे नुकसान की संभावना कम हो जाती है और हमारे किसानों और उद्यमियों को अच्छी आय मिलती है। इसके साथ ही, उत्तर के भूमि से घिरे राज्यों से भारत के पश्चिमी बंदरगाहों तक माल की आवाजाही में भी तेजी आएगी। आगे जानकारी देते हुए भटनागर ने बताया कि इस परियोजना के उद्देश्य लक्ष्य उन्नत तकनीक के साथ और अधिक ऊंची, लंबी, तीव्र और भारी मालगाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय ढांचा तैयार करना है। इससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और मोडल शिफ्ट के साथ सडक़ से रेलवे की ओर माल ढुलाई की हिस्सेदारी में वृद्धि होगी।



- तीन राज्यों के 12 जिलों से होकर गुजरता है डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

**उल्टा पुल्टा**

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# राजधानी की पार्किंग व्यवस्था होगी सुदृढ़ : शैली

## चर्च मिशन व निगम बोध घाट में ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय, नेता सदन मुकेश गोयल और विधायक प्रहलाद सिंह साहनी ने सोमवार को चांदनी चौक के चर्च मिशन रोड पर ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग जनता को समर्पित की। चर्च मिशन पार्किंग की क्षमता 196 कारों की है जिसमें से 119 कारों की पार्किंग चालू हो गई है। इस पार्किंग के बनने से चांदनी चौक के व्यस्त इलाकों में व्यापारियों, ग्राहकों और स्थानीय निवासियों और खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी और सड़कों पर आवागमन बेहतर होगा। इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली में पार्किंग एक बड़ी समस्या है। व्यापारी वर्ग लगातार यह मांग कर रहा है कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आसपास अधिक से अधिक पार्किंग बनाई जाए ताकि लोगों को बाजार आने पर गाड़ी पार्क करने में समस्या ना हो। हम जानते हैं कि बाजार में पार्किंग सुविधा ना होने पर दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित होता है। इसी बात को समझते हुए हम लगातार अधिक से अधिक पार्किंग सुविधा विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही हमने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चर्च मिशन पार्किंग को जल्द से जल्द शुरु कर दिया जाए ताकि व्यापारी वर्ग की समस्या को समाधान किया जा सके। कुछ दिनों पहले ही हमने 3 नई पार्किंग बनाने की भी घोषणा की है। इसमें शास्त्री पार्क, राजेंद्र नगर व दिल्ली के एक अन्य क्षेत्र में 700 से 900 गाड़ी की पार्किंग बनाना शामिल है। अब दिल्ली की जनता को पार्किंग की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि दिल्ली नगर निगम में सरकार बनने के बाद एमसीडी से संबंधित सभी कार्यों को बेहतर ढंग से किया जाएगा। इसी वादे को पूरा करते हुए हम प्राथमिक शिक्षा, साफ-सफाई, पार्क-उद्यान और प्राथमिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस कार्यक्रम के माध्यम से ही निगम बोध घाट में भी 95 कारों की मल्टी लेवल कार पार्किंग शुरू करने की घोषणा करते हैं।

इस पार्किंग परिसर से शुरू होने से निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। इस प्रकार आज चांदनी चौक विधानसभा में दो पार्किंग जनता को समर्पित की जा रही है। इसके अलावा चांदनी चौक में ही ओमैक्स कार पार्किंग को जल्द ही शुरु किया जाएगा। जब तक इसे औपचारिक रुप से शुरु नहीं किया जाता तब तक लोग वहां फ्री पार्किंग की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी ने कहा कि यह बेदह खुशी की बात है कि चांदनी चौक के बेहद भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पार्किंग सुविधा जनता को समर्पित की जा रही है। निगम बोध घाट पर पार्किंग की परेशानी रहती थी और अब वहां भी पार्किंग सुविधा शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में दिल्ली नगर निगम जनता को अधिकतम सुविधाएं प्रदान कर रहा है। नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि चांदनी चौक क्षेत्र व्यवसाय के लिहाज से बेहद अहम है। हालांकि भीड़भाड़ वाले क्षेत्र होने के चलते यहां पार्किंग की काफी परेशानी रहती थी।



पार्किंग के बनने से स्थानीय निवासियों व खरीदारों को मिलेगी बड़ी राहत : शैली ओबरॉय

### पार्किंग परियोजना पर आई 13.47 करोड़ की लागत

2800 वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित इस पार्किंग परियोजना पर कुल लागत 13.47 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसमें एक वर्ष का संचालन व रखरखाव खर्च भी शामिल है। स्वचालित मल्टीलेवल पार्किंग में कुल 196 कारों की पार्किंग की क्षमता है। इसमें 17-17 कारों की क्षमता वाले 11 मॉड्यूल और 09 कारों की क्षमता वाला एक मॉड्यूल है। इसमें कुल 4 लेवल हैं। प्रत्येक मॉड्यूल की ऊंचाई 8.70 मीटर है। यह पार्किंग पूरी तरह से ऑटोमेडेट है और इसमें कोई मैनुअल हस्तक्षेप नहीं है। क्योंकि ग्राउंड फ्लोर पर कार पार्क करने के बाद पार्किंग सुविधा पूरी तरह से स्वचालित है। प्रत्येक कार के लिए औसत पार्किंग समय 120 सेकंड है। पार्किंग परिसर में अग्निशमन उपाय भी किए गए हैं। आग बुझाने के उद्देश्य से पंप रूम के साथ 1.5 लाख लीटर क्षमता का भूमिगत पानी का टैंक बनाया गया है। चार आपात सीढ़ियां भी उपलब्ध कराई गई हैं। इस दौरान स्थानीय पार्षद पुनरदीप सिंह साहनी, विकास टोंक और क्षेत्रीय उपायुक्त मोहित बंसल समेत निगम के वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थित सीवरेज व्यवस्था के लिए केजरीवाल जिम्मेदार : सचदेवा

### भ्रष्टाचार व विकास में विफलता के लगाए आरोप

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार के मुश्किल से 9 महीने बचे हैं और उस पर भ्रष्टाचार और विकास में विफलता के आरोप बड़े पैमाने पर लग रहे हैं, ऐसा लगता है कि अरविंद केजरीवाल सरकार और उसके मंत्री हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं और अपनी राजनीतिक हार मानने के साथ ही मानसिक संतुलन भी खो चुके है। सचदेवा ने कहा है कि आतिशी स्वयं दिल्ली जल बोर्ड की मंत्री हैं और अपनी सरकार द्वारा नियुक्त सीईओ के माध्यम से उस पर मजबूत नियंत्रण रखती हैं और यह अजीब है कि वह दिल्ली के मुख्य सचिव को जल बोर्ड की विफलता का पत्र लिख रही हैं। दिल्ली की जनता भलीभांति जानती है कि मंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती मंत्री दिल्ली जल बोर्ड की कार्यप्रणाली की विफलता और इसे भ्रष्टाचार का केंद्र बनाने के लिए जिम्मेदार हैं। हम आतिशी से जानना चाहते है की उन्होंने ही जनता का के 7200 करोड़ रुपए दिल्ली जल बोर्ड में और डाले हैं जो पहले ही घोटालों में डूबा हुआ है। केजरीवाल शासन के पिछले 9 वर्षों में 78000 करोड़ रुपए गबन हुए है, खातों का कोई आडिट नहीं हुआ है और जब डीजेबी के प्रदर्शन को सुनिश्चित करने की बात आती है तो मंत्री आतिशी मुख्य सचिव सहित अधिकारियों पर दोष मढ़ने की कोशिश कर रही है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के लोगों के लिए अरविंद केजरीवाल, आतिशी और डीजेबी सीईओ हैं जो दिल्ली में अराजक विफल सीवरेज प्रणाली के लिए जिम्मेदार हैं।



## सार संक्षेप

### धनखड़ ने की मिशन दिव्यास्त्र की सफलता की सराहना

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 मिसाइल के पहले उड़ान परीक्षण, मिशन दिव्यास्त्र की सफलता पर बधाई दी है। उपराष्ट्रपति ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-(डीआरडीओ) की यह अभूतपूर्व उपलब्धि भारत के समग्र विकास पथ के अनुरूप है। मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक के साथ अग्नि-5 मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं और नवीन भावना का प्रमाण है। उन्होंने कहा, मिशन दिव्यास्त्र की सफलता पर बधाई।

### बुराड़ी में मेथामफेटामाइन लैब का भंडाफोड़, मास्टर माइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में नाइजीरियाई नागरिकों ने मादक पदार्थ (हेरोइन, कोकीन समेत अन्य ड्रग्स) की लैब लगानी शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा के बाद अब दिल्ली के बुराड़ी इलाके में मादक पदार्थ बनाने की लैब का खुलासा हुआ है। द्वारका जिले के एंटी नारकोटिक्स सेल ने एक नाइजीरियन को गिरफ्तार कर लैब का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान चिगमेजू जॉन के रूप में हुई है। आरोपी की निशानदेही पर 129 ग्राम तैयार ड्रग्स व 78.6 किलोग्राम ड्रग्स तैयार करने के केमिकल, मादक पदार्थ बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस चिगमेजू से पूछताछ कर इसके बाकी साथियों की तलाश कर रही है। छानबीन के दौरान चिगमेजू के तार वेस्ट कमल विहार, बुराड़ी में 23 फरवरी को हुए धमाके से जुड़ गए हैं। मादक पदार्थ बनाने के दौरान वेस्ट कमल विहार में धमाके में दो नाइजीरियन नागरिकों की जान चली गई थी। चिगमेजू मरने वाले क्रिश्चियन नामक व्यक्ति के संपर्क में था। उसके मोबाइल से क्रिश्चियन की फोटो भी बरामद हुई है। द्वारका जिला के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तैयार कर सप्लाई करने वाला युवक विकासपुरी नाले के पास आने वाला है।

### कई रेलवे परियोजनाओं की सौगात देंगे प्रधानमंत्री मोदी

# दस नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय रेलवे की 85 हजार 457 करोड़ की 5960 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे जिसे दस हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक लोग देखेंगे। मोदी अहमदाबाद में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से 5960 स्थानों पर होने वाले। कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जिन परियोजनाओं का लोकार्पण होना है, उनमें सौ सेक्शनों पर करीब 2500 किलोमीटर लंबी नई लाइनें/मल्टी ट्रैकिंग/ गेज परिवर्तन तथा डेढ़ हजार से अधिक 'एक स्टेशन, एक उत्पाद' स्टॉल, 2135 किलोमीटर विद्युतीकरण, 19 रेलवे वर्कशॉप/लोकोशेड, पिट लाइनें, कोचिंग डिपो आदि शामिल हैं। इसके अलावा दस नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया जाएगा और चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में विस्तार किया जाएगा। दो नई एक्सप्रेस ट्रेनों का भी शुभारंभ होगा। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के इतिहास में इतना व्यापक कार्यक्रम पहली बार आयोजित होने जा रहा है जिसमें प्रत्यक्ष एवं वीडियो लिंक के माध्यम से दस हजार से अधिक स्क्रीनों पर एक करोड़ से अधिक लोग जुड़ेंगे। महाप्रबंधक ने कहा कि इसके साथ ही 51 गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल, 2646 स्टेशनों पर डिजीटल कंट्रोल रूम, 80 सेक्शनों पर 1045 किलोमीटर मार्ग पर ऑटोमैटिक सिगनलिंग, 50 स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जनौषधि केन्द्र, 975 स्थानों पर सौर ऊर्जा चालित स्टेशन एवं कार्यालय भवनों के साथ साथ 35 रेल कोच रेस्त्रां का भी उद्घाटन किया जाएगा।

जिन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत की जा रही है उनमें-मैसुरु से एमजीआर चेन्नई सेंट्रल के बीच दूसरी वंदे भारत, अहमदाबाद से मुंबई दूसरी वंदे भारत, सिकदंराबाद से विशाखापट्नम दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस, लखनऊ से देहरादून वंदे भारत, कालबुर्गी से सर एम विश्वेश्वरैया बेंगलुरु वंदे भारत, रांची से वाराणसी वंदे भारत, पटना से बारास्ता अयोध्या, लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना से न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत, पुरी से विशाखापट्नम वंदे भारत तथा खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। अहमदाबाद से जामनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को द्वारका तक, अजमेर से दिल्ली सराय रोहिल्ला वंदे भारत को चंडीगढ़ तक, गोरखपुर लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रयागराज तक तथा तिरुवनंतपुरम कासरगोड़ वंदे भारत को मेंगलुरु तक बढ़ाया जा रहा है।



दस हजार से अधिक स्क्रीनों पर एक करोड़ से अधिक लोग जुड़ेंगे : शोभन चौधरी

### साहनेवाल से न्यू खुर्जा के 244 किमी के खंड का भी लोकार्पण किया जाएगा

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने कहा कि समर्पित मालवहन गलियारे के पूर्वी भाग में साहनेवाल से न्यू खुर्जा के 401 किलोमीटर के खंड और पश्चिमी भाग में वडोदरा के पास न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड़ के बीच 244 किलोमीटर के खंड का भी लोकार्पण किया जाएगा। प्रधानमंत्री न्यू खुर्जा, न्यू साहनेवाल, न्यू सोननगर, न्यू रेवाड़ी, न्यू किशनगढ़, न्यू घोलवड़ और न्यू मकरपुरा से सात मालगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

# ओखला लैंडफिल साइट के पास नहीं दिखेगा कूड़ा

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। एमसीडी की आप सरकार ने देश की पहली इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट बनाई। तेहखंड स्थित लैंडफिल साइट का उद्घाटन आज को किया जाएगा। इसके बनने से ओखला लैंडफिल साइट के आसपास कूड़ा नहीं दिखेगा। साथ ही लोगों को दुर्गंध से निजात मिलेगी। तेहखंड में इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट का फुट प्रिंट एरिया 15 एकड़ से अधिक है। इसकी क्षमता 9.65 लाख मीट्रिक टन की है। इसके अलावा 100 केएलडी का लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। करीब आधे एकड़ में लीचेट प्लांट तैयार हुआ है, वहीं 7.42 एकड़ क्षेत्र में फॉरेस्ट क्षेत्र रखा गया है।इसके निर्माण में 42.31 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट पर कूड़े का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से होगा। इसके तहत सात मीटर गड्ढा खोदकर मिट्टी की परत डाली गई है। उसके बाद तीन परत लाइनर की डाली गई है। उसके बाद पाइपलाइन डालकर फिर से एक परत लाइनर और एक परत मिट्टी डालकर साइट इस्तेमाल के लिए तैयार की गई है।

**दुर्गंध से भी निजात**

# झूठ की राजनीति से परहेज कर दुर्गेश करें क्षेत्र में काम : प्रवीण

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दुर्गेश पाठक एक संवेदनहीन विधायक हैं, जिन्होंने विपक्षी नेता के रूप में पूर्ववर्ती भाजपा शासित एमसीडी पर हमेशा बेबुनियाद आरोप लगाए और अब जब दिल्ली सरकार और एमसीडी दोनों आम आदमी पार्टी के साथ हैं तो वह फिर भी झूठ के मैदान में हैं, भाजपा पर आधारहीन आरोप लगा रहे हैं ताकि अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि सीवर की सफाई का काम दिल्ली जल बोर्ड का है जो महीनों तक सीवर की सफाई नहीं करता है जिससे सीवर जाम हो जाते हैं और ओवरफ्लो हो जाते हैं। दिल्ली सरकार और एमसीडी दोनों में आम आदमी पार्टी शासन है और पूरे राजिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित है।



### माफी मांगने की मांग की

*दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली भाजपा दुर्गेश पाठक को चुनौती देती है कि वह सीसीटीवी सबूत दिखाकर साबित करें कि किसी भाजपा कार्यकर्ता ने सीवर लाइन को ब्लॉक किया है या फिर अपना आरोप वापस लें और भाजपा से माफी मांगें।*

### देश में एनडीए प्रत्याशियों का समर्थन करेगी आरपीआई

# बाबासाहेब के सपनों के भारत का निर्माण कर रहे मोदी : आठवले

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (देशबन्धु)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री मा. रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया देशभर में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशियों का पुरजोर समर्थन करेगी व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एनडीए तीसरी बार भारी बहुमत के साथ सरकार बना इतिहास रचेगी। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि इंडी महागठबंधन समेत तमाम विरोधी दल एनडीए पर संविधान बदलने का मनगढ़ंत आरोप लगाकर सरकार के विरूद्ध दुष्प्रचार कर रहे हैं, इसलिए देश की जनता से मैं अपील करता हूं कि विपक्षी दलों को लोकसभा चुनाव में उनके दुष्प्रचार के लिए उन्हें सबक सिखाने का काम करे। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान निर्माता बाबासाहेब के संविधान को प्रेरणा स्रोत मानते हुए बाबासाहेब के सपनों का भारत बनाने का काम कर रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 40 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत की।



### लोस चुनाव में चार सौ पार का किया दावा

रामदास आठवले ने कहा कि केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है कि पूरा देश नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है व आने वाले लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए एनडीए गठबंधन 400 सीटों का आंकड़ा पार करेगा। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि किसान, मजदूर, दलित, अनुसूचित जाति व जनजाति के उत्थान के लिए नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाई गई योजनाओं का व्यापक प्रभाव पड़ा है।

**आयोजन** *प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय खाद्य व आतिथ्य मेला आयोजित*

# आखिरी दिन आहार मेले में हुई जमकर खरीददारी

**नई दिल्ली, 11 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हुए 38वें अंतरराष्ट्रीय खाद्य व आतिथ्य मेला 2024 (आहार) में सोमवार को आखिरी दिन दर्शकों की भारी भीड़ पहुंची। पांच दिवसीय इस मेले में देश-विदेश के 1800 से ज्यादा एग्जीबिटर्स आए थे। अलग-अलग राज्यों से खासतौर पर मसाले, सोया, दूध, चावल, मशरूम से बने विभिन्न उत्पाद, पैकेजिंग मैटेरियल और अन्य खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित किया है। इस दौरान लोग विभिन्न स्टॉल्स पर लोग खरीदारी करते नजर आए।**

लेकिन, सबसे अधिक भीड़ वेजले फूड्स पर देखी गई। स्टॉल ने अपनी स्वादपूर्ण और नवाचारी वेज रेसिपी के साथ लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वेजले के प्रबंध निदेशक अमित बजाज ने बताया कि प्रगति मैदान में हमारे प्रोडक्ट्स को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि वेजले के प्रोडक्ट्स ऐसे लोगों के लिए हैं जो कि नॉन वेज नहीं खाते साथ ही ऐसे लोगों के लिए भी हैं जो कि नॉन वेज तो खाते लेकिन अब उसे छोड़ने चाहते हैं। क्योंकि हमने इन प्रोडक्ट्स को तैयार करते समय इनके स्वाद के साथ कोई समझौता नहीं किया है। उन्होंने बताया कि हमारे प्रोडक्ट्स सोया से बने हैं जिसमें प्रोटीन, आहारी फाइबर, और कैल्शियम की अधिकता है, जो कि कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने, हृदय रोग के जोखिम को कम करने के साथ ही कैंसर जैसी बीमारियों को रोकने में मदद करता है। अमित बजाज ने बताया कि हमारे मुख्य प्रोडक्ट रोगन जोश, सोया चिकन बिरयानी, चॉप स्टिक, वेज चिकन, वीगन सॉसेज, सीक कबाब, शामी कबाब नगेट, सोया चाप, सोया लेग पीसेस, सोया नूडली ग्लूटन-फ्री, सोया वेजेट टीवीपी ग्लूटन-फ्री, सोया चिक्का, अंडे की भुर्जी, सोया शावर्मा आदि भारत में पहली बार बनाए गए हैं और उनसे ग्राहकों की स्वस्थ प्रतिक्रिया मिल रही है। उपभोक्ता ने वेजले के उत्पादों को महत्वपूर्ण मात्रा में खरीदा है, जिससे उनका ब्रांड के प्रति आत्मविश्वास और सराहना प्रकट हो रही है।




■ पांच दिवसीय मेले में देश-विदेश के 18 सौ से ज्यादा लोगों ने की शिरकत


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरौरा सलेमपुर विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद**

पत्रॉकः 32/पंचायत/पंचम राज्य वित्त/15वॉं वित्त/निविदा/2023-24 दिनॉक 11-03-2024

-:अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिरौरा सलेमपुर विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य पंचायत राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण कार्य के लिये शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक फर्म/ठेकेदार अपनी निविदायें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12-03-2024 से दिनांक 18-03-2024 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में दे सकते हैं। निविदायें दिनांक 08-03-2024 को सॉय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूर्तिकर्ताओ के सम्मुख खोली जायेगी ।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य का माप | कार्य का लागत (18%GST सहित) | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पंचायत राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत सिरौरा सलेमपुर में सुखपाल के मकान से बाबू राम के मकना तक नाली व इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य | ल0 100.50 मी० | 438100.00 | 438100.00 | 20 | 15 दिन |

1- अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी/एफ0डी0आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत सिरौरा सलेमपुर के नाम से बंधक होगी ।
2 - कार्य पी0डब्लू0डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा।
3- नियमानुसार सभी शासकीय कटोतिया की जाएंगी ।
4- निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।
5- कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम सिरौरा सलेमपुर
विकास खण्ड लोनी

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सिरौरा सलेमपुर
विकास खण्ड लोनी

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ प्राधिकरण के प्रवर्तन कार्य-अतिक्रमण व्यवस्था एवं प्राधिकरण सम्पत्ति की सुरक्षा के उद्देश्य से होमगार्ड्स नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी - **राजेश कुमार सिंह, जीडीए सचिव**

## साहिबाबाद, लोहामंडी, दक्षिणी व बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र की बदलेगी सूरत

**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। यदि सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले समय मे साहिबाबाद, लोहामंडी, दक्षिणी और बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र की बदलेगी। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने 207 करोड़ की तैयार कार्ययोजना में से 57 करोड़ की धनराशि निर्गत करने के निर्देश हैं। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाना है तो नए औद्योगिक क्षेत्रों के साथ ही पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत अवसंचरना सड़क, बिजली, पानी, रोड और नाली निर्माण को बेहतर करना जरूरी है। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुराने औद्योगिक विकास क्षेत्रों को और बेहतर किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके लिए 200 करोड़ के रिवाल्विंग फंड की व्यवस्था की गई है।



- **मंत्री नन्दी ने 57 करोड़ की धनराशि निर्गत करने के दिए निर्देश**
- **देश में निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है उत्तर प्रदेश : नन्द गोपाल गुप्ता**

एनसीआर में गाजियाबाद के साहिबाबाद, लोहामंडी, दक्षिणी और बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए यूपीसीडा की 207 करोड़ की कार्ययोजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया था।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विकास कार्यों के लिए अनुमोदित 207 करोड़ की धनराशि में से 57 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करते हुए विकास कार्य के लिए धनराशि निर्गत करने का आदेश दिया गया। जिसमें 43.64 करोड़ के सिविल और 13.95 करोड़ के विद्युत कार्य शामिल हैं। यूपीसीडा के आरएम प्रदीप सत्यार्थी ने बताया कि यूपीसीडा ने गाजियाबाद के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में सीसी रोड, आरसीसी नाला आदि के कार्ययोजना तैयार की है।

## न्यू दादरी होगा डीएफसीसी का लॉजिस्टिक पॉइंट

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा स्थित दादरी में ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को जोड़ा गया है। दादरी में मुंबई से आने वाला वेस्टर्न और कोलकाता से लुधियाना तक जाने वाला ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जुड़ जाएगा। इससे औद्योगिक गतिविधियों को रफ्तार मिलेगी। इसी में ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर दरअसल, ग्रेनो में तीन बड़ी परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं।

इनमें इंटीग्रेटेड टाउनशिप, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और लॉजिस्टिक हब शामिल हैं। तीनों को आईआईटीजीएनएल की निगरानी में पूरा किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड टाउनशिप 750 एकड़ में विकसित की जा रही है। बोड़ाकी के आसपास मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब विकसित होगा और यहीं ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर आकर मिलेंगे। इस जगह को न्यू दादरी का

- **18 हजार इंडस्ट्री को मिलेगा सीधा फायदा, ट्रांसपोटेशन का बचेगा खर्च, 1 लाख को मिलेगा रोजगार**

नाम दिया गया है। अब न्यू दादरी से लॉजिस्टिक हब तक 3.5 किमी का रेलवे ट्रैक बिछाने का काम किया जा रहा है। इससे माल के आवागमन में काफी आसानी होगी। अभी तक ईस्टर्न-वेस्टर्न कॉरिडोर एक साथ जुड़ रहे थे, लेकिन लॉजिस्टिक हब को कनेक्ट नहीं किया गया था।

अब यह पल्ला से कटेहरा की ओर जाकर चिटेहरा के पास लाइन बन रही है। जिससे वहां से माल ट्रेन में भरकर पहुंचाया जा सकेगा। इससे करीब 1 लाख लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जो ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब और इंटीग्रेटेड टाउनशिप में लगने वाले उद्योगों से मिलेगा। टाउनशिप में छह बड़ी कंपनियां प्लांट लगा रही हैं।

## जीडीए बोर्ड बैठक में हाईटेक टाउनशिप की संशोधित डीपीआर व लेआउट प्लान स्वीकृत

**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण(जीडीए) बोर्ड बैठक में मैसर्स उप्पल चड्ढा हाईटेक डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एन.एच.-09 पर विकसित की जा रही हाईटेक टाउनशिप (वेवसिटी )की संशोधित डीपीआर व लेआउट प्लान स्वीकृत हो गया। मेरठ मंडल की कमिश्नर सेलवा कुमारी जे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कुल 11प्रस्तावों पर विचार हुआ और कई पास हो गए।

बैठक के बाद जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण के प्रवर्तन कार्य/अतिक्रमण व्यवस्था एवं प्राधिकरण सम्पत्ति की सुरक्षा के उद्देश्य से होमगार्ड्स नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी।

प्रताप विहार सैक्टर-11 के 'एच' ब्लॉक तथा राजेन्द्र नगर योजना के सैक्टर-2 में निर्मित भवनों के सीलिंग मूल्य एवं अन्तिम मूल्यांकन के अनुसार बढ़ी हुई लागत के अन्तर के समायोजन पर बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक आयुक्त, मेरठ मण्डल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत बोर्ड के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। बैठक में 11 प्रस्ताव रखे गए। निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 (यथासंषोधित) में किए गए संशोधन को अंगीकृत किए जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। शेल्टर फीस के खाते में



- **बैठक में प्रवर्तन कार्य व सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए तैनात होंगे होमगार्ड**

जमा धनराशि का उपयोग शासनादेश संख्या 3267/आठ-16-80विविधि/10 दिनांक 20 अक्टूबर 2016 परिचालन के माध्यम से स्वीकृत प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 की बैलेंसशीट का अनुमोदन बोर्ड द्वारा दिया गया।

प्राधिकरण में ई-निविदा की नियम व शर्तो में 02 अतिरिक्त शर्तो को सम्मिलित किए जाने के लिए बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। प्राधिकरण की वित्तीय वर्श 2023-24 का पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्श 2024-25 का प्रस्तावित का अनुमानित आय-व्ययक परिचालन के माध्यम से स्वीकृत प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### सार संक्षेप

#### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का समापन



**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटिया विश्वविद्यालय के तत्वाधान में कनारी-कनारसा गांव में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। गलगोटियास विश्वविद्यालय के एन एस एस की समन्वयक प्रांजलि मिश्रा ने कहा कि इस सात दिवसीय 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के कार्यक्रम में सबसे पहले दिन विद्यार्थियों ने पूरे ग्राम का सर्वे किया और ग्रामीणों के साथ अपना परिचय कराया। प्रत्येक दिन के निर्धारित कार्यक्रमानुसार ग्राम वासियों को एआई आर्टिरियल इनटेंलीजेंस डिजिटल इंडिया के बारे में जानकारी अवगत करायी गयी। उसके बाद अगले दिन भारत सरकार की विशेष थीम 'विकसित भारत 2047' के बारे में विद्यार्थियों ने विस्तार से परिचर्चा की। 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था किस प्रकार से दुनिया के तीसरे स्थान को प्राप्त कर सके। इसी विषय पर गहन मंथन किया गया। सभी ने अपने अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम करने से ही व्यक्ति को सफलता प्राप्त होती है।

#### अवैध तमंचा के साथ आरोपित गिरफ्तार



**जेवर।** कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि संदिग्ध व असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार शाम को उपनिरीक्षक अनूप दीक्षित मय पुलिस बल के गस्त कर रहे थे उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर यमुना एक्सप्रेस वे के साबौता अंडरपास के समीप से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने उससे एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम साबौता मुस्तफाबाद का रहने वाला भोलू उर्फ राजकुमार बताया। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

#### स्क्रैप माफिया रवि काना गैंग का साथी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-2 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रवि काना गैंग के सदस्य सूरज सिंह को एटीएस गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशादेही पर वांछित चल रहे स्क्रैप माफिया रवि काना के 15 ट्रक भी बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके रिस्तेदार हरवीर ने धर्मवीर से 1 करोड 65 लाख रुपए मे मकान तय कर 65 लाख रुपए मकान के बैनामे के लिए दिए थे, जब वादी ने हरवीर को बैनामे के लिए कहा गया तो हरवीर द्वारा बैनामा नहीं कराया एवं फैसले के बहाने वादी के पुत्र को आरोपी रवि काना की फैक्टरी डी-116 सेक्टर इकोटेक-12 मे ले गया।

## प्राधिकरण ने होशियारपुर गांव के आठ बैंक्वेटहॉल को जारी किया नोटिस

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। बैंक्वेट हॉल के किचन से निकलने वाले चिकनाई युक्त पानी को बिना शोधित किए सीधे नाले में डाला जा रहा था। इससे शहर में नाला व नाली चोक हो रहे है। इस पर सोमवार को प्राधिकरण के जल खंड विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। जिसमें सेक्टर-51 स्थित होशियारपुर गांव के आठ बैंक्वेट हॉल संचालकों को नोटिस जारी किया है। स्पष्ट किया है कि 15 दिन में बैंक्वेट हॉल के किचन में ग्रीस ट्रेप-

- **प्राधिकरण के जल सीवर विभाग ने निरीक्षण में पाया कि किचन का चिकनाई युक्त पानी बिना शोधित किए सीधे नाले में डाल रहे**
- **नाला-नाली चोक होने पर जारी नोटिस में 15 दिन में ईटीपी -ग्रीस ट्रेप लगाने का आदेश**

ईटीपी लगाए। ऐसा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें भारी भरकम जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

बता दें कि लंबे समय से नोएडा प्राधिकरण में शिकायत की जा रही थी कि सेक्टर-51 होशियारपुर गांव में जितने भी बैंक्वेट हॉल संचालित हो रहे है, उनके किचन से निकलने वाला चिकनाई युक्त पानी सीधे नाली में बहाया जा रहा है। शिकायत

**इन्हें प्राधिकरण की ओर से जारी किया गया नोटिस**

- डायमंड क्राउन, सेक्टर-51, होशियारपुर
- चेवरॉन, सेक्टर-51, होशियारपुर
- गोल्डन ड्रीम बैंक्वेट, सेक्टर-51 होशियारपुर
- वेंडिंग विला, सेक्टर-51, होशियारपुर
- आनंद बैंक्वेट, सेक्टर-51, होशियारपुर
- दस सिटी प्राइड, सेक्टर-51, होशियारपुर
- रामा सेलिब्रेशन, सेक्टर-51, होशियारपुर
- रामा बैंक्वेट, सेक्टर-51, होशियारपुर

का संज्ञान लेकर प्राधिकरण जल खंड की ओर से सोमवार को सेक्टर-51 स्थित होशियारपुर गांव में तमाम बैंक्वेट हाल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शिकायत को सही पाया गया। कही भी किचन में ईटीपी और ग्रीस ट्रेप नहीं मिला। अधिकांश स्थानों पर बिना शोधित किए हुए ही पानी सीधे मुख्य ड्रेन में डाला जा रहा था। ऐसे में नालियां चोक हो रही है। इस पर तत्काल प्रभाव से बैंक्वेट हाल संचालकों को नोटिस जारी कर कहा गया कि वह किचन का चिकनाई युक्त पानी ईटीपी और ग्रीस ट्रैप के जरिए शोधित करने के बाद सीवर लाइन में डाले ।

## एनएमआरसी की एक्वा लाइन पर नहीं चलेगी फास्ट मेट्रो

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली एक्वा मेट्रो की फास्ट ट्रेन अब सभी स्टेशनों पर रुकेगी। एनएमआरसी द्वारा सोमवार को ट्रायल

- **सोमवार किया ट्रायल, अब सभी स्टेशनों पर रुकेगी, अंतराल में किया बदलाव**

के बाद नए नियम को लागू कर दिया गया है। ये फास्ट मेट्रो अब उन चारो स्टेशनों पर रुकेगी जहां पहले नहीं रुकती थी। बाकी ट्रेने अपने सामान्य से चलेंगी। जबकि इनके अंतराल में बदलाव किए गए है। दरअसल, अगस्त 2021 में पब्लिक की डिमांड पर फास्ट मेट्रो चलाई गई थी। ये मेट्रो नोएडा से ग्रेटरनोएडा मेट्रो रूट पर पड़ने वाले सेक्टर-144, सेक्टर-145, सेक्टर-146 और सेक्टर-147 स्टेशन नहीं रुकती थी।

## स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार बदल लें कार्यशैली, अन्यथा टेंडर निरस्त करने में नहीं होगी देरी : नगरायुक्त

**गाजियाबाद,** 11 मार्च(देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदारों तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई, जिसमें सभी स्वास्थ्य संबंधित टीम को कार्यशैली बेहतर करने के लिए कड़े निर्देश दिए। कचरा प्रोसेसिंग को लेकर नगर आयुक्त नाराज हुए तथा नियमित चल रहे कार्यों में बदलाव करने के लिए कहा गया, मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, अधिशासी अभियंता फरीद जैदी, तथा स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदार नेचर ग्रीन, जेरोन व अन्य उपस्थित रहे।



- **नगर आयुक्त ने ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों की क्लास, भुगतान पर रोक लगाने के दिए निर्देश**

कचरा प्रोसेसिंग प्लानिंग को लेकर द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी टीम को निगरानी बनाए रखने के लिए निर्देश दिए । साथ ही एमआरएफ सेंटर्स, गार्बेज फैक्ट्री, व अन्य स्थानों पर हो रहे कचरा पृथक्करण तथा कचरा निस्तारण को बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए साथ ही लापरवाही करने वाली फर्म को तत्काल सूचित करते हुए उसका टेंडर निरस्त करने की प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए भी कहा गया।

## तेज रफ्तार वाहन ने तीन को कुचला, एक की मौत

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास अज्ञात वाहन ने एक महिला और दो युवतियों को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। उपचार के दौरान एक युवती की मौत हो गई। महिला और एक अन्य युवती की हालत गंभीर है। दोनों का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक युवती का गृह जनपद बदायूं में अंतिम संस्कार किया गया।

सेक्टर-49 पुलिस को दी शिकायत में बदायूं के शाहपुर निवासी सद्दाम ने बताया कि वर्तमान में वह बरौला में रह रहा है। सद्दाम की बहन आसमां छह बच्चों और पति के साथ बरौला गांव में रहती है। शिकायतकर्ता की भांजी सुमाइल और हिना अपने सहेली खुशबू के साथ रविवार सुबह साढ़े आठ बजे के करीब काम करने के लिए महागुन मॉर्डन सोसाइटी जा रही थीं। तीनों जब सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास पहुंची, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन के चालक ने तीनों को कुचल दिया। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण तीनों घटनास्थल पर ही बेहोश हो गईं।

- **दो अन्य घायलों का अस्पताल में चल रहा उपचार**
- **हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार**

इस दौरान आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। तीनों को सड़क पर तड़पता देख राहगीरों ने इसकी सूचना सेक्टर-49 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान हिना को होश आ गया और उसने परिजनों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परिजनों से पुलिस ने संपर्क किया। हालत गंभीर होने के चलते तीनों को जिला अस्पताल से सफरदजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान सुमाइल की मौत हो गई। दो अन्य की हालत बेहद गंभीर है।

### दो माह बाद थी शादी

शिकायतकर्ता ने बताया कि 20 साल सुमाइल की दो महीने बाद शादी थी। उसका बदायूं के ही एक युवक से कुछ महीने पहले रिश्ता तय हुआ था। सुमाइल की मौत के बाद से दो परिवारों में मातम है। सुमाइल और हिना के ऊपर घर की जिम्मेदारी थी।

## पुलिस की ठक-ठक गिरोह के बदमाशों से मुठभेड़

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर 113 पुलिस व कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप आदि चोरी करने वाले कुख्यात अंतरराज्यीय ठक ठक गैंग के दो बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। वहीं दूसरे बदमाश को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया। इन लोगों ने हाल ही में सेक्टर-113 के पास से कई कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप आदि सामान चोरी किया था। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

एडसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आम्रपाली जोडियक सोसाइटी के पास दो बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने चैकिंग बढ़ा दी। इस दौरान मोटर साइकिल सवार दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। उनकी घेरा बंदी कर पकड़ेने का प्रयास किया। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर किया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ के बाद मोटर साइकिल सवार दो बदमाश अमन पुत्र आर मुग्गन निवासी अम्बेकर नगर दिल्ली के पैर में गोली लगी। वहीं दूसरा बदमाश अभिषेक कुमार ने भागने का प्रयास किया । जिसे कांबिंग के पिड़ लिया गया। दोनों के कब्जे से चोरी की घटना के 02 लैपटॉप, अमन के कब्जे से 01



- **एक बदमाश की लगी गोली, काबिंग के बाद दूसरा गिरफ्तार, कई वारदातों को दिया अंजाम**

तमंचा, 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ। अभिषेक कुमार के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त दिल्ली से चोरी की गयी मोटरसाइकिल भी बरामद की।। घायल अमन को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। अमन के विरुद्ध दिल्ली के पंजाबी बाग थाने पर कई लूट व कारों से शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी के मुकदमें दर्ज होने की जानकारी हुई है।

मौके की पूछताछ से तीन घटनाओं का अनावरण हुआ। जिसमे 09 मार्च 2024 को क्रिकेट मैदान जोडियक सोसाइटी के पास से 5 कारों के शीशे तोड़ने की घटना, इन्दिरापुरम गाजियाबाद से कारों के शीशे तोड़कर चोरी किए जाने की घटना की गई।

## हमारी संस्कृति हमारे संस्कार व हमारा परिवार का साध्वी ने कराया बोध

**नोएडा,**11 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर 40 नोएडा बोथरा भवन में सोमवार को आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री अणिमा के सानिध्य में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। अणिमा ने आज का जो मुख्य विषय था हमारी संस्कृति हमारे संस्कार और हमारा परिवार इसके ऊपर विस्तार से बातचीत की। साध्वी श्री ने कहा कि जब तक हम अपने परिवार के बच्चों को अच्छे संस्कार नहीं देंगे और स्वयं भी उनका पालन नहीं करेंगे तब तक हमारा परिवार संस्कारी नहीं बन सकता। उन्होंने आगे कहा कि जब एक माता पिता गलत रास्ते पर चलेंगे रात्रि में घर पर लेट सवेर आएंगे नशा करेंगे तो वो अपने बच्चों को कैसे मना कर सकते हैं। तो हमें निज पर शासन करना होगा तभी हम अपने परिवार में अनुशासन ला सकेंगे। साध्वी श्री ने आगे कहा कि हमारा समाज कृषि और ऋषि से चलता है यानी की जो हमारा शरीर है वो खाद्य पदार्थ से भर जाता है जिसके लिए हमें कृषि की आवश्यकता होती है। परंतु जो हमारी आत्मा है उसकी त्रिपति हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर होती है। जिसके लिए हमें ऋषि मुनियों के पास जाना पड़ता है। साधु संतों के पास जाना पड़ता है। हर इंसान को अपने जीवन में संयम रखना गुस्से पर काबू रखना जीवन का सबसे मूल मंत्र है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपको भी अपने धर्म का पालन करना चाहिए। क्योंकि जो भी आप छापेंगे और दिखाएंगे उसे दुनिया देखेगी यदि आप अच्छी चीज़ दिखाएंगे तो अच्छा दिखेगा और कोई बुरी चीज दिखाएंगे



तो बुरा दिखेगा। आप सही है और विवेक से हमेशा सत्य का साथ दे। डॉक्टर साध्वी श्री सुधा प्रभा जी ने कहा कि मनुष्य जीवन मिलना हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। क्योंकि पता नहीं कितने जन्मों के बाद हमें इस रूप में आने का मौका मिलता है। मनुष्य जीवन में हमें हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर अपने जीवन का निर्वाह करना चाहिए। व्यक्ति धर्म के मार्ग पर चलते हैं उनका परिवार उनका व्यापार और उनका अचार और व्यवहार हमेशा संस्कारी होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए ।

## गाजियाबाद 311 ऐप का हुआ शुभारंभ

**निगम का शहर की समस्याओं के समाधान के लिए सरल एवं व्यवस्थित एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म**

**गाजियाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें गाजियाबाद 311 ऐप का शुभारंभ महापौर की अध्यक्षता में किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने महापौर सुनीता दयाल का पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने गाजियाबाद 311 अप की विस्तृत जानकारी दी, गाजियाबाद 311 ऐप के माध्यम से जन समस्याओं का कम समय में निस्तारण हो सकेगा।




उन्होंने बताया कि बारीकी से समस्याओं का गहन अध्ययन कर अधिकारी समाधान की कार्यवाही करेंगे महापौर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों के द्वारा जन समस्याओं के समाधान में किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही सही प्रकार से ऐप कम करें इस पर विशेष जोर देते हुए सभी अधिकारियों को मंच के माध्यम से निर्देश भी दिए। गाजियाबाद 311 ऐप शहर वासियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा तथा स्मार्ट वर्किंग से गाजियाबाद स्मार्ट होगा शहर वासियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित शहर विधायक अतुल गर्ग द्वारा गाजियाबाद नगर निगम कार्यशैली की बदलते स्वरूप को देखते हुए कार्यों के प्रशंसा की तथा शहर हित में त्वरित कार्रवाई पर गाजियाबाद नगर निगम कार्य करे मोटिवेट किया गया। पहले मतदान फिर जलपान की शपथ दिलाई गई। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद दिया गया।

## नोएडा के पार्क में बनेगा ग्लास हाउस

**नोएडा,** 11 मार्च (देशबन्धु)। आपने ग्लास ब्रिज के बारे में सुना होगा। नोएडा में अब ग्लास हाउस बनाया जाएगा। ये पूरी तरह से कांच होगा। इस हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फेस्ट और फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें उन पेड़ पौधों को उगाया भी जाएगा जिनको संरक्षित किया जा सके। पहले फेज में दो स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिसमें एक सेक्टर-54 वेटलैंड और दूसरा सेक्टर-94 में प्रस्तावित जापानी पार्क। इसमें किसी एक स्थान पर ग्लास हाउस बनाया जाएगा।

### तापमान को किया जाएगा मेंटेन

सलाहकार कंपनी की ओर से इसका डिजाइन प्राधिकरण को दिया गया है। इसमें किसी को एक अप्रूव किया जाएगा। इसके बाद यहां निर्माण होगा। हालांकि इसके निर्माण में एक समस्या सबसे ज्यादा है वो है तापमान की। नोएडा

- **सलाहकार कंपनी ने तैयार किया डिजाइन**
- **10 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च**

प्राधिकरण ने बताया कि जिस ग्लास फ्रेम की बात हो रही है। उसमें से धूप की रोशनी सीधे अंदर आएगी और बाहर की तुलना में अंदर का तापमान करीब 10 डिग्री ज्यादा हो जाएगा। ऐसे में तापमान को किस तरह से मेंटेन किया जाए इस पर काम किया जा रहा है।

प्राधिकरण ने बताया कि कई तरह के ग्लासेस आते है जो बाहर की गर्मी को अंदर नहीं आने देते। लेकिन उनका असर अंदर के पौधों पर क्या होगा। बिना इसे जाने ग्लास पर निर्णय नहीं लिया जा सकता। प्राधिकरण ने बताय कि जिस कंपनी को सलाहकार के रूप में चुना गया है। उसने उत्तराखंड और अन्य प्रदेश ठंडे स्थानों पर ग्लास हाउस बनाए है। जिससे वहां तापमान का इतना असर नहीं होता।

उवाच

यीडा सिटी के आवासीय सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे कि यहां रहने वाले लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े। सेक्टर- 20 में बैंक्वेट हॉल के दो भूखंडों की योजना लॉन्च की गई है, जिसमें आवेदन शुरू हो गया है।

-डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।



# सिस्टर सिटी के लिए ग्रेनो प्राधिकरण व लोउडन काउंटी सिटी के बीच हुआ एमओयू

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के बीच मेमोरंडम साइन हो गया है। इससे ग्रेटर नोएडा में आर्थिक, व्यापारिक, शैक्षणिक और इनवायर्नमेंट आदि क्षेत्रों में निवेश की राह खुल गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ मेधा रूपम और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी, वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बडी राइजर ने एमओयू पर ऑनलाइन हस्ताक्षर किए।

- एमओयू होने से ग्रेटर नोएडा में अधिक निवेश की खुलेगी राह
- सूचनाओं का आदान-प्रदान करने में होगी सहूलियत



दरअसल, ग्रेटर नोएडा और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ सिस्टर सिटी के रूप में एग्रीमेंट करने के लिए प्राधिकरण काफी समय से प्रयासरत है। अब इसे अमली-जामा पहना दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के बीच मेमोरंडम साइन हो गया है। दोनों शहरों के बीच षिक्षा, व्यापार, संस्कृति, बायोटेक, कृषि, फार्मास्यूटिकल, सूचना और तकनीक आदि का सीधे आदान-प्रदान करने में सहूलियत होगी। एक-दूसरे के प्रतिनिधि दोनों शहरों में जाकर अध्ययन कर सकेंगे। इससे पहले इस तरह का एग्रीमेंट वाराणसी, लखनऊ, आगरा आदि शहरों और अलग-अलग देशों के बीच सिस्टर सिटी एग्रीमेंट हो चुके हैं। बता दें कि विगत जनवरी माह में अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बडी राइजर तीन अन्य प्रतिनिधियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आए थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी रूपरेखा तय कर ली थी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से भी प्रस्तुतिकरण के जरिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो कनेक्टीविटी, एक्सप्रेसवे, ग्रीनरी, बड़ी कंपनियों, शिक्षण संस्थानों, डाटा सेंटर हब, आईआईटीजीएनएल, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब व मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब आदि की उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा व आईआईटीजीएनएल के अलग-अलग हिस्से में जाकर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी देखा। अब इस परियोजना को अमली जामा पहना दिया गया है।

# यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण की आज यानी मंगलवार को होने वाली बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट समेत किसानों व आवंटियों से जुड़े कुछ अहम मुद्दों पर मुहर लगेगी।

यमुना एक्सप्रेसवे की टोल दरों व सभी श्रेणी की संपंत्तियों की आवंटन दरों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के लिए अधिकारी पिछले तीन दिनों से दिन रात काम कर रहे हैं। इस बार का बजट 7 हजार करोड़ से अधिक हो सकता है।

आगामी परियोजनाओं के लिए जमीन खरीदने के लिए बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल दरों में बढ़ोतरी से संबंधित प्रस्ताव पिछली बोर्ड बैठक में रखा गया था, लेकिन मुहर नहीं लग पाई थी। बोर्ड ने एक्सप्रेसवे का रखरखाव करने वाली कंपनी जेपी इंफ्राटेक से आय व व्यय से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत को कहा था। यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक अध्यक्ष व प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागार की अध्यक्षता में होगी। बोर्ड में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट रखा जाएगा।



- वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट पर लगेगी मुहर
- किसानों व आवंटियों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर भी लग सकती है मुहर
- आगामी परियोजनाओं के लिए खरीदी जानी है जमीन
- बजट को अंतिम रूप देने में तीन दिनों से जुड़े हैं अधिकारी
- आचार संहिता लागू होने से पहले होने वाली यह बोर्ड बैठक मानी जा रही काफी अहम

प्राधिकरण आठ नये सेक्टर विकसित कर रहा है। इसके लिए जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। सेक्टरों का आंतरिक विकास भी किया जाना है। ऐसे में इस साल का बजट 7000 करोड़ से अधिक हो सकता है। इस बोर्ड बैठक में यीडा सिटी से सबसे पुराने आवासीय सेक्टर- 18 के 2319 आवंटियों को लाभ मिल सकता है।

भट्टा पारसौल के किसानों के कोर्ट चले जाने से आवंटियों को भूखंड पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। इन आवंटियों को राहत देते हुए उनके भूखंडों को सेक्टर- 18 में ही दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इसके लिए अलावा किसानों की आबादी की लीजबैक, शिफ्टिंग और आबादी के सात फीसदी विकसित भूखंडों को देने से संबंधित प्रस्ताव भी बोर्ड में रखा जाएगा।

वहीं आवंटन दरों में 5 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी का अनुमान है। इससे यीडा सिटी में मकान बनाना और उद्योग लगाना महंगा हो जाएगा।

# रोटरी क्लब ग्रेनो व बेनेट विवि ने आयोजित किया मैराथन

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। रोटरी क्लब व बेनेट युनिवर्सिटी के संयुक्त प्रयास से मैराथन का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब सचिव शुभम सिंघल ने बताया कि मैराथन का उद्देश्य युवाओं में हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते प्रसार पर प्रकाश डालना था। रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर नोएडा और बेनेट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के सहयोग से यह कार्यक्रम संकाय समन्वयक डॉ. पलख जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुकुल गुप्ता के नेतृत्व में छात्र टीम ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया। मैराथन ने युवा पीढ़ी के बीच हृदय स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों के महत्व पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों और आयोजकों ने समान रूप से समुदाय में हृदय संबंधी मुद्दों से निपटने के प्रयासों को जारी रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। रोटरी क्लब से क्लब अध्यक्ष कपिल शर्मा, कपिल गुप्ता, मुकुल गोयल, शुभम सिंगल, मोहित बंसल, मनोज गोयल, श्रुति सिंघल, नीतू बंसल आदि उपस्थित रहे। बेनेट यूनिवर्सिटी से मोहम्मद अरशद, हिमांशु सिंह, मिताली सिंह, दीक्षा गोविंद, विश्वजीत, स्पर्श राज, इशिका अग्रवाल, अचल सेठी, रीत अग्रवाल, विनायक किशोर, और श्रेष्ठ मित्तल रहे।



# ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ गोष्ठी आयोजित

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्तियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शैलेन्द्र बहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, द्वारा किया गया। जिसमें उपस्थित ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्तियों को स्माईल ऑनलाईन पोर्टल पर आई.डी. एवं प्रमाण-पत्र आनलाईन करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही कहा गया कि सबसे ज्यादा आई.डी. व प्रमाण-पत्र द्वारा ही किया गया है।

गोष्ठी में रामकली, बसेरा सामाजिक संस्थान (एनजीओ) द्वारा ट्रांसजेन्डर व्यक्तियों की समस्या से गोष्ठी में उपस्थित समस्त जिला प्रशासन को अवगत कराया गया कि किस प्रकार से समाज हमें कोई स्थान नहीं देता, समाज का दृष्टिकोण हीनभावना से ग्रस्त हैं। रामकली ने कहा कि कुछ लोग अभी तक ट्रांसजेन्डर और किन्नर समाज में अन्तर नहीं जानते हैं जिसके बारे में उन्होंने विस्तार से अवगत कराया। उनके अनुसार ट्रांसजेन्डर समुदाय या किन्नर समाज दोनों ही समाज में सम्मान के पात्र हैं। उन्हें दान नहीं चाहिए उन्हें कम्पनियों, फैक्ट्रियों को योग्यता के आधार पर कार्य चाहिए। समाज ने अभी तक ट्रांसजेन्डर समुदाय के व्यक्ति यों को अपनाया नहीं हैं जब तक समाज का दृष्टिकोण नहीं बदलेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा।



- जिलाधिकारी ने सभी को हर सम्भव मदद के लिए दिया निर्देश
- ट्रांसजेंडर समुदाय ने भिक्षा नहीं अधिकार की बात की

उनके अनुसार ट्रांसजेन्डर सुरक्षा सेल गठित किया जा चुका हैं परन्तु कार्यरत नही हुआ हैं तथा उनका सुझाव हैं कि ट्रांसजेन्डर सुरक्षा सेल में एक ट्रांसजेन्डर समुदाय का व्यक्ति भी सदस्य होना चाहिए। जिससे उनकी जटिल समस्याओं को सुनकर पुलिस विभाग अपने स्तर से कार्रवाई कर सके। रामकली, बसेरा सामाजिक संस्थान द्वारा जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों का सम्मान करते हुए उपहार भेंट किया गया।

# आवासीय सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने में जुटा यीडा

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण अपने आवासीय सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने में जुट गया है। प्रथम चरण में सेक्टर-20 में बैंक्वेट हॉल के दो भूखंडों की योजना लॉन्च की है। इसके लिए सोमवार से ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई। इच्छुक लोग 28 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा।संस्थागत भूखंडों की भी योजना लॉन्च करने की तैयारी चल रही है।

दरअसल यीडा सिटी के सेक्टरों में गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। सबसे पुराने आवासीय सेक्टर-18 व 20 में कुछ लोगों ने मकान का निर्माण शुरू कर दिया है। आगामी सितंबर माह में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के चालू होने के बाद गतिविधि और अधिक बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने सड़क, नाली, सीवर, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दे रहा है।

सेक्टर में रहने वाले लोगों को शादी समारोह व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सेक्टर से बाहर न जाना पड़े। इसके लिए सेक्टर. 20 में बैंक्वेट हॉल, मैरिज हॉल के लिए दो भूखंडों की योजना लॉन्च की है। जो पॉकेट. डी और पॉकेट. यू में होंगे।

- पॉकेट डी व यू में होंगे भूखंड
- 28 तक कर सकते हैं आवेदन
- ई-नीलामी से होगा आवंटन
- संस्थागत भूखंडों की भी आएगी योजना

# महिला शक्ति सामाजिक समिति ने बहादुरी के लिए दो नर्सों को किया सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला शक्ति सामाजिक समिति ने आईआईएमटी कॉलेज ऑफ लॉ के साथ मिलकर शारदा हॉस्पिटल की दो नर्सों ज्योति एवं रेनू को उनके अप्रत्याशित एवं बहादुरी भरे कार्य के लिए सम्मानित किया गया। आईआईएमटी कॉलेज की तरफ से उनका सम्मान करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं महिला शक्ति टीम की तरफ से उन्हें प्रतीक चिन्ह के अतिरिक्त दुपट्टे से सम्मान, प्रशंसा पत्र एवं पूरी टीम की तरफ से उपहार प्रदान किए गए। ज्ञात हो कि पिछले 27 फरवरी 2024 को ग्रेटर नोएडा स्थित परी चौक के बीच सड़क पर एक अनजान एवं अपरिचित महिला जब दर्द से कराह रही थी तो किसी बात की परवाह के बिना प्रसव से पीड़ित महिला की मदद की। अध्यक्ष साधना ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य में इन दोनों बहादुर महिलाओं का सभी महिलाओं की ओर से, संपूर्ण समाज ,संपूर्ण देश एवं पूरी विश्व की ओर से मानवता का इतना खूबसूरत उदाहरण देने के लिए उन्हें साधुवाद एवं धन्यवाद दिया।



इस अवसर पर ज्योति, रेनू नर्सिंग स्टाफ सम्मानित अतिथि के अतिरिक्त आईएमटी कॉलेज आफ लॉ के डायरेक्टर टी.एन,प्रसाद, सभी फैकेल्टी एवं डिपार्टमेंट ऑफ लॉ के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## कोर्ट से गैर हाजिर चल रहे चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दनकौर**,11 मार्च(देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग गांवों से कोर्ट से गैर हाजिर चल रहे 4 आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। जिनको कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि चीती गांव निवासी सुभाष, गुलाब निवासी हतेवा, भरसी ऊंची दनकौर और लवकुश निवासी ऊंची दनकौर पर आपराधिक केस दर्ज है। आरोपी जिनमें कोर्ट से गैरहाजिर चल रहे थे। जिनको पेश होने के लिए कोर्ट ने इनको नोटिस भी भेजा था। उसके बाद भी पेश नही हुए। जिसके चलते पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# मैनेजमेंट के पूर्व छात्रों ने अपना अनुभव किया साझा

**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। जीएलबीआईएमआर में एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों ने भाग लेकर अध्यापकों से अपने अनुभवों को साझा किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने पूर्व छात्रों को कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत विभाग की निदेशक डॉ. सपना राकेश के सशक्त संबोधन के साथ हुई।

डॉ. सपना राकेश ने पूर्व छात्रों के साथ उनके विचार और जीवन यात्रा पर गहन अंतर्दृष्टि साझा की। सत्र में छात्रों ने ईटीएल की दुनिया की खोज पर चर्चा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के अपने अनुभवों से अवगत कराया। अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र में प्रथम वर्ष के छात्रों ने पूर्व छात्रों से अपनी जिज्ञासा से भरे सवाल पूछे। कार्यक्रम के बाद क्रिकेट का एक मैत्री मैच खेला गया जिसे फैकल्टी इलेवन ने जीता। इस दौरान सभी अध्यापक गण और छात्र मौजूद रहे।

## तहसील सभागार में पावर एंजल सशक्तिकरण कार्यक्रम

**जेवर**,11 मार्च(देशबन्धु)। तहसील सभागार में सोमवार को पावर एंजल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ब्लॉक के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पावर एन्जल की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिक्षक संकुल ललित कुमार ने बताया कि यहां लड़कियों के लिए नृत्य, नाटक, गीत, भाषण आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रतियोगिता हुई। जिसमे प्रथम स्थान छातंगा खुर्द उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं, द्वितीय स्थान साबौता मुस्तफाबाद और तृतीय स्थान उच्च प्राथमिक विद्यालय रोही की छात्राओं ने प्राप्त किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद अल्वी, एआरपी रति गुप्ता, अर्चना, शिरोमणि, अनामिका शर्मा, पुष्पेंद्र, साजिद, परवेज, राहुल, आशीष, रुचि माथुर, कविता, सुधा आदि शिक्षक मौजूद रहे।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# रालोद कार्यालय पर राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश प्रवक्ता का किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा**,11 मार्च(देशबन्धु)। रालोद जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज चौधरी एवं प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रियंका अत्रि का स्वागत किया गया। इस मौके पर मनोज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेवारी देकर जो सम्मान पार्टी ने मुझे दिया है मैं उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। एडवोकेट प्रियंका अत्रि ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जनार्दन भाटी ने कहा कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का एवं संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी का आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष रविंद्र भाटी, रेखा चौधरी, हेमा पाठक, मनवीर भाटी, हरवीर सिंह तालान, विजेंद्र यादव, जोगेंद्र सिंह तालान, सुशील भाटी, प्रमोद भाटी, रिंकू चौधरी, जसवीर भाटी, राहुल भाटी, दिनेश चौधरी, नीरज शर्मा, मुखिया आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जेवर**,11 मार्च(देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव साहबनगर के समीप रविवार देर शाम को एक तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको ग्रामीणों ने कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया।

# जीबीयू में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई का गठन

**ग्रेटर नोएडा**, 11 माच (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई गठित किया गया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष के रूप में मुकुल आनंद को मनोनीत किया गया, तहसील संयोजक के रूप में अभिषेक चौधरी, विश्वविद्यालय मंत्री हर्ष भूषण उपाध्यक्ष अनुज बैसला, साहिल पांडे, राहुल चौधरी, अमन शुक्ला सहित विद्यार्थी परिषद के एसएफडी, एसएफएस कला मंच, खेल मंच के संयोजक का घोषणा भी किया गया। अंजलि द्विवेदी को छात्रा प्रमुख बनाया गया। सोशल साइंस विद्यालय अध्यक्ष मुदित, इंजीनियरिंग अध्यक्ष धीरज सिंह, यश यादव, ऋषभ शर्मा, लॉ विश्वविद्यालय अध्यक्ष अंगद गिरी, व्यावसायिक शिक्षा विद्यालय अध्यक्ष उज्जवल सिंह को बनाया गया।



# ग्रेनो को बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण ने सीआरआरआई के साथ किया एमओयू

**ग्रेटर नोएडा**, 11 मार्च(देशबन्धु)। आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) दिल्ली के साथ एमओयू साइन कर लिया है। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग और सीआरआरआई दिल्ली की प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ अंबिका बहल ने हस्ताक्षरित एमओयू का आदान-प्रदान किया। सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने समेत कई अन्य कार्यों में भी सहयोग करेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर विकास कार्यों में आधुनिक तकनीकों की मदद से गुणवत्ता सुधारने के लिए सीआरआरआई के साथ सोमवार को एमओयू साइन कर लिया गया है। सीआरआरआई की तकनीकी सहायता से ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता और बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने में भी सहयोग करेगा। इससे पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग व परियोजना विभाग की टीम सीआरआरआई परिसर में जाकर तकनीकों का अध्ययन कर चुकी है। एमओयू के दौरान सीआरआरआई से मिलने वाली सेवाओं पर भी चर्चा की गई। एमओयू होने से सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में फुटपाथ बनाने के लिए पॉलिथीन व अन्य कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का भी इस्तेमाल करेगा।



- सीआरआरआई की नई तकनीकों से सड़कों की गुणवत्ता सुधारने में मिलेगी मदद
- वेस्ट मैटेरियल की टाइल्स से फुटपाथ बनाने समेत कई योजनाओं पर होगा काम

प्राधिकरण सीआरआरआई को वेस्ट मैटेरियल देगा, जिसके एवज में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सस्ती दरों पर पेवर ब्लॉक टाइल्स उपलब्ध कराएगा। इसका इस्तेमाल ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे फुटपाथ बनाने में किया जाएगा। पेवर ब्लॉक टाइल्स वेस्ट मैटेरियल से बनेंगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मिर्जापुर में उप जिलाधिकारी दादरी से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 56/एस0टी0-एस0डी0एम0/2020 दिनांक 27.11.2020 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री दयाचन्द पुत्र हबुब निवासी ग्राम तिलपता करनवास, परगना व तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 143 | स्व0 श्री दयाचन्द पुत्र हबुब निवासी ग्राम तिलपता करनवास, परगना व तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती श्यामा देवी | पत्नी | 52 वर्ष |
| | | | श्री राज सिंह | पुत्र | 41 वर्ष |
| | | | श्री पवन भाटी | पुत्र | 26 वर्ष |
| | | | श्रमीती रीना | पुत्री विवाहित | 29 वर्ष |
| | | | श्रीमती ज्योति | पुत्री विवाहित | 25 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

# संपादकीय

नई दिल्ली, मंगलवार 12 मार्च 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## चुनावी बॉंड्स पर बेनकाब होते मोदी

भ्रष्टाचार को हटाने के नाम पर भरपूर शोर मचाकर केन्द्र की सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी किस कदर खुद ही भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, उसके कई मामले सामने आ चुके हैं, परन्तु इलेक्टोरल बॉंड्स के मामले में उसने खूब पैसे कमाये हैं- यह धीरे-धीरे सामने आ रहा है। जिस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वकील शीर्ष न्यायालय द्वारा पिछली सुनवाई में मांगी गयी जानकारी देने से आनाकानी कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि वह कदाचार में पूर्णत: लिप्त है। बॉंड्स को 'असंवैधानिक' करार देते हुए 15 फरवरी को शीर्ष अदालत ने निर्देश दिये थे कि एसबीआई 6 मार्च तक उन नामों को केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को सौंपे जिन्होंने इलेक्टोरल बॉंड्स खरीदे थे। किस राजनैतिक दल को कितना चंदा दिया गया, यह भी उसे सार्वजनिक करना था परन्तु एक दिन पहले बैंक ने यह कहकर 30 जून का समय मांगा कि जानकारी एकत्र करने में उसे समय लगेगा। कोर्ट ने 12 मार्च तक (मंगलवार) का समय निर्वाचन आयोग को दिया था कि वह प्राप्त जानकारी को अपने वेबसाइट पर डाले ताकि मतदाताओं को फैसला लेने में आसानी हो। साफ था कि चुनाव के पहले बैंक यह जानकारी देने की मंशा नहीं रखता और यह किसके दबाव में किया जा रहा है- यह बतलाने की ज़रूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले में अपनी नाराजगी जाहिर की जब बैंक का पक्ष रखने वाले वकील हरीश साल्वे ने कहा कि बॉंड्स खरीदने वालों का मिलान करने व डिकोड करने में समय लग रहा है। इस दलील को नामंजूर करते हुए मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठी 5 सदस्यीय खंडपीठ ने साफ किया कि ऐसा करने की उसे आवश्यकता नहीं है। बैंक को केवल बॉंड्स खरीदने वाले 22 हजार लोगों के नाम देने हैं। चूंकि सभी खाते केवाईसी किये हुए हैं इसलिये इतना समय लगने का सवाल ही नहीं है। कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि बैंक ने उसके निर्देशों के बाद से लेकर अब तक की अवधि में इस दिशा में क्या कार्रवाई की। आखिरकार, सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया कि स्टेट बैंक मंगलवार शाम तक वांछित जानकारी निर्वाचन आयोग को सौंपे जो 15 मार्च तक इसे अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। अगर ऐसा न किया गया तो सम्बन्धित बैंक अधिकारियों पर अवमानना का मामला चलाया जायेगा।

वैसे तो इस मुद्दे को लेकर मोदी सरकार का चेहरा पहले ही बेनकाब हो चुका है। कई तरह के पर्दों में इस जानकारी को छिपाये जाने की तमाम कोशिशों के बावजूद अनेक तथ्य जो सामने आये हैं उनसे साफ है कि मामला भाजपा की रिश्वतखोरी से अधिक कुछ नहीं है। 2017-18 में यह योजना मोदी सरकार लेकर आई थी। इसके तहत मिली राशि का 90 फीसदी से अधिक भाजपा को प्राप्त हुआ है। शेष बामुश्किल 10 फीसदी ही अन्य दलों तक पहुंच पाया। चुनावी बॉंड्स के तहत धन पाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का भी जमकर दुरुपयोग किये जाने की बात सामने आ चुकी है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस साबित कर चुकी है कि चंदे के लिये प्रवर्तन निदेशालय, आयकर एवं सीबीआई के छापे डलवाये गये। बहुत से ऐसे व्यवसायिक उपक्रम थे जिन्होंने पहले कभी भी भाजपा को चंदा नहीं दिया था परन्तु कार्रवाइयों से बचने के लिये उन्हें भी ये बॉंड्स खरीदकर भाजपा को आर्थिक मदद करनी पड़ी। कांग्रेस यह तथ्य भी सामने ला चुकी है कि किस प्रकार चंदा देने के बाद छापों से लोगों को निज़ात मिली है।

इसी कारण भाजपा ने इसे सूचना के अधिकार से बाहर रखा था ताकि लोग यह न जान सकें कि किस तरह से भाजपा सत्ता के बल पर धन एकत्र कर रही है। इसके खिलाफ दायर याचिकाओं में इस प्रतिबन्ध को आरटीआई एवं नागरिक अधिकारों का हनन बतलाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही इस पर सहमति जताते हुए कहा था कि मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि वह जिसे वोट करना चाहता है उसके पास पैसे कहां से आ रहे हैं और उसके बदले में आर्थिक मदद करने वालों को कोई पार्टी या उसकी सरकार क्या फायदा पहुंचा रही है। चूंकि किसी भी वक्त 18वीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान हो जायेगा, इसे भी ख्याल में रखते हुए सम्भवत: सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया होगा ताकि मतदान के पहले ही मतदाताओं को यह जानकारी उपलब्ध हो जाये, परन्तु जिस प्रकार से पहले 30 जून का समय देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने चाहा था और अब भी मुहैया कराने में आनाकानी कर रहा है, उसने स्पष्ट कर दिया है कि इस मामले में सरकार के हाथ साफ नहीं है। वैसे भी इसे मोदी सरकार का सबसे बड़ा घोटाला बतलाया जा रहा है।

देखना होगा कि बैंक निर्धारित तिथि यानी 12 मार्च तक यह जानकारी उपलब्ध कराता है या फिर कोई पैंतरेबाजी अपनाकर समय लेने की कोशिश करेगा। हालांकि सुप्रीम अदालत के रूख से साफ है कि वह बैंक के साथ प्रत्यक्ष तथा केन्द्र सरकार के साथ परोक्ष रूप से कोई भी मुरव्वत नहीं बरतने जा रही। जनाकांक्षा भी यही है। जिस तरह से अपने 10 साल के कार्यकाल में मोदी ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया है और लोकतांत्रिक प्रणाली को लगभग ध्वस्त किया है, उसके बीच शीर्ष अदालत आशा की किरण बनकर उभरी है। उम्मीद है कि वह सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन न करने वाली भाजपा से सख्ती से निपटेगी।

# "चार सौ पार" के डरावने सपने

जैसा कि आसानी से अनुमान लगाया जा सकता था, अपने लोकसभा सदस्य, अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भाजपा ने किनारा कर लिया है। कर्नाटक से भाजपा के वरिष्ठ सांसद, हेगड़े ने एक सार्वजनिक सभा में 2024 के आम चुनाव के भाजपा के नारे, "अब की बार चार सौ पार" का खुलासा करते हुए बताया था कि इसका मकसद, 'संविधान में तब्दीली' का रास्ता बनाना है। अपने सांप्रदायिक बयानों से बहुत बार विवाद खड़े करने वाले भाजपा सांसद ने यह तो नहीं बताया कि इसके पीछे संविधान में ठीक-ठीक क्या बदलाव करने का लक्ष्य है। फिर भी खबरों के अनुसार उन्होंने इसका इशारा जरूर दे दिया कि ये बदलाव हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता के तकाजों को पूरा करने वाले होंगे और यह भी कि निशाने पर संविधान की उद्देश्यिका होगी। उनका कहना था कि अतीत में कांग्रेस की सरकार ने संविधान में ऐसे 'अनावश्यक' प्रावधान जोड़े थे जो 'हिंदू समुदाय को दबाने वाले' प्रावधान हैं। इन्हें ही हटाने के लिए भाजपा को "चार सौ पार" चाहिए! यह समझना मुश्किल नहीं है कि भाजपा सांसद का निशाना संविधान की उद्देश्यिका में जोड़े गए 'धर्मनिरपेक्षता' के सिद्धांत पर था।

बेशक, भाजपा ने हेगड़े के बयान को 'उनके निजी विचार' कहकर, अपना पल्ला झाड़ लिया है। इतना ही नहीं, चुनाव के मौसम में, "संविधान बदलने" की नीयत और इरादों पर उठ सकने वाले विवाद से बचने की कोशिश में, भाजपा ने अपने सांसद से उसके बयान पर 'स्पष्टीकरण' भी मांग लिया है, हालांकि इस स्वांग को शायद ही कोई गंभीरता से लेगा। ऐसे मामलों में भाजपा द्वारा मांगे गए 'स्पष्टीकरणों' का हस्र किसी से छुपा हुआ नहीं है। स्वाभाविक रूप से हेगड़े के बयान पर, विपक्ष की तीखी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। हैरानी की बात नहीं होगी कि भाजपा के पल्ला झाड़ने के स्वांग के बावजूद, मोदी की तीसरी पारी के इन मंसूबों की गूंज आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार में सुनाई दे। बहरहाल, हेगड़े के बयान के भाजपा का आधिकारिक रुख होने न होने से अलग, और यहां तक कि मोदी को तीसरा कार्यकाल मिल जाता है तो उसके वास्तव में ठीक-ठीक ऐसा ही करने से भी अलग, हेगड़े का यह बयान निर्विवाद रूप से यह तो दिखाता ही है कि भाजपा, लोगों के बीच क्या और कैसी अपेक्षाएं तथा उम्मीदें जगाने के जरिए, अपने चुनावी समर्थन को पुख्ता करने की कोशिश कर रही है। "धर्मनिरपेक्षता" के सिद्धांत का संविधान-निकाला (और जाहिर है कि देश-निकाला भी) इन अपेक्षाओं में शीर्ष पर है।

भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की "विकसित भारत" बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है। मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है। मोदी के दूसरे कार्यकाल में, सीएए कानून के जरिए नागरिकता की परिभाषा में धार्मिक समुदाय आधारित विभाजन के रोपे जाने से लेकर, संविधान की धारा-370 के अंत तथा जम्मू-कश्मीर के विभाजन तथा उसका दर्जा गिराए जाने के जरिए, देश के इकलौते मुस्लिम बहुल राज्य को उसके मुस्लिम बहुल होने की सजा दिए जाने और मणिपुर में बहुसंख्यकवादी



राजेंद्र शर्मा

भाजपा की ये असली प्रचार प्राथमिकताएं, जिन्हें हेगड़े ने नासमझी में या असावधानी वश उजागर कर दिया है, कम से कम इतना तो साफ कर ही देती हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की "विकसित भारत" बनाने की घोषणाएं तो, उनका राजनीतिक-चुनावी मुखौटा भर हैं। उनका और उनकी पार्टी तथा उसके संघ परिवार का असली मुख तो, उसका हिंदुत्ववादी सांप्रदायिकता का चेहरा ही है, जो संविधान से औपचारिक रूप से धर्मनिरपेक्षता के विचार को ही बाहर करने के लिए उतावला है। मोदी राज के दो कार्यकालों में जिस प्रकार, शासन की धर्मनिरपेक्षता के विचार को भीतर से खोखला कर, व्यवहार में हिंदू-श्रेष्ठता का राज कायम किया गया है, उसे औपचारिक रूप से एक हिंदू राज के रूप में कायम किए जाने का काम अब भी बाकी है।

राज कायम करने के लिए गृहयुद्ध जैसे हालात पैदा किए जाने आदि के जरिए, व्यवहार में धर्मनिरपेक्षता का गला घोंटने के लिए बहुत तेजी से कदम उठाए गए हैं। अब उसे औपचारिक रूप देने की, संविधान में रोपने की मंशा है; बशर्ते देश और जनता ने उसे ऐसा करने दिया!

बहरहाल, "चार सौ पार" का नारा देना और प्रायोजित भीड़ों से, जिनमें सरकारी खर्चे पर, इंटरनैट क्रिएटर्स का सम्मान करने के नाम पर जुटायी गयीं, बिकाऊ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भीड़ें भी शामिल हैं, यह नारा लगवाना तो आसान है और देसी-विदेशी कारपोरेटों की ओर से आ रही पैसे की बाढ़ के बल पर, "चार सौ पार" भांति-भांति के घोषित-अघोषित विज्ञापनों के जरिए आम लोगों की जुबान पर चढ़ा देना भी बहुत मुश्किल नहीं है, लेकिन इसे सच कर पाना, लगभग असंभव होने की हद तक मुश्किल है। ऐसा लगता है कि खुद मोदी एंड कंपनी को, इस सच्चाई का बखूबी अंदाजा है। इसीलिए, चुनाव के नगाड़ों की आवाज जैसे-जैसे निकट आती जा रही है, वैसे-वैसे सत्ताधारी पार्टी के चुनावी प्रबंधक, जिनमें उसके 'शीर्ष दो' भी शामिल हैं, दूसरी पार्टियों में दल-बदल कराने तथा नेताओं की खरीद के खुदरा काम से आगे, जिसमें ईडी तथा सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां बढ़-चढ़कर मदद कर रही हैं, पूरी की पूरी राजनीतिक पार्टियों को खरीदकर, अपने खेमे में लाने में भी जुट गए हैं।

बिहार में नितीश कुमार की "घर वापसी" की सफलता को भी काफी नहीं समझा गया, तो उसके बाद दक्षिण में दोनों तेलुगू-भाषी राज्यों के लिए विशेष ऑपरेशन लान्च किया गया। इसके हिस्से के तौर पर आंध्र प्रदेश में भाजपा, अंतत: तेलुगू देशम् की अपने मोर्चे में घर वापसी कराने में कामयाब हो गयी है और बोनस के तौर पर पवन कल्याण की जन सेना भी साथ आ गयी है। दिलचस्प यह है कि इस गठबंधन के जरिए भाजपा, केंद्रीय पार्टी और क्षेत्रीय पार्टियों के बीच रिश्ते के उसी फार्मूले को एक बार फिर पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है, जिसे सत्तर-अस्सी के दशकों में केंद्र में कांग्रेस साधा करती थी। संक्षेप में इस फार्मूले का सूत्र होता था—केंद्र हमारा, राज्य तुम्हारा। अब तक आयी खबरों के अनुसार, आंध्र प्रदेश में वही हो रहा है। इस राज्य में, जहां विधानसभा के चुनाव भी, लोकसभा के साथ ही होने हैं, भाजपा गठजोड़ में लोकसभा की छ: सीटें हासिल करने की कोशिश कर रही है, जबकि वह विधानसभा की सिर्फ इतनी ही सीटों पर समझौता करने के लिए तैयार है। कांग्रेस से लड़ते-लड़ते भाजपा, अब कांग्रेस के एक और फार्मूले को अपनाती नजर आती है। याद रहे कि इस राज्य में, 2019 में लोकसभा और विधानसभा, दोनों में भाजपा अकेले लड़कर शून्य पर रही थी और उसे मुश्किल से एक फीसद वोट मिला था।

बगल में दूसरे तेलुगू-भाषी राज्य तेलंगाना में, जहां चंद महीने पहले विधानसभाई चुनाव में कांग्रेस को प्रभावशाली जीत हासिल हुई थी और क्षेत्रीय पार्टी, टीआरएस दो कार्यकाल के बाद सत्ता से बाहर हो गयी थी, दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वियों से काफी पीछे रह गयी भाजपा, बीआरएस के साथ गुप-चुप समझौता करने के फेर में बतायी जाती है। विधानसभा के चुनाव हाल ही में हुए हैं, इसलिए खुला समझौता न तो संभव है और न उपयोगी होगा, लेकिन चूंकि टीआरएस किसी भी कीमत पर कांग्रेस से अपनी हार का बदला लेना चाहेगी, भाजपा के लिए अंडरहैन्ड लेन-देन की गुंजाइश बन जाती है। आंध्र प्रदेश के विपरीत, तेलंगाना में भाजपा 2019 में लप्पे में चार लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब हो गयी थी, लेकिन पिछले विधानसभाई चुनाव में उसका मत फीसद वहां से ठीक-ठाक नीचे आ गया था। बदले हुए राजनीतिक हालात में भाजपा को, पिछले बार की सीटें बचाने के लिए भी इन तिकड़मों की बहुत जरूरत है।

उधर, ओडिशा में मोदी और नवीन पटनायक की पार्टियों ने, अपने अनाम रिश्ते को अब और अनाम न रखकर, 'गठबंधन' का नाम देने का फैसला कर लिया बताते हैं। पुन: ऐसा समझा जाता है कि यहां भी उसी कांग्रेसी फार्मूले का सहारा लिया जा सकता है—संसद की सीटों का बड़ा हिस्सा हमारा, विधानसभा तुम्हारी। ओडिशा में भी विधानसभा के चुनाव संसद के चुनावों के साथ ही होने हैं। पिछले चुनाव में राज्य से लोकसभा की भी सीटों का बहुमत बीजू जनता दल के पास था, भाजपा इस बार इस अनुपात को पलटवाने की उम्मीद करेगी। बदले में वह इन राज्यों में अपनी महत्वाकांक्षा कुर्बान कर रही होगी। इस सब के साथ हिमाचल के कुछ भिन्न मामले को भी जोड़ सकते हैं, जहां भाजपा की प्रत्यक्ष कृपा से अस्थिरता अब भी बनी हुई है, हालांकि कांग्रेसी सरकार को भाजपा हड़प करने की स्थिति में अब भी नजर नहीं आती है। इस सब में भाजपा को राज्य सरकार न सही, लोकसभा की चार सीटों में से कुछ न कुछ अतिरिक्त फायदा तो दिखाई दे ही रहा है। पिछली बार भाजपा चारों सीटें जीत गयी थी।

इन तमाम और ऐसी ही और भी अनेक जोड़-जुगाड़ की कोशिशों को, "चार सौ पार" के भरोसे का लक्षण मानने के लिए तो, बहुत ज्यादा ही भोला होने की जरूरत होगी। वास्तव में भाजपा, अपनी मोदी प्रचार की सारी आंधी के बावजूद, साधारण बहुमत से सत्ता में वापसी को लेकर भी आश्वस्त नहीं लगती है और इसीलिए, एक-एक सीट के लिए जुगाड़ बैठाए जा रहे हैं। लेकिन, इसमें हैरानी की कोई बात भी नहीं है। यह नहीं भूलना चाहिए कि 2019 के चुनाव तक, तीन आम चुनावों में लोकसभा की 199 सीटें ऐसी थीं, जिन पर भाजपा एक बार भी नहीं जीती थी। इनमें से 107 सीटें 2019 के चुनाव में उसने अपनी सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ी थीं। इस बार, सहयोगी दलों के लिए छोड़ी जाने वाली सीटों का आंकड़ा इससे बढ़ने ही जा रहा है। इन सीटों को ही निकाल दें तो, चार सौ पार का और भाजपा के तीन सौ सत्तर पार का नारा धड़ाम हो जाता है। इसके साथ अगर हम आम मेहनतकशों की मौजूदा भाजपा शासन से नाराजगी और दूसरी ओर विपक्ष की एकता के बढ़ते मीटर को भी जोड़ दें तो, सत्ताधारी गठजोड़ के लिए साधारण बहुमत का आंकड़ा भी बहुत दूर नजर आने लगेगा। यह नहीं भूलना चाहिए कि देश भर में कुल 167 सीटें ऐसी हैं, जो 2009 से 2019 तक के तीन आम चुनावों में, भाजपा ने दो बार जीती थीं यानी जिन पर जीत का भाजपा के भरोसा करने का वाकई आधार है। इससे आगे विरोध की खड़ी चट्टान है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नैनीताल पर मंडराता खतरा

**■ डॉ. ओ.पी. जोशी**

नैनीताल उत्तराखण्ड का एक रमणीय पर्यटन स्थल है, जो 1939 मीटर की ऊँचाई पर बसा है। यहां की नैनी झील के चारों ओर फैली पहाड़ियों के कारण यह एक कटोरेनुमा शहर है। इस सुंदर शहर की खोज कुछ अंग्रेजों ने 1839 में की थी जब वे किसी कार्य से घूमते हुए यहाँ पहुंचे थे। वर्ष 1841 में बेंटन तथा बेरन नामक दो अंग्रेजों ने इसे बसाने का कार्य प्रारंभ किया एवं 1842 में यहां 10 मकान स्थानीय सामग्री से बनाये। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित हो अंग्रेज यहां धीरे-धीरे बसने लगे एवं 1901 तक यहा की आबादी 7500 के लगभग हो गयी। वर्तमान में इसकी आबादी 80 हजार के आसपास है एवं इतने ही पर्यटक यहां गर्मी के मौसम में प्रति सप्ताह आते हैं।

प्रसिद्ध भू-विज्ञानी प्रो. सीसी पंत के अनुसार नैनीताल शहर की भौगोलिक स्थिति यहां के अन्य शहरों से अलग है। शहर के बीच से गुजरने वाले एक प्रमुख 'भ्रंश' (फाल्ट) के साथ छोटे-छोटे अन्य 'भ्रंश' होने से यह शहर भूगर्भ के लिहाज से काफी संवेदनशील है। भूकम्प को लेकर बनाये गये 'जोन 04' में यह आता है। भूगर्भीय गतिविधियों से यहां भूकम्प के झटके एवं पहाड़ियों पर भूस्खलन होता रहता है।

यहां की पहाड़ियों पर भूस्खलन 1867 से ही हो रहा है। इसके बाद 1880, 1886, 1924, 1962 और 1970 में भी भूस्खलन हुए। यह भी पाया गया कि यहां 1962 के बाद भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी। कहीं यह भी उल्लेखित है कि 1880 की किसी भूकम्पीय गतिविधि से मल्लीताल झील मैदान में तब्दील हुई थी। 'धारण क्षमता' (कैरींग केपेसिटी) से ज्यादा निर्माण कार्य, वन-विनाश, खनन कार्य, कमजोर जल-मल प्रणाली आदि वजहों से वर्तमान में शहर के तीनों ओर की पहाड़ियां भूस्खलन से दरक रही हैं, जिससे शहर खतरे में है।

वर्ष 1900 में जब यहां की 'धारण क्षमता' जानने की मांग उठी थी तब अध्ययन के आधार पर इसे 5000 की आबादी के लायक बताया था। कई प्रकरणों में सुप्रीमकोर्ट तथा राज्य की हाईकोर्ट ने झील के चारों तरफ पहाड़ियों की कमजोर ढलानों पर निर्माण कार्य प्रतिबंधित करने को कहा था। कुमाऊ विश्वविद्यालय ने अपने एक अध्ययन में 2016 में बताया था कि वर्ष 2005 से 2015 के मध्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में 50 प्रतिशत निर्माण कार्य ज्यादा हुए हैं। राज्य के हाईकोर्ट ने 2017 में नागपुर के 'राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान' (नीरी) को यहां की 'धारण क्षमता' का फिर से अध्ययन करने हेतु कहा था।

वर्ष 2023 में मालरोड, टीफीन टॉप व व्यूपाइन्ट तथा आल्मा पहाड़ी पर हुए भूस्खलन की घटनाएं चेतावनी देती हैं कि नैनीताल भी जोशीमठ की राह पर अग्रसर है। यहां की प्रसिद्ध मालरोड पर फरवरी 23 में लंबी दरार देखी गयी थी। वर्ष 2004 एवं 2018 में लोअर मालरोड का बड़ा हिस्सा भूस्खलन के कारण टूटकर झील में समा गया था। आईआईटी एवं अन्य संस्थानों के अनुसार मालरोड के क्षेत्र में भूमि के नीचे कठोर चट्टानें (हार्ड रॉक्स) नहीं होने से भूस्खलन होता रहता है। पिछले वर्ष मई माह में टीफीन टॉप तथा व्यूपाइन्ट के आसपास की पहाड़ियों पर दरारें आने से पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गयी थी।

सितंबर में आल्मा पहाड़ी के दरकनें से चार मकान ढ़ह गये थे एवं इससे घबराकर स्थानीय प्रशासन ने 250 अन्य मकान तुरंत खाली करवा लिये थे। यह पहाड़ी झील के ऊपर बांयी तरफ सीधी खड़ी होने एवं नीचे से भुरभुरी होने के कारण ज्यादा संवेदनशील बताई गई है। प्रशासन के ध्यान नहीं देने से पिछले 25-30 वर्षों में यहां काफी निर्माण कार्य हुए हैं और यहां अभी 10 हजार के लगभग लोग रह रहे हैं।

इस पहाड़ी पर अंग्रेजों के शासनकाल में 1880 में भारी भूस्खलन होने से 150 के लगभग लोग मारे गये थे जिनमें 42-43 अंग्रेज भी थे। भूस्खलन के 150 वर्ष पुराने इतिहास वाली बलिया नाला पहाड़ी भी दरक रही है। पिछले कुछ वर्षों से यहां भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी है जो शहर तथा झील दोनों के लिए खतरनाक है। इस पहाड़ी की तलहटी से होकर झील का अतिरिक्त पानी ज्योलीकोट की ओर जाता है। वर्ष 2018 में इस पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद यहां की कृष्णपुरा बस्ती के हजारों लोगों का सड़क से सम्पर्क टूट गया था।

पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रही नैनी झील पर भी खतरे बताये जा रहे हैं। वर्षाकाल में आसपास की पहाड़ियों से आयी मिट्टी तथा छोटे-छोटे भूस्खलन से आये मलबे से यह उथली हो रही है एवं प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वर्ष 2017 में पानी के अतिदोहन से झील में पानी का स्तर 17-18 फीट नीचे चला गया था। भूस्खलन से आये मलबे से यदि झील को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसका पानी 45 किलोमीटर दूर बसे हल्द्वानी तक बाढ़ ला सकता है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार नैनी झील से 400 मीटर दूर एक भूमिगत झील भी बन गयी है जो 200 मीटर लम्बी एवं 5 मीटर गहरी है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार नैना-पीक की पहाड़ी पर दक्षिण-पश्चिम की तरफ 65 मीटर लम्बी 1.5 मीटर चौड़ी तथा 2.5 मीटर गहरी दरारें देखी गयी हैं। मार्च 1987 तथा जुलाई 1988 में इस पहाड़ी पर हुए भूस्खलन से 500 परिवार प्रभावित हुए थे। इस पहाड़ी पर हो रहे भूस्खलन का विस्तृत अध्ययन कर भूवैज्ञानिक डॉ. केएस वाल्दिया ने सुरक्षा हेतु छ: उपाय बताये थे जिन पर कोई काम नहीं हुआ।

पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रही नैनी झील पर भी खतरे बताये जा रहे हैं। वर्षाकाल में आसपास की पहाड़ियों से आयी मिट्टी तथा छोटे-छोटे भूस्खलन से आये मलबे से यह उथली हो रही है एवं प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वर्ष 2017 में पानी के अतिदोहन से झील में पानी का स्तर 17-18 फीट नीचे चला गया था। भूस्खलन से आये मलबे से यदि झील को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसका पानी 45 किलोमीटर दूर बसे हल्द्वानी तक बाढ़ ला सकता है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार नैनी झील से 400 मीटर दूर एक भूमिगत झील भी बन गयी है जो 200 मीटर लम्बी एवं 5 मीटर गहरी है। इस झील में हो रही भूगर्भीय हलचल भी आसपास की पहाड़ियों को प्रभावित कर रही है। अब नैनीताल सहित अन्य पहाड़ी पर्यटन स्थानों पर उनकी 'धारण क्षमता' के अनुसार विकास जरुरी हो गया है अन्यथा खतरे फैलते ही रहेंगे।

**(स्वतंत्र लेखक हैं तथा पर्यावरण के मुद्दों पर लिखते हैं)**

## पावन प्रसंग

### काम को बोझ न समझें

मनुष्य की आंतरिक अभिव्यक्ति उसके काम करने की लगन और भावना से ही परखी जा सकती है। यह जानने के लिए कि यह कार्य उसे पसंद है कि नहीं, उसकी गतिविधियों पर एक निरीक्षण दृष्टि डालिए। उत्साहपूर्वक किया हुआ कर्म यह व्यक्त करता है कि उस व्यक्ति की अभिरूचि उसमें है। अनुत्साह और शिथिलता, कर्म के प्रति अरूचि का भाव परिलक्षित करते हैं। जिस कार्य से हमें प्यार होता है, उसका परिणाम शीघ्र पाने के लिए वैसी ही तत्परता भी होती है। उतनी ही फुरती और उत्साह भी होता है। जी करता है कि कितनी जल्दी इसे समाप्त करें। कर्म का सुख वस्तुत: उसकी लगन, भावना और निष्ठा में ही है। उत्साहपूर्वक संपन्न किए गए कर्म प्रफुल्लता दे जाते हैं, किंतु अनुत्साहपूर्वक काम करने से निराशा, क्षोभ और असफलता ही हाथ लगती है।

जिस काम को बोझ समझकर करेंगे, उसमें मन लगेगा ही नहीं। शारीरिक शक्ति भी जिस अनुपात से लगनी चाहिए थी वह न लगेगी, तब फिर कार्य के शुभ परिणाम की आशा भी धूमिल ही बनी रहेगी। प्रसिद्ध विचारक स्वेट मार्डेन ने लिखा है- मनुष्य की असफलताएं परमात्मा की देन नहीं, उसकी निजी पैदाइश होती है। यह बात अक्षरश: सत्य प्रतीत होती है। संभव है कि किन्ही कार्यों के अनुरूप अपनी शक्ति व योग्यता न हो तो उनकी असफलता को तो एक संयोग कह सकते हैं, किंतु जो कार्य हम कर सकते हैं, जो हमारी शक्ति और सामर्थ्य की सीमा में ही है, वे कार्य भी यदि अपूर्ण रहते हैं तो यह मानना पड़ा है कि इस काम को लगन और उत्साहपूर्वक नहीं किया गया।

काम करने की एक भावन होनी चाहिए- उत्कृष्ट और विशाल भावना। आपका आत्मविश्वास यह कहता हो कि हम इस कार्य को करके ही छोड़ेगे, इसमें आत्महित है और पुरूषार्थ है तो आप सच मानिए उस कार्य में आपको असीम आनंद आएगा।

कमाई करते हुए जब यह भावना होती है कि इस धन से हमारे बच्चे विकसित होंगे, परिवार, राज्य और राष्ट्र समृद्ध बनेगा तो अंत:करण में अपूर्व शक्ति जाग्रत होती है, स्वाभिमान उठता है और प्रसन्नता से अंत:करण भर जाता है। जब तक हम यह अनुभव नहीं करें कि इस उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य का श्रेय भी है, तब तक कर्म का सात्विक आनंद नहीं मिल सकता।

मनुष्य का जीवन एक आदर्श कर्म-विद्यालय है। इसमें नैष्ठिक स्नातक वे समझे जाते हैं, जो कर्म को जीवन ध्येय मानकर उसे कुशलतापूर्वक निभाते हैं। विद्यार्थी अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने का लाभ तब पाता है, जब वह लगनपूर्वक, भावनापूर्वक अध्ययन कार्यों में लगा रहता है। जिस तरह स्वाध्याय की चमक यह व्यक्त करती है कि विद्यार्थी का भविष्य उज्जवल है उसी प्रकार कर्म की उत्कट भावना यह बताती है कि इस मनुष्य का हृदय उत्कृष्ट और विशाल है। इन गुणों के कारण ही उसका व्यक्तित्व निखरता, समुन्नत होता और श्रेण प्राप्त करता है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# रोज़गार से वंचित महिलाएं मजदूरी को मजबूर

हमारे देश में आबादी के अनुपात में रोजगार प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती है. चीन को पछाड़ कर हम आबादी के मामले में भले नंबर एक हो गए हों, लेकिन रोजगार के मामले में हमारी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है. शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और भी तेजी से बढ़ती नजर आ रही है. यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर पुरुष रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं. जहां पहुंच कर भी उन्हें प्रतिदिन रोजगार के लिए संघर्ष करनी पड़ती है. गाँव से पलायन करने वाले अधिकतर पुरुष शहरों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. कई बार पुरुष अकेले ही शहर कमाने आता है तो कई बार परिवार समेत शहर पलायन कर जाता है. ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि इन सब में महिलाओं की क्या स्थिति होती होगी ?

गाँव में ही रहकर महिलाओं को भी एक बेहतर रोजगार प्राप्त करना बहुत मुश्किल होता है. कई बार उन्हें केवल दैनिक मजदूरी ही मिलती है. हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने से महिलाओं को आमदनी हो जाती है. इसके अलावा सरकार द्वारा भी विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं. जिससे महिलाओं को काफी लाभ हो रहा है. इसका एक उदाहरण राजस्थान के अजमेर जिला स्थित सिलोरा गांव भी है. जहां महिलाएं मजदूरी करने पर विवश होती हैं. हालांकि विभिन्न योजनाओं से जुड़कर वह आर्थिक रूप से सबल हो रही हैं. किशनगढ़ तहसील से करीब 15 किमी दूर और अजमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर इस गाँव की आबादी लगभग 5526 है. सिलोरा पंचायत भी है, जिसके अंतर्गत 5 गाँव हैं. गाँव के अधिकतर पुरुष रोजगार के लिए पड़ोसी राज्य गुजरात के बड़ौदा, सूरत या अहमदाबाद पलायन करते हैं. कुछ स्थानीय मिनरल्स ग्राइंडिंग यूनिट (पत्थर के खदान) में भी काम करते हैं।

जिन घरों के पुरुष पलायन करते हैं, उन घरों की महिलाएं इन्हीं यूनिट्स में काम करने को मजबूर हैं. जहां उन्हें प्रतिदिन 300 से 350 रुपए मिलते हैं. हालांकि यह यूनिट स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही खतरनाक होता है. इससे प्रभावित अधिकतर मजदूर एक जानलेवा सिलिकोसिस नामक बीमारी से घिर जाते हैं. जिसमें उनके फेफड़े प्रभावित हो जाते हैं. यह एक प्रकार की लाइलाज बीमारी है. जिससे ग्रसित मरीजों का अंत निश्चित है. इसमें मरने वाले मजदूरों के परिवार वालों को कोई मुआवजा भी नहीं मिलता है. हालांकि स्थानीय एनजीओ 'ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था' के दखल के बाद से कई महिलाओं ने इस काम को छोड़कर आजीविका के अन्य साधन को अपना लिया है. इसमें राज्य सरकार द्वारा संचालित 'राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना' (राजीविका) प्रमुख है।

लेकिन सरकार द्वारा आजीविका का यह माध्यम भी अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है. इस संबंध में संस्था के एक सदस्य ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि कई बार महिलाओं को काम के बाद भी उन्हें पैसा नहीं दिया जाता है. जो महिलाएं पैसे के बारे में मांग करती हैं तो उन्हें समूह से निकालने की धमकी दी जाती है. जिससे महिलाओं की आवाज़ बाहर निकल कर सामने नहीं आ पाती है. यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि महिलाओं के रोजगार से भी जुड़ा हुआ एक गंभीर मसला है. यदि सरकार द्वारा संचालित इस परियोजना को भ्रष्टाचार मुक्त नहीं बनाया गया तो एक बार फिर से यह महिलाएं मिनरल्स जैसी जानलेवा इकाई में काम करने को मजबूर हो जाएंगी।

**महेश कुमार योगी**
**अजमेर, राजस्थान**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश


## इजराइल के हमले में तीन लेबनानियों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के सैन्य सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दक्षिणी लेबनान के हेब्बारिये गांव पर इजराइली हवाई हमले में इस्लामिक समूह की सैन्य शाखा अल-फज्र फोर्सेज के तीन सदस्य मारे गए और एक घायल हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने रविवार को बताया कि इजराइली युद्धक विमानों ने एक वाहन पर चार मिसाइलें दागीं। हमले में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और चौथा घायल हो गया। नागरिक सुरक्षा इकाइयों और रेड क्रॉस के सदस्यों ने शवों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# शहबाज कैबिनेट में 19 मंत्रियों ने ली शपथ

- राष्ट्रपति जरदारी ने दिलाई शपथ
- इशाक डार, ख्वाजा आसिफ है शामिल

**इस्लामाबाद,** 11 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शहबाज शरीफ की कैबिनेट के लिए 19 मंत्रियों को शपथ दिलाई है। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री शरीफ सहित अन्य लोग शामिल हुए। हालांकि नए मंत्रियों के पोर्टफोलियो की घोषणा अभी नही की गई है। इससे पहले, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कैबिनेट के लिए 19 नामों की सिफारिश की थी। पीएम शहबाज शरीफ ने राष्ट्रपति जरदारी को इस बाबत पत्र लिखा था। साथ ही शपथ ग्रहण के बाद ही पहली कैबिनेट बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिन लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है उनमें इशाक डार, ख्वाजा आसिफ, अहसान इकबाल, मुहम्मद औरंगजेब, आजम तरार, राणा तनवीर, मोहसिन नकवी, अहद चीमा, खालिद मकबूल सिद्दीकी, रियाज प्रिजादा, कैसर शेख, शजा फातिमा, अलीम खान, जाम कमाल, अमीर मुकाम, अवैस लेघारी, अत्ता तरार, सालिक हुसैन और मुसद्दिक मलिक शामिल हैं।



गौरतलब है कि इन मंत्रियों के पोर्टफोलियो का अभी एलान नहीं किया गया है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि मुहम्मद औरंगजेब को वित्त मंत्री, इशाक डार को विदेश मंत्री और ख्वाजा आसिफ को रक्षा मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, आजम तरार कानून मंत्री, अत्ता तरार सूचना मंत्री, मुसद्दिक मलिक पेट्रोलियम मंत्री, मोहसिन नकवी आंतरिक मंत्री और अहद चीमा कश्मीर मामलों के मंत्री बनाए जा सकते हैं। वहीं, मुहम्मद औरंगजेब, मोहसिन नकवी और अहद चीमा को सलाहकार के रूप में कैबिनेट में शामिल किया गया है। वहीं, शहबाज कैबिनेट में सिर्फ एक महिला शजा फातिमा को शामिल किया गया है। शपथ ग्रहण प्रधानमंत्री शरीफ द्वारा 19 नामों की सिफारिश करने के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसके एक दिन बाद उन्होंने इस मामले पर अपने अंदरूनी नेताओं के साथ मैराथन बैठक की। शहबाज शरीफ की नई कैबिनेट में कई ऐसे भी नेता हैं, जो पिछली सरकार में भी शामिल थे।

## *नईम अफगान ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में ली शपथ*

***इस्लामाबाद।*** *पाकिस्तान के काजी फैज ईसा ने सोमवार को यहां एक समारोह में न्यायमूर्ति नईम अख्तर अफगान को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अफगान की नियुक्ति पिछले सप्ताह संविधान के अनुच्छेद 175 (ए) के तहत पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की मंजूरी के बाद हुई है। न्यायमूर्ति मुहम्मद हाशिम खान काकर श्री अल्वी की मंजूरी के बाद संविधान के अनुच्छेद 196 के तहत बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनने के लिए तैयार हैं। पूर्व राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद शुक्रवार को न्यायमूर्ति मलिक शहजाद अहमद खान ने भी लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। न्यायमूर्ति अफगान के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने के साथ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या 14 हो गई है। इसके अलावा शीर्ष अदालत में तीन और पद रिक्त हैं।*

# मुर्मू मॉरीशस की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 मार्च को राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए मॉरीशस की तीन दिवसीय सरकारी यात्रा पर सोमवार को रवाना हुईं।




सुश्री मुर्मू भारतीय नौसेना की टुकड़ी नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन, आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी के दो जहाजों के साथ उत्सव में भाग लेगी। वह अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन और प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी।

राष्ट्रपति मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष मॉरीशस सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और अन्य नेताओं से भी मिलेंगी।

इस दौरान सुश्री मुर्मू और श्री जुगनौथ संयुक्त रूप से 14 भारत-सहायता प्राप्त परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि 2000 के बाद से मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले छठे भारतीय राष्ट्रपति के रूप में सुश्री मुर्मू की यात्रा भारत और मॉरीशस के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। इसके अतिरिक्त वह मॉरीशस विश्वविद्यालय में मॉरीशस के युवाओं और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों, भारतीय प्रवासियों के सदस्यों और महात्मा गांधी संस्थान में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति की मॉरीशस यात्रा सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

*याह्या को 7 अक्टूबर को हुए नरसंहार का माना जाता है मास्टरमाइंड*

# आईडीएफ ने हमास नेता याह्या सिनवार की तलाश की तेज

**तेल अवीव,** 11 मार्च (एजेंसियां)। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के वरिष्ठ नेता याह्या सिनवार की तलाश में दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस क्षेत्र में छापेमारी तेज कर दी है। सिनवार के इलाके में छिपे होने की खुफिया रिपोर्ट के बाद रविवार रात से आईडीएफ ने कार्रवाई तेज कर दी है। सिनवार को इजराइल में पिछले साल सात अक्टूबर को हुए नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है। खान यूनिस क्षेत्र हमास का आधार रहा है और याह्या सिनवार इसी क्षेत्र से आते हैं। इज़राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने याह्या सिनवार को मृत या जीवित पकड़ने के प्रयास में क्षेत्र को निशाना बनाया है और क्षेत्र में कई भूमिगत सुरंगों को नष्ट कर दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्री के कार्यालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि शिन बेट ने खान यूनिस क्षेत्र में सिनवार की मौजूदगी की सूचना दी है।



युद्ध शुरू होने पर इज़राइल के रक्षा मंत्री यूव गैलेंट ने खुले तौर पर याह्या सिनवार की हत्या का आह्वान किया था और सात अक्टूबर के नरसंहार और अपहरण के लिए उसे दोषी ठहराया था। इज़राइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि रविवार देर रात से सैनिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# इंडोनेशिया में बाढ़, भूस्खलन से मृतकों की संख्या 26 तक पहुंची



इंडोनेशिया, 11 मार्च (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। बचावकर्मी हालांकि 11 लापता लोगों की तलाश में जुटी हुई है। राष्ट्रीय आपदा शमन एजेंसी (बीएनपीबी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के प्रावक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया आपदा से करीब 39 हजार लोग प्रभावित हुये है। उन्होंने बचावकर्मी और स्थानीय प्रशासन से मिलकर आपदा शमन में तेजी लाने और प्रभावित लोगों को सहायता करने का आग्रह किया है।

पिछले गुरुवार को प्रांत में बाढ़ और भूस्खलन होने से हजारों घर और सार्वजनिक सुविधाएं जलमग्न हो गईं। जिसके बाद क्षेत्र की बिजली काट दी गई। क्षेत्र के हालात को देखते हुए प्रशासन को दो सप्ताह के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया चेतावनी जारी करनी पड़ी। इंडोनेशिया पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में स्थित है और यहां अक्सर ज्वालामुखी विस्फोट और भूकंप होते रहते हैं तथा भूस्खलन एवं अचानक समुद्र में तूफान आने से बाढ़ की स्थिति बनी रहती है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 12 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश मेंध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा है। व्यापार के साथ ही आय वृद्धि भी बेहतर रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ वातावरण आनंदमय रहेगा। नए संपर्क और परिचय व्यापार के क्षेत्र में लाभप्रद रहेंगे।

मिथुन - आज शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में आपके काम की प्रशंसा होगी। व्यापारियों अपने व्यापार की वृद्धि कर सकेंगे। इससे आप अधिक प्रोत्साहित होंगे। पदोन्नति का योग है।

कर्क - आज आपकी भाग्य वृद्धि के साथ आकस्मिक धन लाभ होगा। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के प्रयास सफल होंगे। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे। धार्मिक काम या यात्रा के पीछे धन खर्च होगा।

सिंह - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना रहेगा। तबीयत के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। निषेधात्मक विचार आपको गलत मार्ग पर न ले जाए, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा।

कन्या - आज आप दांपत्यजीवन के सुखद क्षणों का अनुभव करेंगे। सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों में भाग लेंगे। वस्त्राभूषण और वाहन की खरीदी होगी।

तुला - सामान्य रूप से आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति की भी तबीयत में सुधार होगा। घर में सुख- शांति के वातावरण में आप समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

वृश्चिक - आपका दिन मध्यम फलदायी हैं। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता मिल सकती है। नए काम की शुरुआत आज ना करें। आर्थिक आयोजन के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

धनु - आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर - आज का दिन नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ है। नौकरी, व्यापार तथा दैनिक काम में अनुकूलता बनी रहेगी। इससे मन खुश रहेगा। भाई-बंधुओं से लाभ तथा सहयोग मिलेगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

कुंभ - आज किसी से भी विवाद ना करें, अन्यथा मानहानि हो सकती है। धार्मिक काम में खर्च हो सकता है। पारिवारिक वातावरण बिगड़ सकता है। काम में असफलता से मन में असंतोष तथा निराशा की भावना रहेगी।

मीन - आज का दिन शुभ फलदायी है। उत्साह बना रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए के लिए दिन अच्छा है। परिवार के सदस्यों तथा मित्रों के साथ भोजन का अवसर मिलेगा। धनलाभ होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1356 - ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में विश्वविद्यालय की स्थापना।
1609 - अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप अंग्रेजों का उपनिवेश बना।
1612 - बंगाल के अंतिम स्वतंत्र अफगान शासक उस्मान खान लोहानी की मौत।
1872 - भारत के तत्कालीन वायसराय लार्ड मेयो को मारने वाले शेर अली को फांसी।
1881 - एंड्रयू वॉटसन का स्कॉटलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में पदार्पण, दुनिया के पहले अश्वेत अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी बने।
1904 - ब्रिटेन में मुख्य लाईन पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली।
1913 - महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण का जन्म।
1930 - महात्मा गांधी ने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से दांडी मार्च शुरू की।
1948 - कोस्टा रिका में गृहयुद्ध शुरू हुआ।
1954 - भारत सरकार ने साहित्य अकादमी की शुरुआत की।
1967 - इंदिरा गांधी दूसरी बार देश की प्रधानमंत्री बनीं।
1968 - मॉरीशस को ब्रिटिश से आजादी मिली।
1970 - अमेरिका में मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष हुई।
1984 - बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल का जन्म।
1993 - मुंबई में हुए अनेक बम विस्फोट से 257 लोगों की मौत और सैकड़ों घायल।
2003 - सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिनजिब की बेलग्रेड में हत्या।
2008 - विश्व की सबसे उम्रदराज महिला वार्वा सेमेनिकोवा का रूस में 117 वर्ष की आयु में निधन।

# गर्मियों में इराक से सटी सीमा पूरी तरह से सुरक्षित हो जाएगी : तुर्की

**अंकारा,** 11 मार्च (एजेंसियां)। तुर्की के रक्षा मंत्री यासर गुलेर ने सोमवार को कहा कि देश के सशस्त्र बलों को गर्मी में इराक से सटी सीमा को पूरी तरह से सुरक्षित करने और आतंकवाद की समस्या को एजेंडे से हटाने की उम्मीद है।

श्री गुलेर ने तुर्की के अखबार हुर्रियत के साथ एक साक्षात्कार में कहा, इस गर्मी में तक हम क्षेत्र के उस घेरे को बंद कर देंगे जो इराक से सटी हमारी सीमा को सुरक्षित करेगा और इसके साथ आतंकवाद का मुद्दा अब प्रासंगिक नहीं रहेगा।

रिपोर्ट में बताया कि तुर्की सशस्त्र बलों को देश में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के उग्रवादियों के खिलाफ उत्तरी इराक में बड़े पैमाने पर जमीनी अभियान चलाने की उम्मीद है और इसके लिए बगदाद प्रशासन के साथ एक समझौता हुआ है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए अमेरिका या रूस से कोई अनुमति नहीं मांगी जाएगी। श्री गुलेर ने कहा, जब हमारे देश की सुरक्षा की बात सामने आती है, तो हम किसी से कुछ भी सलाह नहीं मांगते हैं और जो जरूरी होता है, वह करते हैं। किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि तुर्की बड़ा देश है। हमने न किसी के आदेश को माना है और न ही मानंगे।

# यूक्रेन को वित्तीय सहायता नहीं देंगे ट्रंप : ओर्बन

**वाशिंगटन,** 11 मार्च (एजेंसियां)। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बार चुनाव जीतने पर यूक्रेन को वित्तीय सहायता नहीं देने का वादा किया है। श्री ट्रम्प ने हंगरी और अमेरिका के सामान्य हित के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो निवास पर श्री ओर्बन से मुलाकात की। श्री ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें राष्ट्रपति के रूप में चुना जाता है तो वह यूक्रेन को वित्तीय सहित अन्य सहायता देना बंद कर देंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्री ट्रम्प



और श्री ओर्बन लंबे समय से सहयोगी हैं जो रूढ़िवादी राजनीतिक विचार साझा करते हैं। दोनों सार्वजनिक रूप से पारस्परिक सम्मान और समर्थन व्यक्त करते हैं। श्री ओर्बन ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए श्री ट्रम्प का समर्थन किया है।

## यूक्रेनी युद्ध में शामिल ब्रिटिश सैनिक ने की आत्महत्या

**लंदन।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में यूक्रेनी सेना के साथ शामिल ब्रिटेन के एक सैनिक हैरी ग्रेग ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली है। ब्रिटेन के 'द टेलीग्राफ' अखबार ने यह जानकारी दी। ग्रेग (25) ने ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस के इस आश्वासन के बाद यूक्रेनी सेना में शामिल होने का फैसला किया कि वह यूक्रेन युद्ध में शामिल होने वाले वाले अपने किसी भी व्यक्ति का 'पूरी तरह से' समर्थन करेंगी। उनके परिवार ने बताया कि ग्रेग ने सेना कैडेट के रूप में प्रशिक्षण की अवधि को छोड़कर कोई औपचारिक सैन्य प्रशिक्षण नहीं होने के बावजूद जाने का फैसला किया। यूक्रेन के उसके प्रशिक्षण शिविर पर हुए हमले में उनका साथी सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक अन्य सैनिक की मौत हो गयी थी। बाद में, ग्रेग को कथित तौर पर उसके 25वें जन्मदिन के अगले दिन अपने घर में फांसी पर लटका पाया गया।

# पूर्वी तंजानिया में ट्रक-बस की टक्कर में नौ लोगों की मौत




**डोडोमा,** 11 मार्च (एजेंसियां)। पूर्वी तंजानिया में रविवार शाम एक मिनीबस और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय आयुक्त अबूबकर कुनेन्गो ने बताया कि घटना तटीय क्षेत्र के बागमोयो जिले में दार एस सलाम-बागामायो राजमार्ग के किनारे किरोमो गांव में उस समय हुई जब ट्रक के चालक ने दो अन्य वाहनों को ओवरटेक करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ट्रक का चालक दो वाहनों को ओवरटेक करने में विफल रहा और विपरीत दिशा में जा रही मिनीबस से टकरा गया। ट्रक का चालक मौके से भाग गया और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# सिडनी-ऑकलैंड उड़ान में तकनीकी खराबी, 50 लोग घायल

**ऑकलैंड,** 11 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से न्यूजीलैंड के ऑकलैंड जाने वाली लैटम एयरलाइंस की एक उड़ान में सोमवार को 'तकनीकी समस्या' के कारण बहुत तेज हलचल हुई, जिससे 50 लोग घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों ने सीट बेल्ट नहीं पहन रखी थी, जिसके कारण वे चोटिल हो गये।



लैटम एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि उड़ान संख्या एलए800 में उड़ान के दौरान एक तकनीकी समस्या हुई, जिसके कारण विमान बहुत जोर से हिला। घटना के कारण नौ यात्री और चालक दल के तीन सदस्य घायल हो गये। बयान के मुताबिक नौ यात्रियों और चालक दल के तीन सदस्यों को चिकित्सा जांच के लिए मिडिलमोर अस्पताल ले जाया गया है, जहां किसी गंभीर चोट की रिपोर्ट नहीं मिली है।

## *फ्रांस में बाढ़ से तीन लोगों की मौत, चार लापता*

***पेरिस।*** *दक्षिणी फ्रांस में बाढ़ के कारण तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लापता हैं। यह जानकारी फ्रांसीसी मीडिया ने दी। फ्रांसइन्फो रेडियो की रिपोर्ट के मुताबिक लापता लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। शनिवार रात इस क्षेत्र में भारी बारिश हुई, जिसके बाद पुलिस ने सक्रिय खोज एवं बचाव अभियान चलाया। रविवार शाम तक कार में दो मृत लोगों के शव मिले। एक अन्य घटना में बेल्जियम के एक 62 वर्षीय व्यक्ति की उस समय मौत हो गई, जब उसकी कार एक पुल को पार करने की कोशिश में बह गई। बढ़ते जल स्तर के कारण सड़क पर यातायात अवरुद्ध हो गया था।*


## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04066/04065 आनन्द विहार टर्मिनल – पटना जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सुपरफास्ट ए.सी. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:20 | -- |
| 16:00 | -- | पटना जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (सोमवार एवं गुरूवार) एवं **04065 पटना जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – बरौनी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04061 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:50 | दिल्ली जं. | 07:35 | -- |
| 06:30 | -- | बरौनी जं. | -- | 08:00 |

**चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं.** से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) एवं **04061 बरौनी जं.** से दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (सोमवार)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**04518/04517 चंडीगढ़ – गोरखपुर जं. – चंडीगढ़ आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04518 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04517 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:15 | चंडीगढ़ | 14:10 | -- |
| 18:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 22:05 |

**चलने की तिथि : 04518 चंडीगढ़** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (गुरूवार) एवं **04517 गोरखपुर जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य।
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**04060/04059 आनन्द विहार टर्मिनल – जयनगर – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04060 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 19:55 | -- |
| 15:15 | -- | जयनगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 04060 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं **04059 जयनगर** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार)।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**01664/01663 आनन्द विहार टर्मिनल – सहरसा जं. – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01664 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01663 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:10 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:55 | -- |
| 11:20 | -- | सहरसा जं. | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 01664 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) को एवं **01663 सहरसा जं.** से दिनांक 27.03.2024 (बुधवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04010 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:45 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:05 | -- |
| 05:20 | -- | जोगबनी | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.03.2024 (मंगलवार) को एवं **04009 जोगबनी** से दिनांक 28.03.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद जं., मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट एवं अररिया स्टेशन।

**04068/04067 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04068 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04067 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:40 | -- |
| 16:30 | -- | दरभंगा जं. | -- | 18:00 |

**चलने की तिथि : 04068 दिल्ली जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04067 दरभंगा जं.** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी जं. एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – सीतामढ़ी जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04004 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04003 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:10 | नई दिल्ली | 01:30 | -- |
| 22:00 | -- | सीतामढ़ी जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि : 04004 नई दिल्ली** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04003 सीतामढ़ी जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, शॉहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, एवं बैरगनियां स्टेशन।

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रादेशिकी

## हिमाचल में फिर बिगड़ा मौसम

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले कई हिस्सों में मौसम फिर बिगड़ गया है। लाहौल-स्पीति जिले के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में सोमवार सुबह हिमपात हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज ऊंची चोटियां में बारिश-हिमपात का पूर्वानुमान जताया गया है। मंगलवार रात से क्षेत्र में एक और ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान जताया गया है। इसके प्रभाव से 13 और 14 मार्च को भी कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी के आसार जताये गए हैं। गुरुवार को ऊंची चोटियों पर मौसम खराब रह सकता है। इसके अलावा 16 मार्च से क्षेत्र में मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं राजधानी शिमला और आसपास क्षेत्रों में आज सुबह धूप खिली, लेकिन दोपहर से बादल छाए हुए हैं।

### सचिवालय में धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक

# वर्क पोस्ट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए मिली मंजूरी



अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। कैबिनेट बैठक में प्रेमचंद अग्रवाल, धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, गणेश जोशी और रेखा आर्य मौजूद रहे। मंत्रिमंडल की बैठक खत्म होने के बाद सचिव शैलेश बगौली ने बताया धामी मंत्रीमंडल की बैठक में 11 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इन प्रस्तावों में उत्तराखंड सेवा नीति को मंजूरी, लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नीति संशोधन, पांच दिवसीय हेली दर्शन का कार्यक्रम के आयोजन पर धामी कैबिनेट ने मुहर लगाई है। कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि अटल आयुष्मान योजना के तहत डायलिसिस सेंटर को शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी। वर्ल्ड बैंक के तहत संचालित होने वाले वर्क पोस्ट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए 630 करोड़ रुपए की मंजूरी कैबिनेट ने दी है। लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के लिए ऊर्जा विभाग की ओर से तैयार नीति में संशोधन के निर्देश दिए है।

उत्तराखंड सेवा नीति को पर भी कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है। साल 2030 तक के लिए नीति तैयार की गई है। राजकीय होटल मैनेजमेंट, पिथौरागढ़ की सेवा नियमावली को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। काशीपुर के गढ़ी नेगी क्षेत्र को नगर पंचायत बनाने को मंजूरी दी है। उच्च शिक्षा के तहत राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 100 शोधार्थियों को पांच हजार रुपए छात्रवृति दी जाएगी। प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए बीएड की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। बीएड के स्थान पर अब बीएलएड के तहत शिक्षको की भर्ती होगी। प्रदेश में पर्यटन को बढावा देने के लिए हेली दर्शन सेवा को शुरू की गई है। पांच दिवसीय हेली दर्शन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने 84 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

### चुनाव से पहले युवाओं को लुभाने की हो रही है कोशिश

**देहरादून।** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव से पहले सरकार खूब नियुक्ति पत्र बांट रही है। इसके लिए बाकायदा बड़े बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के जरिये धामी सरकार प्रदेशवासियों को रोजगार का संदेश देना चाहती है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले सरकार युवाओं को उनकी मेहनत से ही पास की गई परीक्षाओं में उत्तीर्ण के नियुक्त पत्र बांट रही है।



आज भी सीएम धामी ने खेल नीति-2021 के तहत विभिन्न पदों पर चयनित राज्य के 31 विशिष्ट खिलाड़ियों को खेल विभाग, परिवहन विभाग में 25 कनिष्ठ सहायकों , युवा कल्याण एवं वन विभाग में आउट ऑफ टर्न सेवायोजन, गृह विभाग तथा उद्यान विभाग में 28 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। सीएम धामी ने आज कुल 84 अभ्यर्थियों नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान सीएम धामी ने कहा जब युवाओं के हाथों में नियुक्ति पत्र सौंपे तो सभी के चेहरे पर अलग खुशी थी। उन्होंने कहा सरकार लगातार खाली पदों को भरने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार चाहती है की युवा अपने राज्य में ही नौकरी करें। हम उन्हें यहां सेवा करने का अवसर दें। सीएम ने कहा सभी अभ्यर्थियों ने कड़ी मेहनत व परिश्रम से ये सफलता हासिल की है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से दायित्व की संवेदनशीलता को समझते हुए जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ काम करने की अपील की। सीएम धामी ने कहा आप जितनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से काम करेंगे, आपके आगे की राह उतनी ही सुगम और सरल होगी।

## कांग्रेस ने हिमाचल में रोका विकास का पहिया : अनुराग ठाकुर



**शिमला,** 11 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज हिमाचल प्रवास पर थे। अपने प्रवास के दौरान अनुराग ठाकुर आज धर्मपुर विधानसभा के टिहरा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने पीएनबी ब्रांच का उद्घाटन किया और उसके बाद नशा मुक्ति अभियान हेतु आयोजित बाइक रैली में शामिल हुए। अंत में अनुराग ठाकुर ने धर्मपुर मंडल के त्रिदेव सम्मेलन में भाग लिया जहां उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश और शक्ति का संचार किया। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि नशा के खात्मे हेतु समाज, सरकार और हम सभी को एक साथ आने की जरूरत है। मैंने अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने हेतु युवाओं को माध्यम बनाया है। इसके लिए हमने 7000 से ज्यादा हेलमेट बांटे हैं जिससे हमारे युवा सुरक्षित होकर नशा मुक्ति के लिए आवाज उठा सकें। मुझे बेहद प्रसन्नता है की बड़ी संख्या में हमारे युवा इस आंदोलन से जुड़ रहे हैं। आज हमारे ये युवा नशा मुक्ति के ब्रांड एंबेसडर हैं। भाजपा की सरकार में हिमाचल और धर्मपुर को मिली गति आज कांग्रेस राज में थम गई है। पिछले पांच वर्षों के जयराम जी की सरकार में आपने कभी नहीं सुना की पैसों की कमी है। परंतु पिछले 14 महीना से कांग्रेस वाले सिर्फ पैसे ना होने का रोना रो रहे हैं। आप कांग्रेस वालों से पूछना की विधानसभा चुनाव से पहले जो फॉर्म भरवाए थे, उसका क्या किया? अनुराग ठाकुर ने मोदी सरकार को किसने की हितैषी बताते हुए कहा कि किसान कल्याण के लिए मोदी सरकार ने जो काम किया वो आज तक किसी सरकार ने नहीं किया। अगर आप देखेंगे कि स्वामीनाथन कमिटी की रिपोर्ट को लागू किया, लागत + 50% कम से कम मुनाफ़ा दिया, अभी जो गन्ने का मूल्य 315 से बढ़ाकर 340 प्रति क्विंटल किया गया।

**सार संक्षेप**

### जिम्पा ने नौ उम्मीदवारों को दिए नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब के जल आपूर्ति मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा ने सोमवार नौ उम्मीदवारों को जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग में बतौर लिपिक जूनियर टैक्नीशियन और हैल्पर टैक्नीकल के पदों के लिए नियुक्ति पत्र बांटे। श्री जिम्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान राज्य के नौजवानों को रोजग़ार मुहैया करवाने के लिए वचनबद्ध हैं और पंजाब सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ समाज के समूह वर्गों के हितों को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में इन उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र पिछले दिनों संगरूर में हुये समागम के दौरान दिये जाने थे, परन्तु कुछ तकनीकी कारणों से इनको वहाँ नियुक्ति पत्र नहीं दिये जा सके। अब इस संबंधी सारी कागज़ी कार्यवाही पूरी होने पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनको भी जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दिए जाएँ। इन निर्देशों की पालना करते हुए आज इनको आज नियुक्ति पत्र दिये गये हैं।

### सैनी ने अध्यक्ष बैकफिंको, सीचेवाल ने उपाध्यक्ष के तौर पर पद संभाला

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के नवनियुक्त सन्दीप सैनी ने सोमवार पंजाब पिछड़ी श्रेणी भू विकास और वित्त निगम ( बैकफिंको) के अध्यक्ष और हरजिन्दर सिंह सीचेवाल ने उपाध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। श्री सैनी और सीचेवाल ने मुख्यमंत्री मान का धन्यवाद करते हुये कहा कि उनको जो ज़िम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे वह पूरी ज़िम्मेदारी के साथ निभायेंगे और इस क्षेत्र की तरक्की और विकास में विस्तार करेंगे।

### हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष की 'संविधान यात्रा' स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान की 13 मार्च से शुरू होने वाली 'संविधान बचाओ यात्रा' स्थगित हो गयी है। श्री उदयभान ने यहां जारी बयान में कहा कि वायरल बुखार के कारण उन्होंने इसे स्थगित करने का फैसला लिया गया है। यात्रा 13 मार्च को बहादुरगढ़ से शुरू होनी थी, जो एक महीने में प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र कवर करने वाली थी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ होने के बाद यात्रा की तारीख का एलान दोबारा किया जाएगा।

### जिला कल्याण अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने फतेहाबाद जिले में कार्यरत जिला कल्याण अधिकारी को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी लालचंद ने 'अंतरजातीय विवाह शगुन योजना' का लाभ शिकायतकर्ता को देने के बदले में 50 हज़ार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

### नाबालिग से दुष्कर्म, जबरन गर्भपात, दो पर मामला दर्ज

**फगवाड़ा।** पंजाब के नकोदर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और उसका जबरन गर्भपात करवाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

नकोदर सदर पुलिस के अनुसार आरोपियों की शिनाख्त हरप्रीत सिंह और उषा रानी के रूप में की गई है। मामले में जांच अधिकारी कमलेश कौर ने बताया कि पीड़िता की माँ की दर्ज कराई शिकायत के अनुसार आरोपी हरप्रीत ने उनकी बेटी को धमकाकर दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर उसका जबरन गर्भपात करवाया।

## सुक्खू मशाल जुलूस में हुए शामिल

**शिमला,** 11 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सोमवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस द्वारा शिमला के रिज मैदान से निकाले गये मशाल जुलूस में शामिल हुये।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह कैंडल मार्च कथित तौर पर असंवैधानिक तरीकों का उपयोग करते हुये राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिशों के लिये भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) नेतृत्व के खिलाफ निकाला, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। यह मशाल जुलूस अम्बेडकर चौक, चौड़ा मैदान में संपन्न हुआ।श्री सुक्खू ने इस मौके पर कहा कि भाजपा ने अनैतिक तरीके अपनाकर लोकतांत्रिकप्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास किया। भाजपानीत केन्द्र सरकार द्वारा सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राज्य सरकार को आघात पहुंचाने तथा जनमत की अनदेखी करने की कोशिश की गयी। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने सत्ता में रहते हुये राज्य के संसाधनों का जम कर दुरुपयोग किया तथा उनके आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेशवासियों पर कर्ज का भारी बोझ बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि हम सत्ता सुख के लिये नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिये आए हैं। इसी भावना से कार्य करते हुये प्रदेश सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में राजस्व बढ़ाने के सफल प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि कि जनता द्वारा चुनी गई कांग्रेस सरकार अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। इस मशाल जुलूस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह, सभी कैबिनेट मंत्री, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्य संसदीय सचिव, विधायकगण, विभिन्न पार्टी पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।



# प्रधानमंत्री मोदी ने रुद्रपुर को दी एक हजार करोड़ की सौगात

■ 22 किमी लम्बा बनेगा रुद्रपुर बाईपास

**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का कभी भी ऐलान हो सकता है। उससे पहले केंद्र और राज्य सरकार तमाम प्रोजेक्टों का शिलान्यास और उद्घाटन करने में लगी हुई है। इसी क्रम में आज सोमवार 11 मार्च को उत्तराखंड को केंद्र सरकार तरफ से बड़ी सौगात मिली है, जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्जुअली शिलान्यास किया।

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की तरफ से उत्तराखंड को करीब एक हजार करोड़ रुपए की सौगात दी गई है। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के उधमसिंह नगर जिला मुख्यालय रुद्रपुर में 1052 करोड़ की लगाता से 22 किमी लंबे बाइपास का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्जुअली दिल्ली से किया। इसके अलावा इस कार्यक्रम में देहरादून से मंत्री गणेश जोशी भी वर्जुअली जुड़े। इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इस परियोजना से रुद्रपुर शहर में यातायात का दबाव कम होगा। वहीं, उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि बीते 10 सालों में देश के अंदर राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछ गया है, इसके लिए पीएम मोदी बधाई के पात्र है। आज पीएम मोदी ने देशभर में करीब एक लाख करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया हैं, जिसमें मुख्य रूप से द्वारिका-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे है। इसी के साथ एक तोहफा पीएम मोदी ने उत्तराखंड को भी दिया है, जिसमें 21 किमी लंबा रुद्रपुर बाइपास का निर्माण है।



मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि इससे पहले पीएम मोदी उत्तराखंड को कई सौगात दे चुके है, जिसमें दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का निर्माण है, जिसका कार्य काफी तेजी से चल रहा है। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद दिल्ली से देहरादून का समय घटकर मात्र ढाई घंटे हो जाएगा। रुद्रपुर बाइपास उत्तराखंड के जिस रुद्रपुर बाइपास का पीएम मोदी ने शिलान्यास किया है, वो दो राज्यों उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से होकर गुजरेगा। बाईपास में 2 आरओबी, 6 छोटे पुल, एक फ्लाइओवर और 02 रेलवे उपरिगामी सेतु (आरओबी) का निर्माण प्रस्तावित है। रुद्रपुर देश के प्रमुख ऑटोमोबाइल हब में से एक है। यह उत्तराखंड सरकार की सबसे बड़ी एकीकृत औद्योगिक एस्टेट सिडकुल में है। रुद्रपुर में 1300 से अधिक कंपनियां है। परियोजना का निर्माण कार्य 12 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हो चुका है, जिसके पूर्ण किये जाने हेतु 02 वर्ष की समय अवधि निर्धारित है।

## चिकित्सक ने पुत्री की हत्या कर की आत्महत्या

**हिसार,** 11 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा में हिसार के लाला लाजपतराय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के सर्जिकल विभाग में पशुओं की सर्जरी करने वाले वैज्ञानिक ने रविवार अपनी आठ साल की पुत्री की हत्या कर आत्महत्या कर ली। दोनों का सोमवार हिसार के नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसमें चिकित्सक की पुत्री शनाया के पेट और गले पर सर्जिकल ब्लेड से काटने के चार निशान मिले। चिकित्सक संदीप गोयल ने अपने हाथ, छाती और गले की नसों को काटा था, जिससे इन दोनों की मौत हो गई थी।

## उम्मीदवारों के चयन से पहले भाजपा चुनावी रणनीति को धार देने में जुटी

**शिमला,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सूबे की चारों संसदीय सीटों पर उम्मीदवारों के चयन से पहले भाजपा चुनावी रणनीति को धार देने में जुट गई है। भाजपा की कोशिश प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने की है। चारों सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत के लक्ष्य से मैदान में उतर चुकी भाजपा अपने चुनाव अभियान में किसी भी स्तर पर कोई कमीबेशी छोड़ने के मूड में नहीं है। चुनावी रणनीति को धार देने के लिए भाजपा ने न सिर्फ प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्रों में कार्यालय बल्कि वॉर रूम भी खोल दिए हैं। वॉर रूमों के साथ साथ भाजपा के त्रिदेव सम्मेलनों के माध्यम से चुनावी रणनीति को धार दी जा रही है। लोक सभा चुनाव को लेकर भाजपा के पन्ना प्रमुखों के साथ बूथ स्तर के एजेंट व बूथ प्रमुख पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। पार्टी का अल्पसंख्यक मोर्चा ने कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। पन्ना प्रमुख मतदाताओं को लेकर वोटर लिस्ट को खंगाल रहे हैं। त्रिदेव सम्मेलनों में इन्हीं पन्ना प्रमुखों व बूथ लेवल एजेंटों के साथ साथ बूथ कमेटियों की अहम भूमिका है। लिहाजा इन हजारों कार्यकर्ताओं की फौज में जोश भरने के मद्देनजर पार्टी ने त्रिदेव सम्मेलनों को शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कितनी सतर्क है इसका अंदाजा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी प्रदेश की चारों संसदीय सीटों में बैठकें व कार्यकर्ता सम्मेलनों का आयोजन कर चुके हैं। उन्होंने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्षजयराम ठाकुर के अलावा संगठन के अहम पदाधिकारियों को चुनावी रणनीति को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए हैं।

लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हो चुकी है। बैठक में चारों संसदीय सीटों से संभावित पार्टी उम्मीदवारों के नाम का पैनल बना कर केंद्र को भेजा गया है। दिल्ली में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों को लेकर अंतिम फैसला होना है। भाजपा की केंद्रीय कमान की चुनावी तैयारियों पर नजर है।

## भाजपा झूठे वादों, दावों में उलझा कर रखना जानती है : बंसल



**चंडीगढ़,** 11 मार्च (एजेंसियां) कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन बंसल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा शहर वासियों को 40 हज़ार लीटर मुफ्त पानी देने का प्रस्ताव पेश करने पर टिप्पणी करते हुये कहा कि वह सिर्फ जनता को झूठे वादों और दावों में उलझा कर रखना जानती है। श्री बंसल ने कहा कि भाजपा हक़ीकत से कोसों दूर हैं। चुनाव से पहले जनता को 24 घंटे पानी देने का वादा करने वाली भाजपा ने न ही ये वादा निभाया, और न ही नगर निगम के आठ साल के कार्यकाल में एक बूंद भी पानी मुफ्त दिया और अब जब भाजपा-कांग्रेस गठबंधन ने 20 हज़ार लीटर मुफ्त पानी की सुविधा जनता को देनी है तो ये 40 हज़ार लीटर मुफ्त पानी का शगूफा छोड़ कर जनता को मूर्ख बनाना चाहते हैं। अगर भाजपा की नीयत कुछ देने की होती तो 24 घंटे पानी देने का वादा ही पूरा कर लेते।

## विकास अनुदान में हेराफेरी करने पर पूर्व सरपंच और एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ,** 11 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के सतर्कता विभाग (वीबी) ने सोमवार को विकास कार्यों के लिये राज्य सरकार द्वारा जारी अनुदान में गबन करने के आरोप में नवांशहर के गांव नूरपुर के पूर्व सरपंच सुरिंदर सिंह और मलकीत राम को गिरफ्तार किया है और पंचायत सचिव अशोक कुमार की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। वीबी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यहां कहा कि नूरपुर गांव को वर्ष 2014 से 2017 के दौरान एस.सी. और बी.सी. समुदाय के लिये गलियों, श्मशान घाट, नालियों, सीवरेज, धर्मशालाओं के निर्माण के लिए अलग-अलग अनुदान प्राप्त हुए थे। प्राप्त अनुदान में से 75 हजार रुपये उक्त आरोपी व्यक्तियों द्वारा मजदूरों को मजदूरी कार्यों के लिये भुगतान किया जाना था, लेकिन उपरोक्त पंचायत सचिव और सरपंच ने फर्जी प्रविष्टि के रूप में 54,500 रुपये का उल्लेख किया। उपरोक्त मलकीत राम के नाम पर रेत बजरी के भुगतान के लिये कैश बुक और उसके बैंक खाते में जमा किया गया। बाद में यह पैसा मलकीत राम के बैंक से निकाल लिया गया और उन्होंने आपस में बांट लिया। इन आरोपियों ने इस रेत/ बजरी के उपयोग एवं उद्देश्य तथा इस भुगतान के संबंध में पंचायत रजिस्टर में कोई प्रस्ताव नहीं लिखा है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस गांव को विकास कार्यों के लिये दो लाख 60 हजार रुपये की अनुदान राशि मिली है, जिसमें भगत धन्ना राम के नाम पर एक कमरे के निर्माण के लिये एक लाख रुपए, जिम के निर्माण के लिए एक लाख रुपये और सोलर लाइट लगवाने के लिये 60 हजार रुपये शामिल हैं। तकनीकी टीम की रिपोर्ट में जिस काम के लिये यह अनुदान मिला था, वह काम मौके पर होता हुआ नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह साबित हो गया है कि पंचायत सचिव एवं सरपंच द्वारा पंचायत कैश बुक में फर्जी प्रविष्टियां दिखाकर विकास अनुदान में उक्त कार्यों से संबंधित कुल 2,60,000 रुपये का गबन किया गया है।

### भवन की लागत लगभग छह सौ पचास करोड़ चौरासी लाख रुपए है

# छह महीने में एनआईटी के भवन का निर्माण कार्य होगा शुरू

**देहरादून,** 11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी एनआईटी, उत्तराखंड के स्थायी परिसर को पौड़ी के सुमाड़ी में बनाने को लेकर लम्बे समय से चली आ रही खींचतान खत्म हो गयी है और छह महीने के भीतर ही भवन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने यह जानकारी एक पत्रकार वार्ता के दौरान साझा की जिसमे वह कार्यदायी संस्था को एनआईटी उत्तराखंड-सुमाड़ी परिसर, पौडी गढ़वाल में ढांचागत सुविधाओं के निर्माण और विकास कार्य के लिए प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय स्वीकृति सम्बन्धी पत्र सौंप रहे थे।



निदेशक प्रोफेसर अवस्थी ने बताया सुमाड़ी परिसर में 1260 छात्रों के लिए एक आधुनिक और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण और विकास कार्य 60 एकड़ भूमि में लगभग 90451 वर्गमीटर के प्लिंथ क्षेत्र पर राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड (एनबीसीसी) द्वारा किया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग छह सौ पचास करोड़ चौरासी लाख रूपये है। उन्होंने कहा कि एनबीसीसी द्वारा प्रस्तुत किये गए लागत अनुमान में बुनियादी ढांचे के विकासात्मक कार्यों में भवनों के निर्माण के अतरिक्त 6 मीटर चौड़ी और 3.7 किमी लम्बी सड़क का निर्माण भी शामिल है। प्रोफेसर अवस्थी ने कहा कि एनबीसीसी और एनआईटी उत्तराखंड के बीच एमओयू के अनुसार निर्माण कार्यों को कार्य आदेश जारी होने के छत्तीस महीने के भीतर, जिसमें छह महीने परियोजना की प्लानिंग और निर्माण के लिए 30 महीने शामिल हैं। जिसके अनुसार, सम्पूर्ण निर्माण कार्य 30 सितंबर 2027 को या उससे पहले पूरा हो जाने कि उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय मंजूरी मिलने के 15 दिनों के भीतर अनुबंध मूल्य के 10: के बराबर परफॉरमेंस सिक्योरिटी जमा करनी होगी जिसके बाद एन आई टी द्वारा अनुमोदित प्रारंभिक अनुमान की 10: राशि यानी 6500 लाख रूपये की पहली किश्त जारी कर दी जायेगी। 650.85 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को एचईएफए ऋण (हेफा लोन) के माध्यम से वित्त पोषित किया गया है जिसे संस्थान के आंतरिक संसाधनों और शिक्षा मंत्रालय के समर्थन द्वारा संयुक्त रूप से चुकाया जाएगा।

गौरतलब बात है कि शिक्षा मंत्रालय (शिक्षा मंत्रालय) द्वारा संसद के अधिनियम के तहत 2009 उत्तराखंड राज्य में में एनआईटी आवंटित की गयी थी और 2010 से यह संस्थान अस्थाई रूप से राजकीय पॉलिटेक्निक, श्रीनगर के परिसर से संचालित हो रहा था। एनआईटी के लिए सुमाड़ी गावं के समीप 310 एकड़ जमीन दान के रूप में मिली थी परन्तु भूमि चिन्हीकरण और हस्तांतरण कि दिक्कतों की वजह से निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था और लम्बे समय से सुमाड़ी में एनआईटी कैंपस के निर्माण को लेकर जद्दोजहद चल रही थी।

# प्रादेशिकी

## बुजुर्गों के मतदान के लिए फार्म 12डी में करें आवेदन

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी वेदपाल सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित करते हुये बताया कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। उपरोक्त फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा।

# किसान पथ के जरिए साकार हो रहा अटल बिहारी का सपना : योगी

**लखनऊ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास का जो मॉडल लखनऊ में देखने को मिल रहा है वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का ही सपना है, जो धरातल पर उतर रहा है। लखनऊ में तीन हजार 666 करोड़ रुपए की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने सोमवार को कहा कि आज किसान पथ के उद्घाटन के साथ लखनऊ की जाम की समस्या का समधान होने जा रहा है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है, यह गोमती नदी के कट को लेते हुए शहीद पथ को जोड़ेगा, जिससे लखनऊ सिटी को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। दूसरी तरफ गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में विस्तारित एक लाख करोड़ रुपए की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें उत्तर प्रदेश में 5,500 करोड़ रुपए की लागत से आठ लेन की 104 किमी लखनऊ आउटर रिंग रोड (किसान पथ) के तीन पैकेज का उद्घाटन शामिल है। आउटर रिंग रोड यानी किसान पथ के लोकार्पण से इसका लाभ बाराबंकी, गोरखपुर, अयोध्या, सीतापुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली, सुल्तानपुर समेत अन्य जिलों के लोग उठा सकेंगे। इस रिंग रोड के बन जाने से इन शहरों में जाने के लिए लखनऊ में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी। वे बिना शहर में प्रवेश किए सीधे गंतव्य को जा सकेंगे। इससे लखनऊ वालों को भी जाम से छुटकारा मिल जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रीन कॉरीडोर के फर्स्ट फेज का कार्य आज पूरा होन जा रहा है। यहां डीआरडीओ की मदद से रक्षा मंत्रालय ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के सेंटर का भी उद्घाटन किया जा रहा है। ये हमारे युवाओं को स्टार्टअप और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। आज लखनऊ में फॉरेंसिक रिसर्च इंस्ट्रीट्यूट का उद्घाटन और अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी के लोकार्पण का कार्य होने जा रहा है।

- लखनऊ में 206 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास



लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा : योगी आदित्यनाथ

### मानवता को आह्लादित करने वाला है सीएए लागू करने का निर्णय : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में लागू हुए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे मनुष्यता को आह्लादित करने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार शाम लिखे अपने संदेश में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। योगी ने लिखा, पीड़ित मानवता के कल्याणार्थ नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू करने का निर्णय ऐतिहासिक है। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मनुष्यता को आह्लादित करने वाले इस मानवीय निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार एवं गृहमंत्री अमित शाह जी का धन्यवाद। इस अधिनियम के अंतर्गत भारत की नागरिकता प्राप्त करने जा रहे सभी भाइयों-बहनों का हार्दिक अभिनन्दन।




## मेरठ कॉलिज में हुआ विद्यार्थी स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। सोमवार को मेरठ कॉलेज के राम कुमार गुप्ता सभागार में विद्यार्थी स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन साहित्यिक सांस्कृतिक समिति के द्वारा किया गया। इसमें सभी छह संकायों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें प्रतिभागिता करने वाली रीतिका गौतम को प्रथम पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में प्राचार्या प्रोफेसर अंजली मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति रही, उन्होंने आशीर्वचन देते हुए कहा कि इस कॉलेज के मंच से अनगिनत ख्यातिलब्ध कवि निकले हैं। साहित्यिक सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रोफेसर अनीता मलिक के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों का सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में मिला। स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता के संयोजक डा. अशोक शर्मा ने संचालन किया व प्रोफेसर एस.के.एस. यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को पदक तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्राचार्य प्रॉफेसर अंजलि मित्तल के कर कमलों द्वारा प्रदान किए गए।

- रीतिका गौतम को मिला प्रथम पुरस्कार

## सपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम कर रहे कार्यकर्ता : चंद्रपाल

**फर्रुखाबाद,** 11 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित कठेरिया ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के समक्ष अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ पार्टी का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है जो दलित और पिछड़ों को एक साथ जोड़कर समाजवादी पार्टी को और मजबूत करेगा, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता जी जान लगाकर सपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम कर रहे हैं और जीत भी सपा प्रत्याशी की सुनिश्चित होगी। इस मौके पर विनीत कुशवाहा ने कहा की सभी कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में और मेहनत से लग जाए जिससे जनता के मन में कोई शक ना रहे कि इस बार उन्हें डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को ही वोट देकर जिताना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष एवं फ्रंटल संगठन के प्रभारी पुष्पेंद्र यादव, आशीष शर्मा जिला अध्यक्ष मजदूर सभा, शिवम कुशवाहा प्रदेश सचिव छात्र सभा, अखिल कठेरिया सह मीडिया प्रभारी, कौशल कठेरिया, उपेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।



- समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

## सार संक्षेप

### अपोलो हॉस्पिटल्स ने जैप एक्स ब्रेन ट्यूमर केयर किया लांच



**मेरठ।** महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव है। यह एक ऐसी अत्याधुनिक तकनीक से मुमकिन हुआ है जिसे पूरे दक्षिण एशिया में पहली बार भारत में अपोलो हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया है। 30 मिनट के सत्र में मरीज को इस प्रक्रिया के तहत न कोई दर्द और न किसी तरह का दुष्प्रभाव होने वाला है। जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। जानकारी के अनुसार, भारत के सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने जैप-एक्स जाइरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म का अनावरण किया है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह दक्षिण एशिया में पहली बार उपलब्ध हुई है। जैप एक्स के साथ अपोलो हॉस्पिटल्स न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया भर में मरीजों के लिए विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए नवाचार और प्रतिबद्धता की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है।

### पेंशन संबंधी समस्याओं का किया जाएगा निस्तारण

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों की पेंशन, पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए, पेंशन अदालत का आयोजन डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन जाएगा। जिससे कि विद्यमान नियमों के अन्तर्गत पेंशन/पारिवारिक पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं का ''पेंशन अदालत'' के माध्यम से निस्तारण कराया जा सके। इस सम्बन्ध में कारपोरेशन (मुख्यालय), शक्ति भवन, लखनऊ द्वारा त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन (मार्च, जून, सितम्बर एवं दिसम्बर) माह के द्वितीय शनिवार को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पेंशन अदालत में दर्ज कराये जाने वाली शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, सम्बन्धित पत्रों/अभिलेखों सहित पेंशन अदालत में ससमय प्रतिभाग कर, लाभान्वित हो सकते हैं। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों की पेंशन अनन्तिम पेंशन एवं अन्य सेवानैवृत्तिक देयों के सम्बन्ध में कारपोरेशन (मुख्यालय), शक्ति भवन, लखनऊ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों की पेंशन/अनन्तिम पेंशन एवं अन्य सेवानैवृत्तिक देयों का भुगतान उनकी सेवानिवृत्ति तिथि पर किया जाए।

### 19 तक अपत्ति दर्ज कराएं अपात्र आवदेक

**मेरठ।** परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा ने बताया कि निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) लखनऊ उप्र मुख्यालय के पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) क लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के स्वीकृत परियोजनाओ (डीपीआर) का कर्टेलमेंट कर सूडा मुख्यालय को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# सरकार ने बैंककर्मियों के सेवा समर्पण का सम्मान किया : सुशील आहूजा

- सार्वजनिक बैंक के कर्मचारियों व अधिकारियों को वेतन वृद्धि की सौगात
- देश भर के 10 लाख से ज्यादा बैंक अधिकारी व कर्मचारी होंगे लाभांवित
- बिना हड़ताल किए सरकार ने मांगे स्वीकारी

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। आम चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले सरकार ने देश भर के 10 लाख से ज्यादा बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों को नवंबर 2022 से लंबित वेतन वृद्धि की सौगात दी है। जिसके बाद अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। बता दें की सार्वजनिक बैंक के कर्मचारियों अधिकारियों का वेतन समझौता हर 5 साल के अंतराल में होता है। बैंक कर्मचारियों अधिकारियों की तरफ से उनकी यूनियन फेडरेशन प्रतिनिधित्व करती है और सरकार की ओर से आईबीए यानी इंडियन बैंकर्स एसोसिएशन सरकार का प्रतिनिधित्व करती है। एसबीआई के दिल्ली सर्किल के स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव सुशील आहूजा और प्रेसिडेंट जितेंदर पाल सिंह सेठी ने सभी बैंक अधिकारियों को इस ऐतिहासिक वेतन वृद्धि की बधाई दी। आहूजा ने बताया की बैंकिंग इतिहास में पहली बार बिना सड़कों पर उतरे बिना हड़ताल किए सरकार ने बड़ा दिल दिखाते हुए बैंक कर्मचारी अधिकारी गण को वेतन वृद्धि देकर बैंक कर्मचारी की सेवा समर्पण और कार्य कुशलता का सम्मान किया है। प्रेसिडेंट जितेंद्र पाल सिंह सेठी ने बताया कि इस वेतन समझौते की अन्य खास बातों के अलावा महिला कर्मचारियों अधिकारियों के लिए प्रति माह एक मेडिकल लीव बिना मेडिकल सर्टिफिकेट के स्वीकृत होना बैंक में काम करने वाली महिलाओं के लिए सरकार की तरफ से बड़ा सम्मान देने है। श्री सेठी ने बताया की वेतन समझौते में लगभग सभी कॉम्पोनेंट्स में अच्छी वृद्धि हुई है।

देशबन्धु समाचार पत्र की टीम से बातचीत के दौरान महासचिव सुशील आहूजा ने बताया की पूरी ऑफिसर एसोसिएशन इस वेतन विधि के लिए यूनियन फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण की का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है और उन्होंने बताया कि हम सुनिश्चित करते हैं की स्टेट बैंक के अधिकारी इसी तरह समर्पित सेवा भाव से अपनी कार्य कुशलता से भारत सरकार के आर्थिक जन सेवा के एजेंडे को आगे बढ़ाने में हमेशा अग्रणी रहेंगे। बता दे कि सर्कल के ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव के पद पर होने के साथ-साथ सुशील आहूजा फेडरेशन में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और 'पइवब में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर मनोनीत है और जतिंदर पाल सिंह सेठी दिल्ली सर्किल ऑफिसर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट के साथ-साथ फेडरेशन के संयुक्त सचिन और 'पइवब के वाइस प्रेसिडेंट का दायित्व निभा रहे। जब मुंबई में देश भर के बैंक अधिकारियों और कर्मचारी के लिए सरकार और फेडरेशन के बीच में समझौते पर हस्ताक्षर हो रहे थे तो उसे ऐतिहासिक पल के साक्षी सुशील आहूजा और जितेंद्र पाल सिंह सेठी भी मौजूद थे जो स्टेट बैंक के दिल्ली सर्किल के अधिकारियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे और यह स्टेट बैंक के दिल्ली सर्किल के लिए बहुत बड़ी और सम्मान की बात है। इस वेतन समझौते घोषणा को सेलिब्रेट करने के लिए और और संगठन और फेडरेशन के शीश पदाधिकारी को धन्यवाद व्यापित करने के लिए मेरठ में स्टेट बैंक के आंचलिक कार्यालय में दोपहर को सभी अधिकारियों ने इकट्ठे होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। खास बात यह है कि ये समझौता कर्मचारियों व अधिकारियों का वार्षिक पैकेज ढाई लाख रुपए से पांच लाख रूपये वार्षिक औसत वृद्धि की सौगात लेकर आया है।



मुंबई में वेतन समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद जॉइंट नोट की कॉपी के साथ बाय सुशील आहूजा और दाएं जितेंद्र पाल सिंह सेठी। फोटो देशबन्धु

## एएसपीजी कॉलेज में शारीरिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**मवाना,** 11 मार्च (देशबन्धु)। नगर स्थित एएसपीजी कालिज के शारीरिक शिक्षा प्रभारी दुलीचन्द महला ने बताया कि महाविद्यालय में सोमवार को अन्तरसंकाय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार द्वारा किया गया। वालीबॉल अन्तरसंकाय प्रतियोगिता छात्र वर्ग का मैच वाणिज्य संकाय व विज्ञान संकाय के मध्य खेला गया। खेलों की शुरुआत प्राचार्य द्वारा दोनो टीमो के मध्य सिक्का उछालकर टॉस कराया व सर्विस कर खेल की शुरूआत की। विज्ञान संकाय ने वाणिज्य संकाय को 3-2 सैट के अंतर से हराया। छात्रा वर्ग के मैच का उद्घाटन प्रो. पूनम रानी व प्रो. रक्षा गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया गया जिसमें विज्ञान संकाय ने वाणिज्य संकाय को 2-0 सैट से हराया। डा. कुलदीप मलिक, सहायक प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग व डा. नीतू सिंह, सहायक प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग मैच रेफरी रहे। अजय सिंह धामी व नवीन कुमार ने स्कोरर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दौरान प्रो. सचिन कुमार, प्रो. शर्मिला दयाल, अमरीता कुमारी, संजीव कुमार, डा. प्रमोद कुमार, राबिन सिंह, राजेश कुमार गौतम व डा. एमएन सिद्दकी आदि का विशेष सहयोग रहा।



प्राचार्य ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

## पवित्र मन से ही मिलता है मोक्ष : भावभूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर,** 11 मार्च (देशबन्धु)। प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के 23वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतों का स्वर्ण कलश अभिषेकआर.के. जैन शान्तिधारा शैंकी जैन, नितिन जैन अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन रेखा जैन, विधि जैन ने किया। बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। सोमवार को विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने प्रवचनों में कहा कि प्रभु से यही प्रार्थना करना कि हे प्रभु मेरी भक्ति का फल यही देना कि मेरा मन पवित्र हो जाए, शान्त हो जाए, मैं निरन्तर धर्म कार्य में संलग्न रहूं, क्योकि किसी और की कामना क्या करूं बस इतना फल मिल गया तो जीवन धन्य हो गया। तदोपरान्त देव-शास्त्र-गुरू की पूजन आदिनाथ भगवान की पूजन के उपरांत विभिन्न प्रांतों से आए 101 परिवारों ने तीर्थंकरों को 48 अर्घ्य चढ़ा पुण्य का संचय किया।

## जिलाधिकारी ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में औद्योगिक संगठनो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में औद्योगिक संगठनो के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न समस्याएं रखी गई जिनमें मुख्य रूप से ट्रैफिक जाम, सड़क व आवारा बंदर, कुत्तों से संबंधित रही। स्वर्णकार कारीगरों को विश्वकर्मा सम्मान योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को स्थान चयन कर कैम्प लगाने के निर्देश दिए गए। जाम की समस्या के समाधान के संबंध में जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि समस्या के समाधान हेतु विभिन्न बिन्दुओ पर कार्यवाही की जा रही है, जिसमें एलिवेटेड रोड बनाने, सडक चौडीकरण आदि शामिल है। कुत्तो व बंदर की समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



**आयोजन** *श्री वेंक्टेश्वरा विवि में मातृशक्ति सम्मान समारोह का हुआ समापन*

# भारत में आज महिलाओं का सम्मान शिखर पर : डॉ. सुधीर गिरि

- पश्चिम उत्तर प्रदेश में सराहनीय कार्य करने वाली 132 महिलाएं सम्मानित
- सरकार की महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं से मजबूत बन रही महिलाएं : डॉ. राजीव त्यागी
- छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर दी शानदार प्रस्तुतियां

**मेरठ,** 11 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय 'मातृशक्ति सम्मान समारोह-2024' का समापन किया गया। जो आठ मार्च से शुरू होकर 11 मार्च तक चलाया आयोजित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं काव्य पाठ समेत विभिन्न शानदार प्रस्तुतियां देकर इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली एक सौ बत्तीस महिलाओं को पटका, पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह् देकर 'मातृशक्ति सम्मान-2024' से सम्मानित किया गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में आयोजित चारदिवसीय मातृशक्ति सम्मान समारोह के समापन समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. ऐ.के. शुक्ला, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापकध् अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि देश के सर्वोच्य संवैधानिक राष्ट्रपति पद पर महामहिम द्रोपदी मुर्मू का आसीन होना इस बात का परिचायक है कि आज भारत में महिलाऐं शिखर पर स्थापित हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ- बेटी खिलाओ' एवं नारी वंदन जैसी शानदार योजनाओं से देश में मातृशक्ति का सम्मान बढ़ा है। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली शीर्ष महिलाओं में डॉ. एना. ऐरिक ब्राउन (नर्सिंग), डॉ. दिव्या गिरधर (पत्रकारिता), डॉ. सची अहलावत (चिकित्सा), डॉ. रेहाना (गायनी), डॉ. प्राची त्यागी (गायनी), डॉ. अपराजिता (चिकित्सा), डॉ. वर्षा यादव (भौतिकी), डॉ. शिल्पी शर्मा (फार्मा), डॉ. श्वेता गुप्ता (एग्रीकल्चर), अजहा खान (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी), डॉ. ज्योति सिंह (एग्रीकल्चर), डॉ. श्रद्धा पाण्डे (एप्लाइड सांइंसेज), डॉ. ऐश्वर्या सिंह (एप्लाइड), डॉ. पवनजीत कौर (रसायन विज्ञान) प्रमुख रहे। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सी.ई.ओ. डॉ. एच.पी. सिंह, सी.एफओ. विकास भाटिया, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, हॉस्पीटल प्रबंधक एम.ए. चौधरी, मारूफ चौधरी, एस. एस. बघेल, विकास श्रीवास्तव मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।






देशबन्धु | नई दिल्ली, मंगलवार, 12 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी का पहला गाना वंदे वीरम रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की आने वाली फिल्म बस्तर : द नक्सल स्टोरी का पहला गाना 'वंदे वीरम 'रिलीजहो गया है। द केरल स्टोरी की सफलता के बाद अदा शर्मा की फिल्म बस्तर 'द नक्सल स्टोरी आने वाली है। 'द केरल स्टोरी' के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा इस फिल्म से जुड़ी हैं। **फ़िल्म बस्तर:** द नक्सल स्टोरी का पहला गाना 'वंदे वीरम' रिलीज हो गया है। जावेद अली की आवाज में यह गाना देश के लोगों के भीतर देशभक्ति की भावना जगाने वाला है। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और आशिन ए. शाह द्वारा सह-निर्मित, बस्तर : द नक्सल स्टोरी सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले बनाई गई है।

# बदलते मौसम में संक्रामक बीमारियों से सावधानी बरतें



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। ये महीना मौसम में बदलाव ला रहा है, ऐसे में बदलता मौसम और हवा का बदलता मिजाज कई तरह की संक्रामक बीमारियों को अपने साथ लेकर आता है।

मौसम बदल रहा है और जल्द ही गर्मी दस्तक देने वाली हैं। सेहत के लिहाज से यही बदलता मौसम सेहत के लिए कई तरह के नुकसान पहुंचाता है। इन्हीं में शामिल हैं वो संक्रामक बीमारियां जो बदलते मौसम में सेहत के लिए खतरा बन जाती हैं। ऐसे मौसम में ही फ्लू और अन्य संक्रामक बीमारियां बच्चों से लेकर बड़ों तक को हलकान कर डालती हैं, चलिए जानते हैं कि बदलते मौसम में कौन कौन सी संक्रामक बीमारियां अपने पैर पसारती है और उनसे बचने के लिए क्या करना चाहिए। बदलते मौसम में सुबह और शाम मौसम ठंडा रहता है, वही दोपहर में तेज धूप से गर्मी जैसा महोल हो जाता है, जिसके कारण भी लोग बीमार हो रहे। जैसे कि बुखार, सर्दी जुखाम का संक्रमण हो रहा।

### जुकाम और नाक का संक्रमण

बदलते मौसम में जब हवा शुष्क होने लगती है तो नाक पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है, ठंडी हवा के चलते बीमार होने वालों की संख्या एकाएक बढ़ जाती है। दरअसल जह ठंडी और रूखी हवा हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम की सुरक्षा करने वाली मेमब्रेन्स के संपर्क में आती है तो इन झिल्लियों की नमी खो जाती है और बाहरी बैक्टीरिया फेफड़ों में घुस जाते हैं। ऐसे में सर्दी जुकाम और नाक के संक्रमण की परेशानी पैदा हो जाती है. इसी के चलते व्यक्ति वायरल संक्रमण का शिकार होता है।

बदलते मौसम में इंफ्लुएंजा फ्लू का सबसे ज्यादा खतरा पैदा होता है। सूखी हवा के शरीर में जाते ही सर्दी जुकाम के साथ साथ गला खराब होना, हाथ पैरों में दर्द, जकड़न और गले में कांटे उगने की तकलीफ होने लगती है। इन्हीं कारणों से व्यक्ति फ्लू के वायरस से पीड़ित होता और उसे वायरल बुखार का शिकार होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता।

### बचाओं कैसे करें

इस दौरान सेहत को लेकर बहुत सजग रहने की आवश्यकता होती है। बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपका स्वास्थ्य बिगाड़ सकती है। जब भी एक मौसम जाता है और दूसरा मौसम आने को होता है, उसे संधि काल कहा जाता है। इस दौरान सेहत का और भी ज्यादा ध्यान रखना होता है। गर्मी और सर्दी के बीच का मौसम बहुत अहम होता है, क्योंकि इस दौरान छोटी-छोटी अनदेखी भी नाक और गले पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। बदलते मौसम में नाक, कान, गले से संबंधित परेशानियां बढ़ जाती है।

### डॉक्टर से परमर्श करें

नाक, कान और गले से संबंधित रोग हो, उन्हें बदलते मौसम में अपना और भी ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ डॉ विजय चौरसिया के अनुसार, बदलते मौसम में शरीर को संक्रमण से बचाने के लिए शरीर को ठंडक से बचाना चाहिए। इस दौरान तेज एसी, कूलर या पंखे की तेज हवा में नहीं सोना चाहिए। यही नहीं खानपान का भी बहुत ध्यान रखना चाहिए। शरीर को उष्ण रखने के लिए गर्म तासीर वाले पदार्थों का सेवन संतुलित मात्रा में करें। दवाई युक्त पानी की भाप भी तब ही लें, जब सर्दी होने पर नाक ज्यादा बहे या उससे परेशानी हो। इस स्थिति में भाप लेने से आराम मिलता है।

## 21वें न्यिंग-ची पर्यटन संस्कृति महोत्सव का 31 मार्च को उद्घाटन



**बीजिंग,** 11 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के न्यिंग-ची शहर द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस से मिली खबर के अनुसार, 21वां न्यिंग-ची आड़ू फूल पर्यटन संस्कृति महोत्सव 31 मार्च को उद्घाटित होगा, जो एक माह तक चलेगा। बताया गया है कि मौजूदा आड़ू फूल महोत्सव के न्यिंग-ची शहर में प्रमुख स्थल और 7 काउंटियों में शाखा स्थल स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान आड़ू फूल सपनों की तलाश शीर्षक कार्निवल सहित तीन विषयगत गतिविधियों और वसंत में आड़ू फूल का भोज सहित 22 शाखा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, तिब्बती चिकित्सा अनुभव, स्व- ड्राइविंग शिविर, कला सह-निर्माण जैसे कई अनुभव गतिविधियों, आड़ू फूल संगीत सभा, आड़ू फूल परेड आदि स्थानीय विशेषताओं वाली गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। यह भी बताया गया है कि महोत्सव के दौरान, तिब्बत विशेषताओं और न्यिंग-ची विशेषताओं वाली सांस्कृतिक पर्यटन व्यावसायिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य न्यिंग-ची शहर के सांस्कृतिक और पर्यटन उद्योगों के विकास की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार करना है। आड़ू फूल महोत्सव के दौरान, भोजन, आवास, परिवहन, यात्रा, खरीदारी, मनोरंजन आदि पहलुओं में आगंतुकों की सेवा पूरी तरह से सुनिश्चित की जाएगी।

## श्रीजिता डे ने 'शैतानी रस्में' में 'डायन' का किरदार निभाने पर की खुलकर बात



**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। शैतानी रस्में में छाया डायन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस श्रीजिता डे ने शो में अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें सुपरनैचुरल किरदारों से गहरा लगाव है। अपनी भूमिका के बारे में बोलते हुए श्रीजिता ने कहा कि मैंने पहले एक चुड़ैल का किरदार निभाया, लेकिन यह पहली बार है कि मैं एक डायन का अवतार ले रही हूं। असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करने की क्षमता के कारण मुझे सुपरनैचुरल नाटकों से गहरा लगाव है। मेरा किरदार असाधारण रूप से मजबूत और 200 साल की उम्र वाली एक महिला का है, जिसकी शक्ति उसकी चोटी में होती है। उतरन फेम एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी उपस्थिति आकर्षण और मोहक है, जो उनकी मनमोहक सुंदरता के साथ उनके प्रभाव को बढ़ाती है।

## स्नो मैराथन में शाबीर ने पुरुष वर्ग और मैराथन धावक तेनजिन डोल्मा ने जीता खिताब



- मैराथन में नौ साल के बच्चे से लेकर 65 और 70 साल के बुजुर्गों ने भी भाग लिया
- 200 से अधिक धावक और सामान्य लोग भी मैराथन में हुए शामिल



**नई दिल्ली/हिमाचल,** 11 मार्च (देशबन्धु)। समुद्र तल से 14000 फुट की ऊंचाई पर स्थित लाहौल स्पीति के सिसू में 10 मार्च को आयोजित किया जाने वाला स्नो मैराथन अटल टनल के आसपास के इलाकों में भारी हिमपात होने और कुछ ही समय बाद बर्फ का तूफान आने के कारण मनाली से कुछ दूर स्थित जना फाल्स की बर्फीली पहाड़ियों में आयोजित किया गया।

आयोजन स्थल अंतिम समय में बदल जाने के बावजूद सेना , वायु सेना और नौसेना के जवानों , भारत स्काउट्स के सदस्यों और मैराथन धावकों के साथ ही बड़ी संख्या में भारत के विभिन्न हिस्सों तथा विदेशों से आए 200 से अधिक धावकों और सामान्य लोगों ने इस मैराथन में भाग लिया। मैराथन को कई वर्गों 42 किलोमीटर का फुल मैराथन, 10 किलोमीटर का हाफ मैराथन, 05 किलोमीटर और 01 किलोमीटर का फन मैराथन के रूप में आयोजित किया गया। फुल मैराथन के महिला वर्ग की विजेता वर्षों से रोड मैराथन में भाग लेने और जीत के झंडे गाड़ने वाली धावक मनाली की तेनजिन डोल्मा रहीं। वे पिछली दो स्नो मैराथन की भी विजेता रह चुकी हैं। महिला विजेता तेनजिन डोल्मा ने 04: 35: 13 का समय दर्ज कर फुल मेराथन जीती। पुरुष वर्ग के विजेता भारतीय सेना के शाबीर हुसैन रहे। शाबीर हुसैन ने 42 किलोमीटर की फुल मेराथन की दूरी 03:58: 21 समय में पूरी की। मैराथन की एक खास बात यह रही कि इसमें एक नौ साल के बच्चे से लेकर 65 और 70 साल के बुजुर्गों तक ने भी पूरी शिद्दत से भाग लिया। इस आयोजन के दौरान डॉग टेल यानी पालतू कुत्तों की स्नो मैराथन भी आयोजित की गई जिसके लिए देशभर से लोग अपने पालतू कुत्तों को लेकर आए। हिमाचल पर्यटन के सहयोग से आयोजित इस मैराथन का उद्देश्य लाहौल को विश्व टूरिस्ट और एडवेंचर मानचित्र पर लाना है । स्नो मैराथन का पहले पहल आयोजन रीच इंडिया नाम की संस्था ने वर्ष 2022 में शुरू किया। स्नो मैराथन के संस्थापक गौरव शिमर ने बताया कि बहुत कम समय में स्नो मेराथन ने देश के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैलेंडर में अपना नाम दर्ज कर लिया है। देश विदेश से जुटे 200 से भी अधिक मेराथनर्स इस बात का सूचक हैं कि लाहौल की बर्फीली पहाड़ियों में हर धावक स्नो मेराथन का अनुभव लेना चाहता है। इस वर्ष भारतीय नौसेना के 25 सेलर्स (नाविकों) के साथ भारतीय सेना के 15 लद्दाख स्काउट्स के जवानों ने भी स्नो मेराथन में शिरकत की।

## स्पेसएक्स ने 6 घंटे के अंदर 46 स्टारलिंक उपग्रहों को किया प्रक्षेपित

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। एलन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने सोमवार को छह घंटे के भीतर पृथ्वी की निचली कक्षा में 46 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। कंपनी ने



एक बयान में कहा, उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन में स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 (एसएलसी -40) से कंपनी के दो चरण वाले फाल्कन 9 रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया।

23 उपग्रहों का पहला सेट सोमवार सुबह 4:35 बजे (भारतीय समय) रवाना हुआ। कंपनी ने कहा कि यह इस मिशन का सपोर्ट करने वाले रॉकेट की 11वीं उड़ान थी। इसने पहले क्रू-5, जीपीएस 3 स्पेस व्हीकल 6, इनमारसैट आई6-एफ2, सीआरएस-28, इंटेलसैट जी-37, एनजी-20 और अब पांच स्टारलिंक उपग्रह प्रक्षेपित किए। उड़ान भरने के लगभग 8.5 मिनट बाद, फाल्कन 9 का पहला चरण पृथ्वी पर वापस आया और स्पेसएक्स ड्रोन जहाज ऊर्ध्वाधर लैंडिंग की। उपग्रहों के प्रक्षेपण के एक घंटे बाद स्पेसएक्स ने एक ट्वीट में कहा कि 23 स्टारलिंक उपग्रहों के सफल प्रक्षेपण की पुष्टि हो गई है। 23 स्टारलिंक उपग्रहों के दूसरा सेट का प्रक्षेपण सुबह 9:39 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ। पिछले हफ्ते, स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित किया था।

## ऑस्कर में 'नाटू नाटू' की झलक दिखाए जाने के बाद 'आरआरआर' फिर से करने लगा ट्रेंड



**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। स्टार जूनियर एनटीआर और राम चरण की आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने एक बार फिर से 96वें एकेडमी अवॉर्ड में अपनी जगह बनाई। गाने को सम्मान मिलने के साथ-साथ इसकी स्टेज पर परफॉर्मेंस भी की गई। सोमवार को 96वें अकादमी पुरस्कारों में आरआरआर को दो बार दिखाए जाने के तुरंत बाद, हैशटैग आरआरआर मूवी एक्स पर ट्रेंड करने लगा। फिल्म के आधिकारिक एक्स हैंडल ने क्लिप शेयर करते हुए लिखा, इस बात की खुशी है कि ऑस्कर में आरआरआर के गाने नाटू-नाटू को शामिल किया गया है। ऑस्कर में एस.एस. राजामौली द्वारा निर्देशित आरआरआर की पहली झलक दिखाई गई। इसमें राम चरण और जूनियर एनटीआर के एक्शन सीन को भी दिखाया गया है। 2023 में भी आरआरआर के गाने नाटू-नाटू को एकेडमी अवार्ड में शामिल किया गया था। आरआरआर एक तेलुगु भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसमें अजय देवगन, आलिया भट्ट, श्रिया सरन, समुथिरकानी, रे स्टीवेन्सन, एलिसन डूडी और ओलिविया मॉरिस भी हैं। फिल्म दो भारतीय क्रांतिकारियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम पर आधारित है, जिसमें ब्रिटिश राज के खिलाफ उनकी लड़ाई को दिखाया गया है।

## ऑस्कर पाकर बेहद गौरवांवित महसूस कर रहे हैं हॉलीवुड स्टार सिलियन मर्फी



**लॉस एंजेलिस,** 11 मार्च (एजेंसियां)। फिल्म ओपेनहाइमर में बेहतरीन अभिनय को लेकर हॉलीवुड स्टार सिलियन मर्फी ने ऑस्कर में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने कहा कि वह यह सम्मान पाकर बेहद गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। मर्फी ने फिल्म में परमाणु बम के जनक जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर की भूमिका निभाई है। इस सम्मान के लिए उन्होंने अकादमी और नोलन को धन्यवाद दिया। मर्फी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में आपने मुझे जो यात्रा कराई है, वह सबसे रोमांचक, उत्साहजनक और रचनात्मक रूप से संतोषजनक रही है। मैं उससे कहीं अधिक आपका आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा कि ओपेनहाइमर के हर एक कलाकार को बहुत-बहुत धन्यवाद, आप लोगों ने मुझे आगे बढ़ाया। मैं सचमुच आपका सम्मान करता हूं। एक्टर ने कहा कि मेरे दोनों लड़के यहां बैठे हैं, मैं उनसे बेहद प्यार करता हूं। आज यहां खड़े होकर मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। मैंने फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया है, जिसने परमाणु बम बनाया है।

### 200 से 250 ट्रक तरबूज हर रमजान में डकार जाते हैं कश्मीरी

# कश्मीरी इस बार कृत्रिम रूप से पके तरबूजों की चेतावनी से परेशान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 11 मार्च (देशबन्धु)। रमजान की शुरूआत से पहले कश्मीर में तरबूजों के प्रति जारी हुई एक चेतावनी से कश्मीरी परेशान हैं। उनकी परेशानी यह है कि रमजान में उनका सबसे प्रिय फल तरबूज अगर उनकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हुआ तो क्या होगा। यह सच है कि कश्मीरी 200 से 250 ट्रक तरबूज हर बार रमजान में डकार जाते हैं। ऐसे में उन्हें इसका विकल्प तलाशने में कामयाबी नहीं मिल पा रही है।



दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें चलनी आरंभ हुई हैं कि पवित्र महीने रमजान से पहले कश्मीर के बाजारों में कृत्रिम रूप से पकाए गए तरबूजों की बाढ़ आ गई है। इसकी शुरूआत क्लिनिकल आन्कोलाजिस्ट डा वजाहत द्वारा एक्स/ट्विटर पर पोस्ट किए गए संदेश से हुई थी जिसमें वे कहते थे कि यह तरबूज का मौसम नहीं है, इस रमजान में कृत्रिम रूप से पकाए गए तरबूज को ना कहें। खुद को रसायनों और बाद में कीमोथेरेपी से बचाएं।' हालांकि अब जम्मू कश्मीर के खाद्य सुरक्षा विभाग ने लोगों से बाजार में कृत्रिम रूप से पके फलों की आमद की खबरों के बीच न घबराने की अपील की है। यह सच है कि पवित्र महीने के दौरान, कश्मीर में फलों, विशेषकर तरबूज की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जाती है। हालांकि, बाजार में कृत्रिम रूप से पकाए गए फलों को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है। जम्मू कश्मीर ड्रग एंड फूड कंट्रोल आर्गनाइजेशन के डिप्टी कमिश्नर शगुफा जलाल कहते थे कि वे नियमित रूप से कश्मीर के सभी जिलों में बाजार की जांच कर रहे हैं ताकि यह जांचा जा सके कि कोई फल या सब्जी मिलावटी या दूषित तो नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। वे कहते थे कि इसलिए अगर इस बार तरबूज आया है, तो यह बेमौसम नहीं हो सकता है। यह उस राज्य में उगाया गया होगा जहां इसका मौसम शुरू हो गया है या फल नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोर में हो सकता है। खाद्य सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी मुश्ताक अहमद ने दावा किया कि दिसंबर 2023 के महीने में किए गए ताजे फलों और सब्जियों के निगरानी नमूनों में कोई नकारात्मक परिणाम नहीं दिखे। उनकी बात पर यकीन इसलिए करना पड़ता था क्योंकि पिछले तीन वर्षों से, जम्मू कश्मीर ने खाद्य सुरक्षा सूचकांक में शीर्ष स्थान हासिल किया है और केंद्र शासित प्रदेश श्रेणी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यह सच है कि कश्मीर में सिर्फ मीट ही नहीं बल्कि तरबूज और खजूर की खपत भी पिछले साल एक रिकार्ड बना चुकी है। सच में कश्मीरियों ने पिछली बार रमजान के पवित्र महीने में खजूर खाने में नया रिकार्ड कायम किया था। हालांकि वर्ष 2022 की तरह तरबूज की खपत प्रथम स्थान पर ही रही थी पर इस बार इसमें खजूर भी जुड़ गई थी। रिकार्ड के अनुसार, पिछले साल रमजान के दिनों में कश्मीरियों ने 150 ट्रक खजूर खा ली थी। और इस साल इनकी खपत 200 ट्रक से अधिक होने की है।

दरअसल हर साल रमजान के पवित्र महीने में तरबूज की बिक्री आम तौर पर बढ़ जाती है। पर पिछली बार कश्मीरियों को खजूर भी बहुत पसंद आई थी। पत्रकारों से बात करते हुए ड्राई फ्रूट एसोसिएशन के अध्यक्ष बहादुर खान ने बताया कि पिछले रमजान में करीब 150 ट्रक खजूर कश्मीर पहुंचे थे और इस बार इनका आना शुरू हो चुका है। कश्मीर में जो खजूर खाए जाते हैं उनमें ज्यादातर अजवा हैं।

## सीमेंट के साथ 'शिवशक्ति' की चुनौतीपूर्ण शूटिंग के लिए निक्की शर्मा को लगे दो दिन

**मुंबई,** 11 मार्च (एजेंसियां)। 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस निक्की शर्मा ने शो के सीमेंट वाले सीक्वेंस के बारे में बात की। उन्होंने इस दृश्य को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि इसे पूरा करने में पूरे दो दिन लगे। कहानी अर्जुन बिजलानी और निक्की द्वारा निभाए गए शिव और शक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों से जूझ रहे हैं। हाल के एपिसोड में, मंदिरा (परिणीता बोरठाकुर) ने एक बार फिर शिव के बेटे कार्तिक (आन तिवारी) को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। समय रहते शक्ति उनकी मदद के लिए आई। कार्तिक एक निर्माण स्थल पर गेंद का पीछा करते हुए खुद को खतरनाक स्थिति में पाते हैं, वह गीले सीमेंट से भरे गड्ढे में गिर जाते है।



यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्तिक को चोट न लगे, शक्ति बहादुरी से उसे बचाने के लिए कूदती है, और अंतत: कीचड़ में ढक जाती है। उसी के बारे में बात करते हुए निक्की ने कहा, 'सीमेंट के साथ शूटिंग करना बहुत कठिन था। भारी मात्रा में मेरी पीठ पर गिरने वाला लिक्विड मेरी सहनशक्ति की परीक्षा ले रहा था। पूरे दृश्य को शूट करने में दो दिन लग गए, जिसके परिणामस्वरूप शारीरिक रूप से कठिन अनुभव हुआ।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.05 प्रतिशत |
| बजाज फिन सर्व | 0.83 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.29 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.28 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.25 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.38 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.86 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.33 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.18 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## अडाणी ग्रीन एनर्जी का गुजरात नवीकरणीय ऊर्जा पार्क में 1,000 मेगावाट का संचालन शुरू

**अहमदाबाद,** 11 मार्च (एजेंसियां)। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने सोमवार को कहा कि उसने गुजरात के खावड़ा में 30,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पार्क में 1,000 मेगावाट सौर ऊर्जा की क्षमता का संचालन शुरू कर दिया है, जो इस तरह का सबसे तेज ग्रीनफील्ड सौर क्षमता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, एजीईएल ने 9,478 मेगावाट की परिचालन क्षमता हासिल कर ली है और 2030 तक 45,000 मेगावाट के लक्ष्य तक अपनी यात्रा जारी रखी है। एजीईएल ने खावड़ा आरई पार्क में काम शुरू करने के 12 महीने से भी कम समय में 1,000 मेगावाट की क्षमता हासिल कर ली। कंपनी ने कहा कि ये प्रगति 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य के प्रति एजीईएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। 30,000 मेगावाट का दुनिया का सबसे बड़ा



अगले 10 वर्षों में भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन में अनुमानित 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे : **गौतम अडाणी**

नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) संयंत्र 538 वर्ग किमी बंजर भूमि पर फैला है, जो पेरिस से पांच गुना बड़ा है। कंपनी ने कहा कि यह परियोजना अगले पांच वर्षों में पूरी होने की उम्मीद है और इससे 15,200 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। एजीईएल ने सोलर पैनलों पर धूल जमने को रोकने के लिए वाटरलेस क्लीनिंग रोबोट तैनात करने का फैसला किया है जिससे एनर्जी आउटपुट में वृद्धि हो। कंपनी ने कहा कि यह एजीईएल को संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 6 के अनुरूप जल तटस्थता को सक्षम करेगा। पिछले पांच वर्षों में अदाणी ग्रीन ने प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले भू-तकनीकी जांच, भूकंपीय अध्ययन, कैम्ब्रिज द्वारा एक सेंट्रीफ्यूज अध्ययन, संसाधन मूल्यांकन और भूमि अध्ययन, पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव व सोशल डियु डिलिजेंस व एक व्यवहार्यता अध्ययन करवाया।

- एजीईएल ने हासिल कर ली 9,478 मेगावाट की परिचालन क्षमता
- एजीईएल सतत विकास लक्ष्य 6 के अनुरूप जल तटस्थता को सक्षम करेगा

### गौतम अडाणी ने सीईओ क्रिस्टियानो अमोन से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अडाणी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने चिप निर्माता क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो अमोन से मुलाकात की। इस दौरान सेमीकंडक्टर, एआई और मोबिलिटी के क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की। एक्स पर एक पोस्ट में गौतम अडाणी ने कहा कि क्वालकॉम सीईओ और उनके लीडर्स के साथ यह एक शानदार बैठक थी। अडाणी समूह के संस्थापक ने कहा कि विभिन्न बाजारों में सेमीकंडक्टर्स, एआई, मोबिलिटी, एज अप्लायंसेज और बहुत कुछ के लिए उनके दृष्टिकोण को सुनना प्रेरणादायक है। गौतम अडाणी ने कहा कि उनकी योजनाओं और भारत की क्षमता के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में सुनना रोमांचक है।

## 28 मार्च से ट्रेड के दिन ही हो जाएगा सेटलमेंट

**नई दिल्ली**, 11 मार्च (एजेंसियां)। मार्केट रेगुलेटर सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच ने आज यानी 11 मार्च को टी+0 सेटलमेंट सेटलमेंट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत में 28 मार्च से टी+0 ट्रेड साइकल सेटलमेंट ऑप्शनल तौर पर शुरू हो जाएगा। टी+0 सेटलमेंट का मतलब सौदे का उसी दिन निपटारा यानी ट्रेड के दिन ही सेटलमेंट होता है।

गौरतलब है कि अभी भारत में टी+1 सेटलमेंट लागू है। इसके तहत जब आप शेयर बाज़ार में कोई चीज खरीदते या बेचते हैं, तो सब कुछ कंपलीट होने में एक दिन का समय लगता है। यानी अगर आपने आज शेयर खरीदा या बेचा है तो उसका सेटलमेंट कल तक होगा। लेकिन जब टी+0 सेटलमेंट लागू हो जाएगा तो सारा सेटलमेंट उसी ही दिन पूरा हो जाएगा।

माधवी पुरी बुच एम्फी के महिला फंड मैनेजरों को सम्मानित करने के लिए गईं थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि तत्काल निपटान ट्रेड साइकल भी 2025 तक पूरा हो जाएगा। इसके पूरा हो जाने के बाद से जैसे ही शेयरों की खरीदारी या बिक्री होगी, वैसे ही उसका सेटलमेंट भी हो जाएगा। सेबी चेयरमैन माधवी पुरी ने इस दौरान यह भी कहा कि मार्केट रेगुलेटर की तेजी का सबसे बड़ा कारण क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने की वजह से है। बता दें कि क्रिप्टोकरेंसी में सौदं का निपटान हर घंटे हो जाता है, जिससे निवेशक बिना रिस्क की परवाह किए उसकी ओर ज्यादा भागने लगे हैं। ऐसे में मार्केट रेगुलेटर पारदर्शिता के साथ भारतीय शेयर बाजारों को मजबूत और फास्ट करने में लगा हुआ है।

अभी तक पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में कम से कम टी+2 सेटलमेंट साइकल को फॉलो किया जाता है। लेकिन एशिया के दो देश ऐसे हैं जो इससे भी फास्ट हो चुके है। और वे हैं भारत और चीन। चीन इस समय ञ+0 सेटलमेंट साइकल को फॉलो कर रहा है जबकि भारत ञ+1। अगर भारत में टी+0 सेटलमेंट साइकल लागू हो जाती है तो यह सिर्फ चीन के बराबर पहुंच जाएगा।




- दुनिया का दूसरा देश होगा भारत
- अभी भारत में लागू है टी+1 सेटलमेंट

## खाद्य तेलों में टिकाव उड़द दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उड़द दाल महंगी हो गई।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा दो रिंगिट बढ़कर 4183 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट की बढ़त के साथ 46.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में उड़द दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष दालों में टिकाव रहा।

## दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक बना भारत

### एक दशक में मोबाइल फोन उत्पादन 20 लाख करोड़ रुपए के करीब

**नई दिल्ली,** 11 मार्च(एजेंसियां)। भारत एक दशक 2014-2024 में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक देश बनने के साथ ही करीब 20 लाख करोड़ रुपए के मोबाइल फोन भी बनाए है।

इस दस साल के दौरान मोबाइल फोन उत्पादन की वृद्धि को 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र में बेजोड़ सफलता की कहानी' बताते हुए उद्योग संघ सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा है कि यह क्षेत्र 2014 में 78 प्रतिशत आयात पर निर्भर होने से वर्तमान में 97 प्रतिशत आत्मनिर्भरता में बदल गया है। भारत में बिकने वाले कुल मोबाइल फोन का केवल 3 प्रतिशत अब आयात किया जाता है। भविष्य निर्यात वृद्धि पर आधारित होगा।

> उत्पादन, निर्यात व आत्मनिर्भरता में यह वृद्धि एक अनुकूल नीतिगत माहौल और उद्योग के बीच घनिष्ठ कामकाजी संबंधों से उपजी है : **आईसीईए**

उसने कहा कि उद्योग ने इस दस साल की अवधि में 20 लाख करोड़ रुपए के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसने दशक का समापन 19,45,100 करोड़ रुपये के संचयी उत्पादन के साथ किया। आईसीईए के अनुसार मात्रा के संदर्भ में भारत ने इस दस साल की अवधि के दौरान 2.45 अरब मोबाइल फोन का उत्पादन किया, जबकि लक्ष्य 2.5 अरब यूनिट का था। मोबाइल फोन का उत्पादन भी 2014-15 में 18,900 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2000 प्रतिशत की वृद्धि है। 2014-15 में, भारत से मोबाइल फोन का निर्यात मात्र 1,556 करोड़ रुपए था। उद्योग को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 का अंत 1,20,000 करोड़ रुपए के अनुमानित निर्यात के साथ होगा। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7500 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

### सार संक्षेप

### अश्विनी कुमार बने फियो के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग क्षेत्र की कंपनी विक्टर फोर्जिंग्स के अश्विनी कुमार को सोमवार को सर्वसम्मति से भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) के नया अध्यक्ष चुना गया। फियो ने यहां बताया कि कुमार जालंधर (पंजाब) के जाने-माने कारोबारी, उद्यमी और निर्यातक हैं, जो निर्यात के इंजीनियरिंग क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुमार फियो क्षेत्रीय अध्यक्ष (उत्तरी क्षेत्र) सहित देश के विभिन्न प्रसिद्ध संगठनों में और फियो की प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में कई प्रमुख पदों पर कार्य कर चुके हैं। कुमार ने जालंधर के विभिन्न मंचों का भी प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें फोकल प्वाइंट इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट सोसाइटी, मैनेजमेंट एसोसिएशन, बैडमिंटन एसोसिएशन, इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ एसएमई, दोआबा एयरपोर्ट एसोसिएशन शामिल हैं। वह के एल सहगल मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी भी हैं। फियो ने कहा है कि पंजाब में सरकार और कई संघों के भीतर विभिन्न भूमिकाओं से कुमार का व्यापक अनुभव, निस्संदेह देश के निर्यातक समुदाय के लिए सेवाओं को बढ़ाएगा।

### सेम्बकॉर्प को मिला विद्युत परियोजना का ठेका

**सिंगापुर।** सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी ग्रीन इंफ्राविंड एनर्जी लिमिटेड (जीआईडब्ल्यूईएल) को एसजेवीएन लिमिटेड से 440 मेगावाट इंटरस्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) से जुड़े पवन-सौर हाइब्रिड पावर प्रोजेक्ट का ठेका मिला है। सेम्बकॉर्प ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह बिल्ड-ओन-ऑपरेट प्रोजेक्ट सितंबर 2023 में एसजेवीएन द्वारा जारी 1.5 गीगावॉट बोली का हिस्सा है। बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के अधीन और बिजली उत्पादन 25 साल की दीर्घकालिक पीपीए के तहत एसजेवीएन को बेचा जाएगा। उम्मीद है कि परियोजना पीपीए पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 24 महीने के भीतर वाणिज्यिक संचालन के लिए तैयार हो जाएगी और इसे आंतरिक धन और ऋण के मिश्रण से वित्त पोषित किया जाएगा। नवंबर 2023 में आयोजित अपने निवेशक दिवस के बाद से सेम्बकॉर्प ने भारत में 1.4 गीगावॉट से अधिक ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं को अधिग्रहित करने की घोषणा की है।

### देश भर में अपने कार्यालयों को खाली कर दिया बायजू

**नई दिल्ली।** संकट में फंसी एडटेक कंपनी बायजू ने अपने सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा है। नकदी की कमी से जूझ रही कंपनी ने देश भर में अपने कार्यालयों को खाली कर दिया है। इस घटनाक्रम से परिचित लोगों ने सोमवार को आईएएनएस को बताया कि अपने 20 हजार से अधिक कर्मचारियों के लंबित वेतन का एक हिस्सा देने वाली कंपनी ने लीज समाप्त होने के कारण कार्यालयों को छोड़ दिया है। केवल बेंगलुरु स्थित मुख्यालय को अपने पास रखा है।

## ऊंचे भाव पर मुनाफा वसूली से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई** 11 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफा वसूली से आज शेयर बाजार में भारी गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 616.75 अंक का गोता लगाकर 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 73,502.64 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 160.90 अंक का गोता लगाकर 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.24 प्रतिशत उतरकर 39,758.94 अंक और स्मॉलकैप 2.01 प्रतिशत टूटकर 43,754.51 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4082 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3039 में बिकवाली जबकि 925 में लिवाली हुई वहीं 118 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियां लाल जबकि शेष 17 हरे निशान पर बंद हुई।

बीएसई में हेल्थकेयर समूह की 0.09 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर 19 समूहों में गिरावट रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.11, ऊर्जा 1.15, इंडस्ट्रियल्स 1.03, दूरसंचार 2.40, यूटिलिटीज 1.25, बैंकिंग 1.12, धातु 1.39, पावर 1.08 और रियल्टी समूह के शेयर 1.16 प्रतिशत कमजोर रहे।


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33, जर्मनी का डैक्स 0.65 और जापान का निक्केई 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.43 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.74 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक की बढ़त के साथ 74,175.93 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत 74,187.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई मुनाफावसूली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 73,433.91 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 74,119.39 अंक के मुकाबले 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर 73502.64 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 24 अंक बढ़कर 22,517.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,526.60 अंक के उच्चतम जबकि 22,307.25 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,493.55 अंक की तुलना में 0.72 प्रतिशत टूटकर 22,332.65 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 2.53, टाटा स्टील 2.38, एसबीआई 1.86, एचडीएफसी बैंक 1.33, एनटीपीसी 1.18, टाटा मोटर्स 1.09, इंफोसिस 1.08, एलटी 1.04, रिलायंस 0.91, आईसीआईसीआई बैंक 0.91, मारुति 0.85, एक्सिस बैंक 0.67, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.30, विप्रो 0.28 और एचसीएल टेक 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, नेस्ले इंडिया 2.05, बजाज फिन सर्व 0.83, बजाज फाइनेंस 0.29, टीसीएस 0.28, एशियन पेंट 0.25, अल्ट्रासिमको 0.18, भारती एयरटेल 0.06 और टेक महिंद्रा के शेयर 0.06 प्रतिशत के लाभ में रहे।




- सेंसेक्स मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 73,502.64 अंक पर रहा
- निफ्टी 160.90 अंक का गोता लगाकर 22,332.65 पर बंद

## ब्लैकसॉइल एनबीएफसी ने 100 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। वैकल्पिक क्रेडिट प्लेटफॉर्म ब्लैकसॉइल ग्रुप की प्रमुख शाखा ब्लैकसॉइल एनबीएफसी ने सोमवार को राइट्स इश्यू के माध्यम से अपने मौजूदा भारतीय निवेशकों और पारिवारिक कार्यालयों से 100 करोड़ रुपए की इक्विटी जुटाई।

ब्लैकसॉइल ने एक बयान में कहा कि इक्विटी निवेश से क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार होगा और उधार लेने की क्षमता बढ़ेगी। ब्लैकसॉइल के पोर्टफोलियो में आइडियाफोर्ज, अपस्टॉक्स, ब्लूस्टोन, ओयो, उड़ान, ज़ेटवर्क, स्पिनी, यात्रा, पर्पल और क्योरफूड्स जैसी विकास कंपनियों में निवेश शामिल है। यह नवीनतम फंडिंग राउंड आठ वर्षों के भीतर ब्लैकसॉइल एनबीएफसी के चौथे पूंजी निवेश का प्रतीक है। इससे इसकी कुल इक्विटी वृद्धि 250 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ब्लैकसॉइल के सह-संस्थापक और निदेशक अंकुर बंसल ने कहा कि यह फंडिंग हमें अपने विकास पथ में तेजी लाने और वैकल्पिक क्रेडिट क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने में सक्षम बनाएगी। इसके अतिरिक्त, फर्म ने उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों, बैंकों और अन्य एनबीएफसी से 1,700 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण हासिल किया है। इससे इसकी वित्तीय स्थिति और मजबूत हुई है।

इसने हाल ही में नई अर्थव्यवस्था के व्यवसायों को ऋण प्रदान कर सशक्त बनाने की अपनी योजना के एक भाग के रूप में सरलएससीएफ का अनावरण किया। सरलएससीएफ ने पहले ही 1,500 करोड़ रुपए से अधिक का वितरण किया है।




- ब्लैकसॉइल एनबीएफसी के चौथे पूंजी निवेश का प्रतीक है

## ब्रांड वेलकमहोटल ने दक्षिण भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाई

**नई दिल्ली**, 11 मार्च (एजेंसियां)। आईटीसी होटल्स ने नार्ने होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक प्रबंधन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दक्षिण भारत में वेलकमहोटल ब्रांड की मौजूदगी का और विस्तार होगा।

कर्नाटक के कोडागु जिले के पहाड़ी शहर मडिकेरी में स्थित एक प्रमुख परियोजना के रूप में वेलकमहोटल मडिकेरी दो रेस्तरां और बार, एक लाउंज और 1,300 वर्ग से अधिक क्षेत्र के बैठक स्थल के साथ रोमांचक भोजन और पेय विकल्प प्रदान करेगा।

यह संपत्ति मध्य मडिकेरी में प्राइम एमजी रोड पर स्थित है। पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला से घिरा मडिकेरी राजा की सीट के लिए जाना जाता है। यह 200 साल पुराना स्मारक है। यहां जंगलों और धान के खेतों के अलावा सूर्योदय और सूर्यास्त के मनोरम दृश्य देखने को मिलते हैं। यहां 17वीं सदी का मडिकेरी किला है, जिसके प्रवेशद्वार पर पत्थर के दो हाथियों की मूर्तियां हैं। पास में ही भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध ओंकारेश्वर मंदिर है।



- वेलकमहोटल मडिकेरी के साथ किया अनुबंध
- समृद्ध कोडवा संस्कृति को दर्शाता है मडिकेरी

## पहले से ज्यादा महिलाएं कर रहीं म्यूचुअल फंड में निवेश

### महिलाओं की हिस्सेदारी 2017 में 15.2 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 20.9 प्रतिशत हो गइ

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने कहा है कि टेक्नोलॉजी तक पहुंच बढ़ने से अधिक महिलाएं म्यूचुअल फंड में निवेश कर रही हैं। म्यूचुअल फंड की असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में महिलाओं की हिस्सेदारी 2017 में 15.2 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 20.9 प्रतिशत हो गई है।



एएमएफआई ने कहा, ये गति शहरों की तुलना में अंदरुनी इलाकों में अधिक है, बी-30 शहरों में महिलाओं के फोलियो और संपत्ति की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत और 17 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत हो गई है। महिला निवेशकों के आयु विश्लेषण से पता चलता है कि लगभग 50 प्रतिशत महिला निवेशक 25-44 वर्ष आयु वर्ग में आती हैं, जबकि व्यक्तिगत निवेशकों के कुल समूह में यह लगभग 45 प्रतिशत है। गोवा में म्यूचुअल फंड में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40 प्रतिशत है। इसके बाद पूर्वोत्तर राज्य 30 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, चंडीगढ़, महाराष्ट्र और नई दिल्ली में भी महिलाओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। अधिकांश महिलाएं म्यूचुअल फंड में एसआईपी से निवेश कर रही हैं और म्यूचुअल फंड वितरक के माध्यम से निवेश करने पर लंबे समय तक निवेशित रहती हैं।

> ये गति शहरों की तुलना में अंदरुनी इलाकों में अधिक है, बी-30 शहरों में महिलाओं के फोलियो और संपत्ति की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत और 17 प्रतिशत से बढ़कर 28 प्रतिशत हो गई:- एएमएफआई

महिला म्यूचुअल फंड वितरकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। दिसंबर 2023 तक 42,000 पंजीकरण के आंकड़े के करीब, एयूएम में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का प्रबंधन किया गया है।

# खेल जगत

## ऋषभ पंत खेल सकते हैं टी20 वर्ल्ड कप : जय शाह

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 से ऋषभ पंत की मैदान में वापसी लगभग तय है। इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पंत की भारतीय टीम में वापसी को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया है। इस खबर से भारतीय क्रिकेट फैंस काफी खुश हैं, लेकिन जय शाह की शर्त पंत के लिए एक बड़ी चुनौती होने वाली है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि ऋषभ पंत यूएसए और वेस्टइंडीज में होने वाली आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की टीम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन शर्त यह रहेगी कि वो विकेटकीपिंग की भी जिम्मेदारी निभा सकें। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर हैं और अब आईपीएल 2024 के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। पंत के बाहर होने के बाद ईशान किशन, संजू सैमसन और जितेश शर्मा भारत के लिए सबसे छोटे प्रारूप में विकेटकीपिंग विकल्प के रूप में उभरे हैं।



# दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया

## ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की

**क्राइस्टचर्च,** 11 मार्च (एजेंसियां)। एलेक्स कैरी के नाबाद 98 रन, और मिचेल मार्श की 80 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर दूसरे टेस्ट मैच में 77 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट से जूझ रही ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड पर तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

आज यहां टेस्ट मैच के चौथे दिन सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड 25 रन का विकेट गंवा दिया था और ऐसा लग रहा था कि यहां ऑस्ट्रेलिया की जीत मुश्किल होगी। लेकिन इसके बाद एलेक्स कैरी और मिचेल मार्श धैर्यपूर्ण शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए छठे विकेट लिये 140 रन जोड़े। मिचले मार्श ने 102 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए। उन्हें सीयर्स ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद सीयर्स ने मिचेल स्टार्क को शून्य पर आउट कर ऑस्ट्रेलिया को फिर से संकट में डाल दिया था। स्टार्क के जाने के बाद कप्तान जो रूट से मोर्चा संभाला और एलेक्स के 61 रन जोड़कर टीम को विजय दिलाई। एलेक्स ने 123 गेंदों में 25 चौकों की मदद से नाबाद 98 रनों की पारी खेली। वहीं जो रूट 32 रन पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 65 ओवर में सात विकेट पर 281 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। न्यूजीलैंड की ओर से बेन सीयर्स ने चार विकेट लिये। मैट हेनरी को दो विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में रचिन रविंद्र 82 रन, टॉम लेथम 73 रन, केन विलियमसन 51 रनों की अर्धशतकीय पारियों और स्कॉट कुग्गेलिन की 44 रनों की बदौलत 372 रन का स्कोर खड़ा कर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 279 रन का लक्ष्य दिया था।




पैट कमिंस ने चार विकेट लिये। नेथन लायन को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड और कैमरुप ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 77 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने के कप्तान पैट कमिंस के फैसले के सही साबित किया और उसने जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर समेट दिया।



मिचले मार्श ने 102 गेंदों में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 80 रन बनाए।



एलेक्स ने 123 गेंदों में 25 चौकों की मदद से नाबाद 98 रनों की पारी खेली।

सुबह के सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 84 रन अपने पांच विकेट गंवा दिये। हेजलवुड ने सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम 38 रन, विल यंग 14 रन बनाये और उन्होंने मिचेल स्टार्क ने आउट किया। केन विलियम्स 17 रन, राचिन रवींद्रन चार रन और डेरिल मिशेल चार रन को पवेलियन भेज दिया। टॉम ब्लंडेल 22 रन, ग्लेन फिलिप्स दो रन, मैट हेनरी 29 रन, कप्तान टिम साउदी 26 रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 45.2 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया जोश हेजलवुड को पांच विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये। पेट कमिंस और कैमरुन ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मीराबाई चानू के प्रस्ताव को खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी




ओलंपिक खेल

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने सोमवार को वेटलिफ्टर मीराबाई चानू के आगामी ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए पेरिस में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली चानू मौसम के अनुकूल होने और मेगा इवेंट की तैयारी के लिए अपने ओलंपिक कार्यक्रम से लगभग एक महीने पहले पेरिस जाएंगी। विज्ञप्ति में बताया गया है कि पेरिस प्रशिक्षण शिविर के दौरान मीराबाई के साथ दो कोच और एक फिजियोथेरेपिस्ट होंगे। उनके हवाई टिकट, वीजा लागत, आवास शुल्क, भोजन, प्रशिक्षण लागत, स्थानीय परिवहन लागत, चिकित्सा बीमा सहित अन्य खर्चों को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) फंडिंग के तहत कवर किया जाएगा । मंत्रालय ने दुनिया की नंबर 1 पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के लिए एक वीडियो विश्लेषक नियुक्त करने के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी। इसने आठ प्रतियोगिताओं में भाग लेने और अपने घोड़ों के लिए उपकरण खरीदने के घुड़सवारी खिलाड़ी अनुश अग्रवाल के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के दो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता के साथ-साथ उनके सहयोगी स्टाफ के लिए खर्च के अनुरोध को भी एमओसी द्वारा मंजूरी दे दी गई। एमओसी बैठक के दौरान मंजूरी मिलने वाले अन्य प्रस्तावों में ग्रां प्री, ऑस्ट्रिया में भाग लेने के लिए जुडोका अस्मिता डे को वित्तीय सहायता और निशानेबाज अर्जुन सिंह चीमा का आईएसएसएफ डॉर्टमुंड प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध शामिल था। इसके अलावा, वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा के फिजियोथेरेपिस्ट के अनुबंध के विस्तार और ट्रैक एथलीट अमोज जैकब के लिए उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी मिली है।

## निशांत देव पेरिस 2024 ओलंपिक कोटे से एक कदम दूर

**बुस्टो अर्सिजियो,** 11 मार्च (एजेंसियां) भारत के निशांत देव ने वर्ल्ड बॉक्सिंग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के 71 किग्रा भार वर्ग में यूनान के क्रिस्टोस कैराइटिस को प्री-क्वार्टरफाइनल में सर्वसम्मति निर्णय से 5-0 से हरा दिया। इस के साथ ही निशांत पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने से बस एक कदम दूर हैं। बाएं हाथ के भारतीय मुक्केबाज ने रविवार को खेले गये मुकाबले के पहले राउंड में आक्रामक रुख और रक्षात्मक खेल का शानदार मुजाहिरा किया। इसके बाद दूसरे राउंड में निशांत ने कैराइटिस को एक जोरदार पंच मारा जिससे प्रतिदंदी को स्टैंडिंग काउंट के लिए मजबूर कर दिया। एक स्टैंडिंग आठ काउंट जिसे प्रोटेक्शन काउंट के रूप में भी जाना जाता है।



यह मुक्केबाज़ी के दौरान एक रेफरी द्वारा की गई एक बॉक्सिंग निर्णय कॉल है। रेफरी आठ तक गिना (काउंट) करता है। उस समय के दौरान रेफरी तय करेगा कि बॉक्सर जारी रख सकता है या नहीं। अपनी बाउट के बाद निशांत ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने इस मुकाबले के लिए पूरी तैयारी की थी। मुझे आशा है कि मैं पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मैने अपनी टीम के साथ पूरे टूर्नामेंट के लिए तैयारी की थी।

## विदर्भ को सस्ते में समेटकर मुम्बई ने दूसरी पारी में बनायी मजबूत बढ़त

**मुम्बई,** 11 मार्च (एजेंसियां) धवल कुलकर्णी, शम्स मुलानी और तनुष कोटियान के तीन-तीन विकेटों की बदौलत मुम्बई ने विदर्भ को 105 रनों के मामूली स्कोर पर समेटने के बाद आज रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले की दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 141 के स्कोर के साथ 260 रनों की मजबूत बढ़त बना ली है। मुशीर खान नाबाद 51 रन और अजिंक्य रहाणे नाबाद 58 रन बनाकर क्रीज पर है। मुम्बई की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और उसने सातवें ओवर में पृथ्वी शॉ 11 रन का विकेट गंवा दिया। शॉ को ठाकुर ने बोल्ड आउट किया। भूपेन लालवानी भी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद मुशीर खान और अजिंक्या रहाणे ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 107 रनों जोड़ लिये है। इसी के साथ टीम की बढ़त 260 रन की हो गई। इससे पहले विदर्भ ने कल के 31 रन पर तीन विकेट से आगे खेलते हुए मात्र 74 रन जोड़ कर अपने सात विकेट गंवा दिये। अर्थव तायडे 23 रन , आदित्य ठाकरे 19 रन, यश राठौर 27 रन और यश ठाकुर 16 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं पहुंच सका। मुम्बई की ओर से धवल कुलकर्णी, शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने तीन-तीन विकेट लिये। शार्दुल ठाकुर को एक विकेट मिला। विदर्भ की पहली पारी 45.5 ओवर में 105 रन पर सिमट गई। विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विदर्भ अपने कप्तान अक्षय वड़कर के फैसले को सही साबित करते हुए मुंबई को 64.3 ओवर में 224 रन पर ढ़ेर कर दिया। मुम्बई की शुरुआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 81 रन जोड़े। यश ठाकुर ने भूपेन को 37 रन पर आउट कर विदर्भ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे ने पृथ्वी शॉ को 46 रन पर बोल्ड ऑउट कर पवेलियन भेज दिया।



## सार संक्षेप

### इंटरनेशनल रेसिंग चैम्पियनशिप के लिए होण्डा ने घोषित किये राइडर

**गुरुग्राम।** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने 2024 सीज़न के लिए सोमवार को अपने इंटरनेशनल रेसिंग स्क्वैड की घोषणा की। इंटरनेशनल रेसिंग सर्किट पर अपने कौशल के प्रदर्शन के लिए तैयार, आईडेमित्सु होण्डा रेसिंग इंडिया के चार राइडर, 2024 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी), थाईलैण्ड टैलेंट कप (टीटीसी) और एशिया टैलेंट कप (एटीसी) में एशिया के शीर्ष पायदान के प्रतिस्पर्धियों के साथ मुकाबला करेंगे। 2024 एआरआरसी सीज़न के एपी250सीसी क्लास के लिए एकमात्र भारतीय दल- आईडेमित्सु होण्डा रेसिंग इंडिया की टीम में प्रतिभाशाली युवा कवीन समार क्विंटल शामिल हैं, जो होण्डा इंडिया टैलेंट कप 2023 के मौजूदा चैम्पियन हैं। 2023 एआरआरसी में प्रतिस्पर्धा के बाद, वे 37 विश्वस्तरीय प्रतियोगितयों में 16वें स्थान पर हैं।

### सुरजीत5 एस महिला हॉकी गोल्ड कप-2024 का आयोजन पांच अप्रैल से

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर जिले में सुरजीत 5 एस महिला हॉकी गोल्ड कप-2024 का पहले संस्करण सुरजीत हॉकी सोसाइटी द्वारा पांच से सात अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। सुरजीत हॉकी सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने सोमवार को बताया कि उपायुक्त और सुरजीत हॉकी सोसाइटी के अध्यक्ष विशेष सारंगल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन के तहत फाइव-ए-साइड एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड, सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क, जालंधर (पंजाब) में आयोजित होने वाला यह एक दिन और रात का टूर्नामेंट है, जिसमें देश की आठ शीर्ष टीमें भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट 'लीग-कम-नॉकआउट' आधार पर खेला जायेगा।

### मैरी कॉम, करीना दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी का मैच देखती नजर आईं

**नई दिल्ली।** यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे महिला क्रिकेट कार्निवल में रविवार को अभिनेत्री-उद्यमी करीना कपूर खान और महान मुक्केबाज एम.सी. मैरी कॉम को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच रोमांचक मुकाबले का आनंद लेते देखा गया। करीना को सिक्का उछालने का सम्मान भी दिया गया, जिसके लिए पिच पर कदम रखते ही राजधानी की भारी भीड़ से उन्हें जोरदार तालियां मिलीं। प्यूमा की ब्रांड एंबेसेडर करीना और मैरी कॉम दोनों को खिलाड़ियों का उत्साहपूर्वक उत्साहवर्धन करते हुए और स्टैंड से मैच के हर पल का आनंद लेते हुए देखा गया।

## सेमीफाइनल में फोगाट की हुई शर्मनाक हार

**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को राष्ट्रीय कुश्ती ट्रायल में बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। 53 किलोग्राम वर्ग में रेसलर अंजू ने उन्हें 0-10 से मात दी है। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध का एक प्रमुख चेहरा थीं। अपने विरोध के कारण सुर्खियों में रहने वाली विनेश खेल में बुरी तरह फ्लॉप हुई है। सोमवार को पटियाला में ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय ट्रायल में 53 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में रेलवे की अंजू के खिलाफ उन्हें 0-10 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। अंजू को मुकाबला जीतने में सिर्फ 18 सेकंड लगे। दिलचस्प बात यह है कि विनेश 50 किग्रा में भी प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और उन्होंने सेमीफाइनल में निर्मला को 10-0 से हराया। इससे पहले कार्यक्रम स्थल पर खूब ड्रामा हुआ। यह पता चला है कि प्रतियोगिता में देरी तब हुई जब विनेश ने कथित तौर पर मांग की कि उन्हें 50 किग्रा और 53 किग्रा दोनों श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाय। लंबी चर्चा के बाद उनकी मांग के अनुरूप उन्हें प्रतिस्पर्धा के लिए हरी झंडी दे दी गई। वहीं रविवार को बजरंग पुनिया और रवि दहिया आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने-अपने मुकाबले हारकर पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए।



अंजू को मुकाबला जीतने में सिर्फ 18 सेकेंड लगे

## जामनगर खेल महोत्सव में शामिल हुई दिशा पाटनी

### फाइनल मैच ओखामंडल द्वारकेश एलेवन ने जीता



**जामनगर ( गुजरात ),** 11 मार्च (एजेंसियां)। जामनगर देवभूमि द्वारका एमपी खेल महोत्सव 2024 एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हो गया। इसे खेले-तखेले की भावना के साथ शुरू किया गया था। जामनगर-देवभूमि द्वारका सांसद खेल महोत्सव 2024 को लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया संकल्प को मूर्त रूप देता है। समापन समारोह में प्रसिद्ध लोक गायक जिगरदान गढ़वी और आरजे देवांग की मौजूदगी में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके अलावा इस समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी भी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थीं। समारोह के दौरान खेल महोत्सव का फाइनल क्रिकेट मैच भी ओखामंडल द्वारकेश एलेवन और राम एलेवन गाडू टीमों के बीच खेला गया। मैच आखिरी गेंद तक रोमांचक बना रहा और आखिरकार देवभूमि द्वारका जिले के ओखामंडल द्वारकेश एलेवन को रोमांचक जीत मिली। संसद खेल महोत्सव-2024 सांसद पूनमबेन मैडम की पहल है। इसे जामनगर लोकसभा क्षेत्र के लोगों से भारी प्रतिक्रिया मिली। विजेता टीम और उपविजेता को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और विजेता खिलाड़ियों को सांसद पूनमबेन मैडम द्वारा प्रमाण पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा जामनगर के लोगों का उत्साह बढ़ाने और मनोरंजन के लिए शानदार आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

■ संसद खेल महोत्सव-2024 सांसद पूनमबेन मैडम की पहल है

## इंग्लैंड को कुछ युवा तेज गेंदबाज ढूंढने होंगे : ज्योफ्री

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर ज्योफी बॉयकॉट ने कहा कि इंग्लैंड को जेम्स एंडरसन से आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि वे हमेशा भावनाओं के आधार पर एंडरसन को नहीं चुन सकते हैं। साथ ही उन्होंने टीम से 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया के लिए एशेज यात्रा के लिए युवा और तेज गेंदबाजों को खोजने का आग्रह किया है। 41 वर्षीय जेम्स एंडरसन ने धर्मशाला में भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन कुलदीप यादव को आउट करके 700 टेस्ट विकेट की उपलब्धि हासिल की और ऐसा करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए। वह अब टेस्ट में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में मुथैया मुरलीधरन और शेन वॉर्न के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

# धोनी के रिटायर होने पर रोहित करें चेन्नई की कप्तानी : रायडू



**नई दिल्ली,** 11 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल का आगामी सीजन 22 मार्च से खेला जाना है। इस बार दो भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों पर सबकी निगाहें होंगी। पहला नाम रोहित शर्मा का है, जो इस बार बतौर बल्लेबाज मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। जबकि दूसरा नाम एमएस धोनी का है, जिनका ये आखिरी सीजन हो सकता है। इस बीच रोहित शर्मा और एमएस धोनी को लेकर भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू के एक बयान ने फैंस के बीच हलचल तेज कर दी है। अंबाती रायडू ने कहा कि रोहित शर्मा को 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स में जाते देखना पसंद करेंगे। इतना ही नहीं वो चाहते हैं कि धोनी के रिटायर होने पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सीएसके का नेतृत्व करें। रोहित शर्मा 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व नहीं करेंगे। पांच बार के चैंपियन ने हार्दिक पांड्या को फ्रेंचाइजी का नया कप्तान नियुक्त किया है। रायडू ने न्यूज 24 को बताया कि रोहित अगले 5-6 साल तक और खेल सकते हैं। मैं उन्हें भविष्य में सीएसके के लिए खेलते देखना चाहता हूं। अगर उन्हें कप्तानी करनी है तो वह दुनिया में कहीं भी कर सकते हैं।



मैं उन्हें 2025 में सीएसके के लिए खेलते हुए देखना चाहता हूं और जब एमएस रिटायर होंगे, तो वह कप्तान के रूप में भी कार्यभार संभाल सकते हैं। रायडू ने यह भी कहा कि गुजरात टाइटन्स और एमआई के विपरीत सेटअप के कारण मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करना हार्दिक पांड्या के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। रोहित आईपीएल में 243 मैचों में 6211 रन बनाकर सर्वकालिक चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

